


रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-50 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़


### मांडविया ने रोजगार आंकड़ों पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में रोजगार आंकड़ों और विदेशी प्रवास के चलन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी मौजूद थीं। विदेश मंत्रालय (एमईए) और नीति आयोग के साथ विचार-विमर्श का उद्देश्य विदेशी रोजगार और घरेलू रोजगार सृजन दोनों के लिए समन्वय और डेटा एकीकरण को मजबूत करना था। इसके साथ ही, विदेशों में रोजगार के लिए भर्ती एजेंसियों और कौशल आवश्यकताओं पर निगरानी को बढ़ाना था।



### राजनाथ ने जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ बातचीत में रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। दोनों रक्षा मंत्रियों ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान हवाई और समुद्री अभ्यास सहित विभिन्न क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने लिखा, जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोन पर बात की। हमने हवाई और समुद्री अभ्यास सहित विभिन्न गतिविधियों में रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की। हमने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के उपायों तथा तरीकों पर चर्चा की।



### मोदी पर भरोसा जताया जनता ने : शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा जताया है। चौहान ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति श्रद्धा का प्रकटीकरण इस परिणाम से हुआ है। मोदी के नेतृत्व में जो ठोस काम हुआ है, उस पर जनता ने विश्वास जताया है। उन्होंने श्रीमद भगवद्गीता का एक श्लोक उद्धृत करते हुए कहा, कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि पर धर्म की विजय हुई है और अधर्म का नाश हुआ है।



# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस को मिला जनादेश

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। पिछले विधानसभा में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कांटे के सीधे मुकाबले में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पायी है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। कुछ समय पूर्व तक भाजपा से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ी जननायक जनता पार्टी इस बार खाता खोल भी नहीं पायी, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी को 10 सीटें मिली थी। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार कमल खिला है। उन्होंने राज्य में पार्टी की हैट्रिक का जिक्र किया। उन्होंने इसे संविधान की जीत भी बताया। जम्मू और कश्मीर व हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने हरियाणा की 90 सीटों में से 48 पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत हासिल की है। जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव की सभी 90 सीटों के नतीजे आ चुके हैं। सबसे ज्यादा जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटें जीती हैं। भाजपा ने 29 और कांग्रेस पार्टी महज 6 सीटें ही जीत पाई। महबूबा मुफ्ती की पार्टी ने तीन सीटें जीती हैं। आम आदमी पार्टी ने भी एक सीट जीती है। 7 सीटें निर्दलीयों के खाते में गई हैं। 90 सीटों वाले हरियाणा में मतदान 5 अक्टूबर को एक ही चरण में पूरा हुआ था, जिसमें अनुमानित 65 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। वहीं, 90 सीटों वाले ही जम्मू और कश्मीर में तीन चरणों में मतदान की प्रक्रिया हुई थी।



### जम्मू-कश्मीर के लोगों का आभार, हरियाणा में हार का करेंगे आकलन : मल्लिकार्जुन खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह को मिली जीत के लिए वहां के लोगों का आभार जताया है लेकिन हरियाणा में पार्टी की हार को अप्रत्याशित बताते हुए कहा है कि हार के कारणों का आकलन किया जाएगा। खरगे ने यहां जारी बयान में कहा,'जम्मू-कश्मीर के लोगों को कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ़्रेन्स गठबंधन को सेवा का मौक़ा देने के लिए हृदय से धन्यवाद। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष एवं गठबंधन सरकार के मुखिया उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई। उन्होने कहा, यह जनमत जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के ख़िलाफ़दिया है। हमारी गठबंधन सरकार आपकी आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगी। आपकी ख़ुशहाली और संवैधानिक हकों की रक्षा के लिए इंडिया समूह पूरी तरह संकल्पित है।' खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित बताया और कहा, 'हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इस जनमत का आकलन कर रही है। हमारे ज़मीनी कार्यकर्ताओं से बात कर, पूरी जानकारी हासिल करने और तथ्यों को जाँच लेने के बाद पार्टी की तरफ़से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी।



# छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास व निवेश के प्रस्तावों पर केन्द्रीय मंत्री से सीएम साय ने की चर्चा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। बैठक में राज्य के औद्योगिक कॉरिडोर, अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी देने का आश्वासन दिया है, जिससे राज्य को एक नई दिशा मिलेगी। बैठक का मुख्य मुददा छत्तीसगढ़ के औद्योगिक कॉरिडोर का विकास था। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से अनुरोध किया कि कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रस्ताव पर कहा कि इसे जल्द कार्यान्वित किये जाने का आश्वासन दिया. उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया रायपुर के पुराने टर्मिनल का उपयोग इस सुविधा के लिए किया जा सकता है, जिससे निर्यात में आसानी होगी। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द मंजूरी देने का आश्वासन दिया। यह सुविधा राज्य के उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगी। बैठक में एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) सर्टिफिकेशन कार्यालय की स्थापना का मुददा भी उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यालय की स्थापना से छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादों को वैश्विक मान्यता मिलेगी, जिससे किसानों और उद्योगपतियों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर कहा कि भारत सरकार इस पर हर संभव मदद करेगा। बैठक में रायपुर स्थित कॉनकोर कंटेनर डिपो की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्तमान में डिपो की कुल क्षमता का केवल 15% उपयोग हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि अधिक शिपिंग लाइनों को जोड़ा जाए, जिससे निर्यात लागत में कमी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



# रायपुर पुलिस ने जब्त की 928 किलो चांदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एंटी क्राइम और साइबर यूनिट टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अशोक ले-लैण्ड वाहन से करीब 928 किलो चांदी जब्त की, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई मौदहापारा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान की गई। वाहन चालक के पास चांदी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिसके बाद जीएसटी विभाग को सूचित किया गया और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के निर्देशानुसार नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के तहत एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की टीम ने अशोक ले-लैण्ड वाहन (क्रमांक सीजी/04/पीव्ही/9088) को जांच के लिए रोका। वाहन में सवार व्यक्ति की पहचान सन्नी कुमार सिंह, निवासी डी.डी.नगर, रायपुर के रूप में हुई। जांच के दौरान वाहन में 51 कार्टूनों में करीब 928 किलोग्राम चांदी पाई गई।



### राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए नयी ऊंचाई हासिल करेगी वायु सेना : जनरल चौहान

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने उम्मीद जतायी है कि वायु सेना देश के हितों की रक्षा करते हुए साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के मूल्यों को कायम रखकर नई ऊंचाइयों को हासिल करेगी। जनरल चौहान ने मंगलवार को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर सभी वायु योद्धाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, 1932 में अपनी स्थापना के बाद से वायु सेना वीरता, उत्कृष्टता और राष्ट्रीय गौरव के उदाहरण के रूप में उभरी है। वायु योद्धाओं ने युद्धों और मानवीय अभियानों में निर्णायक योगदान देकर भारत के आसमान की रक्षा की है। उनकी निस्वार्थ सेवा, सटीकता और बहादुरी विस्मय को प्रेरित करती है, और उनके अटूट समर्पण और अद्वितीय सेवा के प्रमाण के रूप में खड़ी है। आज हम इस विरासत का सम्मान करते हैं और इसे स्वीकार करते हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा, हमने राफेल जेट और अपाचे हेलीकॉप्टर जैसे अत्याधुनिक प्लेटफार्मों को शामिल करके अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आत्मनिर्भरता पर वायु सेना के फोकस के कारण हल्के लड़ाकू विमान तेजस और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड का सफल विकास हुआ है, जो स्वदेशी नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### भू-माफिया को बेची मंदिर की जमीन राजस्व मंत्री ने दिए कार्रवाई के आदेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने राजधानी के चंगोराभांठा स्थित मंदिर को दान में दी गई भूमि को कूटरचना कर भू-माफिया को बेचने के मामले में एक सप्ताह के भीतर जांच कर कलेक्टर रायपुर को प्रविवेदन प्रस्तुत करने तथा नियमानुसार दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री के समक्ष डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 68 के चंगोराभांठा महादेव तालाब पर स्थित सीरवेश्वर नाथ महादेव मंदिर व उसकी 4.40 एकड़ जमीन भूमाफिया को नियम विरूद्ध बेचने और अवैध प्लाटिंग से संबंधित प्रकरण पर कार्रवाई के लिए क्षेत्र के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यह भूमि पटवारी हल्का नं. 105 खसरा नं. 84 तहसील जिला-रायपुर में स्थित है। यह भूमि रिंगरोड पर श्याम पेट्रोल पंप के पीछे व अभिनंदन पैलेस के बाजू की है। गौरतलब है कि महादेव तालाब के किनारे जमींदार गोविंदधर ने महादेव तालाब के किनारे 11 एकड़ जमीन (पांच एकड़ कृषि के लिए, साढे चार एकड़ तालाब के लिए तथा डेढ एकड़ तालाब के चारों ओर आने जाने का मार्ग) ग्राम समाज को मंदिर के लिए दान में दी गई थी। भू-स्वामी गोविंदधर की वर्ष 1976 में मौत के बाद मंदिर के सेवक जयलालपुरी वल्द नरोत्तम पुरी ने कूटरचना कर स्वयं को मंदिर तथा मंदिर से लगी जमीन का सर्वराकार बना लिया।








## सात दिनों में कलेक्टर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

# परिसीमन-आरक्षण की कार्यवाही समय में करें : निर्वाचन आयुक्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर नवा रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय में बैठक आयोजित की। यह बैठक राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को सुचारू और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए तैयारियों का मूल्यांकन करना था। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। बैठक में नगरपालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों (न.पा.नि. राजनांदगांव, न.पा.परि. कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा, तखतपुर) में न्यायालय के स्थगन होने के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त होने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 तथा भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों हेतु किराये का दर के निर्धारण, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आगामी आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरे तथा वाहन किराये पर लेने हेतु वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गये प्रस्तावों जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके। आयुक्त ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस. आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।



# कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र पर 5 लाख किवंटल धान बीते 8 माह से खुले में सुखने से सरकार को करोड़ों का नुकसान

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अधिकारियो की लापरवाही के चलते पिछले 8 माह से कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र का एक भी दाना धान का उठाव नही हो रहा है। मतलब 5 लाख किवंटल से अधिक धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिसकी चिंता भी विभागीय अधिकारी को नही है। जबकि खुले आसमान के नीचे धान होने पर दिनों-दिन सूखने का प्रतिशत काफी ज्यादा बढ़ रहा है और यह सूखते देख कर्मचारियों अनुसार 2 से ढाई प्रतिशत सूखने का अनुमान है और इस अनुमान के हिसाब से सरकार को वर्तमान में 3 करोड़ 87 लाख 50 हजार का नुकसान उठाना होगा। जबकि जानकार दोगुना राशि की हानि पहुंचाने की बात कही जा रही है, बावजूद इसके विभाग प्रमुख के कानों में जूं तक नही रेंग रहा है, क्योंकि आज भी धान का उठाव के लिए कोई पहल नही हुआ है। मतलब अधिकारी सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। जानकारी अनुसार



कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र पर 20 फरवरी से धान का आवक बंद हो गया और तब से कभी मार्च तक उठाव होने का आश्वासन देते रहें तो भी मई का भरोसा दिलाते रहे। मगर अफसोस की बात है कि धान की आवक खत्म होने के बाद से एक कट्टा धान का उठाव नही हुआ है। नतीजा 40 किलो धान बोरी वर्तमान में 38 किलो बताते हैं मतलब प्रति बोरी के पीछे सरकार को 2 किलो की नुकसान झेलनी होगी लेकिन इसका जिम्मेदार पर कोई असर नही पड़ रहा है तभी खुले आसमान के नीचे धान का ढेर लगा हुआ है। ऐसे में आने वाले दिनों और भी अधिक सूखती आने की पूरी संभावना बन रही है। सबसे खास बात तो यह की जब धान की आवक खत्म हो जाती हैं तब कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र से धान का उठाव चालू हो जाता है। लेकिन अब तक कारण स्पष्ट नही हो रहा है कि आखिरकार किस कारण से धान का उठाव नही हो पा रहा है। कभी एसबीआई द्वारा चावल जमा की बहनाबाजी करते हैं और दूसरा कारण बताकर टालमटोल करते नजर आ रहे हैं।

### हर सप्ताह लेटरबाजी

कुंडेलभांटा प्रमूख दीपक कन्नौजे द्वारा लगातार धान उठाव के लिए पत्राचार किया जा रहा है। बताते हैं कि हर सप्ताह विभाग को पत्र लिखकर धान का उठाव के लिए गुहार लगाया जाता है मगर कार्यालय से वहीं रटे रूटा जवाब ही प्राप्त होता है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभागीय अफसर धान उठाव को लेकर कितने गंभीर है जिसे देख वर्तमान में धान उठाव करने की उम्मीद भी धीरे धीरे खत्म हो रही है। ऐसे आगमी माह से धान खरीदी की संभावना है और खरीदी केंद्रों से अगर धान कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र पहुंचा तो काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा, जिससे लगभग सभी अधिकारी भली भांति अवगत हैं, फिर भी उठाव को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। शायद यही वजह है कि कुंडेलभांटा प्रबंधन की धड़कने बढ़ी हुई है तभी पत्राचार के माध्यम से उठाव के लिए लागातार गुहार लगाया जा रहा है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं नही रेंग रहा है।

### पालथिन के साहारे है धान

कुंडेल भांटा संग्रहण केन्द्र पर वर्तमान में लाखों किवंटल धान को एक लेयर पालीथिन से ढाका गया मतलब वह एक लेयर पालीथिन ने पिछले 8 माह से धान को बचाया है अब देखना यह है की वह पालीथिन कितने दिनों तक लाखो किवंटल धान को सुरक्षित रख सकता है हालांकि कथित तौर पर समय समय मे पालीथिन बदलने की बात कही जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और नजर आती हैं।

# क्रोध से बढ़ता है मानसिक तनाव : भगवान भाई

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



क्षणिक क्रोध या आवेश मनुष्य को कभी न सुधरने वाली भूल कर बैठता है। क्रोध से मानसिक तनाव बढ़ता है। क्रोध से मनुष्य का विवेक नष्ट होता है। क्रोध मुर्खता से शुरू होता और कई वर्षो के बाद के पश्चाताप से समाप्त होता है। क्रोध के कारण मनोबल और आत्मबल कमजोर हो जाता है। क्रोध ही अपराधो के मूल कारण बन जाते है। शारीरिक, मानसिक और बौध्दिक स्वस्थ के लिए क्रोध मुक्त बनना जरुरी है। क्रोध से ही आपस में सम्बधो में कडवाह्ट आती है। उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए बी के भगवान भाई ने कहे।

वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र में खुशहाल जीवन हेतु क्रोध मुक्त विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि मन में चलने वाले नकारात्मक विचार, शंका, कुशंका, ईर्ष्या, घृणा, नफरत अभिमान के कारण ही की उत्पति होती है। क्रोध से दिमाग गरम हो जाता है जिससे दिमाग में विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थ उतरते है और इससे ही मानसिक बीमारियां, शरीर की अनेक बिमारिया हो जाती है जीवन में रूखापन आता है। मन मुटाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की क्रोध से घर का वातावरण ख़राब हो जाता है और पानी के मटके भी सुख जाते है। जहां क्रोध है वहा बरकत नही हो सकती है। इसलिए वर्तमान में क्रोध मुक्त बनाना जरुरी है। क्रोध करने से ही अनिद्रा, अशांति जीवन में आती है तनाव बढ़ता है जिससे व्यक्ति नशा व्यसनों के अधिन हो जाता है। उन्होंने क्रोध मुक्ति बनने के उपाय बताते हुए कहा कि सकारात्मक चिंतन से ही हम सहनशील बन क्रोध मुक्त बन सकते है। सकारात्मक चिन्तन से हमारा मनोबल को मजबूत बन सकता हैं। सकारात्मक चिन्तन द्वारा ही हम क्रोध मुक्त और तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। सकारात्मक चिंतन से सहनशीलता आती जिससे कई समस्याओं का समाधान हो जाता है। भगवान भाई ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान को सकारात्मक विचारों का स्त्रोत बताते हुए कहा कि वर्तमान में हमे आध्यात्मिकता को जानने की जरुरी है आध्यात्मिकता की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा स्वयं को यर्थात जानना, पिता परमात्मा को जानना, अपने जीवन का असली उद्देश्य को और कर्तव्य को जानना ही आध्यात्मिकता है। आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा सकारात्मक विचार मिलते है जिससे हम अपने आत्मबल से अपना मनोबल बढ़ा सकते है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका बी के मंजू बहन ने राजयोग की विधि बताते हुआ कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं।

# जालंधर में हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, पांच पिस्तौल जब्त

एजेंसी ◄ जालंधर
www.dailypioneer.com


पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है, इसके सरगना को गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल भी बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ ??जियोना निवासी गांव मंडयाला, थाना लोहियां, जिला जालंधर के रूप में हुई है। उन्होने बताया कि दो अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि लांबड़ा क्षेत्र में अवैध हथियारों की खेप पहुंचाई जा रही है। इसके बाद सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण के प्रभारी इंस्पेक्टर पुष्प बाली ने एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम को पुआरा पुली क्षेत्र में गश्त के दौरान स्थानीय मुखबिर से सूचना मिली कि सुनील कुमार अवैध हथियारों के साथ अड्डा निझारन में मौजूद है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मौके पर ही सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान सुनील कुमार के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जबकि उसके किट बैग से तीन अतिरिक्त पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस मिले। कुल मिलाकर पुलिस ने पांच पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद किए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील कुमार मध्य प्रदेश से पंजाब में हथियारों की तस्करी में शामिल रहा है। हाल ही में ड्रग तस्करी के एक मामले में जमानत पर रिहा हुए आरोपी का आपराधिक गतिविधियों में लंबा इतिहास रहा है, जिसमें हथियार और ड्रग से जुड़े अपराध शामिल हैं।

# मानवाधिकार विषय पर एनएचआरसी का दो दिवसीय आवासीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम तमिलनाडु पुलिस के सहयोग से संपन्न

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों सहित अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इस श्रृंखला में, आयोग ने 3-4 अक्टूबर, 2024 को कोयंबटूर में तमिलनाडु और कर्नाटक पुलिस अधिकारियों के लिए दो दिवसीय आवासीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम, तमिलनाडु पुलिस के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में उद्घाटन और समापन सत्रों के अलावा, मानवाधिकार और पुलिस के विभिन्न पहलुओं पर सात तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक के अधिकारियों सहित लगभग 45 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। 3 अक्टूबर, 2024 को भारत में एनएचआरसी के महानिदेशक (आई), अजय भटनागर ने तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक शंकर जीवाल, कर्नाटक के अतिरिक्त महानिदेशक देवज्योति रॉय और एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्यों द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की तुलना में निवारक कार्रवाई की




अवधारणा को प्राथमिकता देनी चाहिए। यह विचार पुलिस कार्य प्रणाली के सभी पहलुओं में समाहित होना चाहिए। तमिलनाडु के डीजीपी शंकर जीवाल ने कोयंबटूर में क्षेत्रीय स्तर पर, क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की अभिनव अवधारणा की प्रशंसा की और इस आयोजन के लिए एनएचआरसी का आभार व्यक्त किया। मानव अधिकार और नैतिक दुविधाएं - एक पेशेवर का दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित पहले सत्र में अजय भटनागर ने कानून प्रवर्तन के ढांचे के भीतर मानवाधिकारों को बनाए रखने के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को संतुलित करने में अधिकारियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में, तमिलनाडु राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति वी. कन्नदासन ने 'मानवाधिकार और पुलिस अधिकारियों की भूमिका' के बारे में बात की। उन्होंने झूठी शिकायतों और न्याय सुनिश्चित करने में न्यायिक सक्रियता के महत्व सहित कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह ने तीसरे सत्र में 'पुलिस और उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण मामलों से सम्बंधित एनएचआरसी द्वारा जारी किए गए विभिन्न दिशा-निर्देशों' के बारे में बात की। उन्होंने उन प्रमुख क्षेत्रों के बारे में बताया जहां आयोग ने पुलिस कार्य प्रणाली में सुधार के लिए निर्देश जारी किए हैं। इन मामलों में जांच के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन, हिरासत में कैदी के साथ हिंसा और कानून प्रवर्तन में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया है। कर्नाटक के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक देवज्योति रे ने पहले दिन के चौथे सत्र में 'कर्नाटक में मानवाधिकार शिकायत निवारण प्रणाली के बुनियादी ढांचे' पर बात की। उन्होंने शिकायत पंजीकरण के लिए कर्नाटक राज्य मानवाधिकार आयोग (केएसएचआरसी) के अभिनव दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐप-आधारित प्रणाली और वेब-आधारित प्लेटफॉर्म की सुविधा से नागरिक आसानी से मानवाधिकार उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। दूसरे दिन, भारत में एनएचआरसी महासचिव भरत लाल ने पहले सत्र में 'मानवाधिकार ढांचे के विकास' के बारे में बात की। उन्होंने न्याय प्रदान करने और सभी के खासकर, सबसे कमजोर लोगों के मानवाधिकारों को बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि महानता का मतलब दूसरों के कल्याण को प्राथमिकता देना है।

# केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ में रिक्शा और ठेला चालकों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने श्रमिक भाइयों, खासकर रिक्शा और ठेला चालकों के साथ समय बिताया। डिब्रूगढ़ एलएससी के सांसद ने यहां श्रमिक भाइयों के साथ बातचीत की और पूरी सब्जी का भी लुत्फ उठाया। सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार का उद्देश्य अंत्योदय दर्शन की मदद से समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त और सक्षम बनाना है जो सभी के लिए सम्मान के साथ समान विकास सुनिश्चित करता है। आपकी कड़ी मेहनत ने हमेशा स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में मदद की है। दुर्गा पूजा के इस खूबसूरत माहौल में आज आप सभी से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे आपके साथ पूरी-सब्जी खाना अच्छा लगा क्योंकि इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो गईं।



# रक्षा मंत्री और उनके जर्मन समकक्ष की टेलीफोन पर बातचीत, रक्षा उद्योग में सहयोग और आपूर्ति श्रृंखला की व्यवस्था को अनुकूल और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने वायु और समुद्री क्षेत्रों में अभ्यास सहित रक्षा सहयोग की विभिन्न गतिविधियों की संक्षेप में समीक्षा की। बातचीत के दौरान मंत्रियों ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने तथा आपूर्ति श्रृंखला की व्यवस्था को अनुकूल और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने निकट भविष्य में मुलाकात की भी योजना बनाई ताकि रक्षा संबंधों और संयुक्त परियोजनाओं को ठोस स्वरूप दिया जा सके। इसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सहयोग को भारत-जर्मनी द्विपक्षीय संबंधों के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में बदलना है।

# सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून ने 83वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) ने बड़े गौरव के साथ वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 83वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान इसकी उपलब्धियों और निरंतर विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख (अनुसंधान और विकास) चंद्रशेखर एन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और लुम्मस टेक्नोलॉजी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रामा राव मर्री विशिष्ट अतिथि थे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जो ज्ञान के आलोक और शुभारंभ का प्रतीक है। अपने उद्घाटन भाषण में सीएसआईआर-आईआईपी के निदेशक डॉ. एचएस बिष्ट ने स्वतंत्रता की शतवार्षिकी मनाने के करीब पहुंचने के साथ ही भारत में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसे अभिनव समाधानों की आवश्यकता पर भी जोर दिया जो दीर्घकालिक रूप से भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर एन ने कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संसाधनों का मिलकर उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने नवाचार और ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए सार्थक बदलाव लाने में अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत के बीच साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया जो टिकाऊ हों। मुख्य अतिथि रामा राव मर्री ने भारत की विकास पहलों के लिए भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) और लुम्मस के संभावित सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उन प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर दिया जिससे स्वच्छ भारत और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) पहलों का संबंध है। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रदूषण के निपटारे, अकार्बनीकरण से जुड़ी रणनीतियों को लागू करने तथा जैव ईंधन उत्पादन और जैव-पेट्रो रसायन उत्पादों सहित हरित प्रौद्योगिकियों के विकास के उन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जिन पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। समारोह में सीएसआईआर में 25 वर्षों की समर्पित सेवा देने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ 30 सितंबर, 2023 और 31 अगस्त, 2024 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।



# भारतीय वायु सेना ने वायु शक्ति और आत्मनिर्भरता संकल्प का प्रदर्शन किया, चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन पर अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाई

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की 92वीं वर्षगांठ का भव्य समारोह मनाया गया। इस दौरान शानदार रस्मी परेड हुई, वायु शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया गया और अत्याधुनिक उपकरणों का शानदार प्रदर्शन हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई, जबकि वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना के तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और विश्व में चल रहे संघर्षों से यह स्पष्ट है कि देश में मजबूत और सक्षम वायुसेना की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि नवीनतम तकनीक को अपनाने के साथ-साथ अभिनव और लीक से हटकर सोचने की क्षमता वर्तमान बहुमुखी वातावरण में निर्णायक भूमिका निभाएगी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वायुसेना दिवस 2024 की थीम 'भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' भारतीय वायुसेना की आकांक्षाओं को पूरी तरह से व्यक्त करती है। उन्होंने यह भी कहा कि, पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और हमने रक्षा प्रणालियों और हथियारों के अधिकाधिक उपयोग के नए स्तर हासिल किए हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है। मेक इन इंडिया पहल के सहयोग के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्ट-अप, व्यक्तिगत नवोन्मेषकों, पेशेवरों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और शिक्षाविदों को शामिल करके ठोस कदम उठाए गए हैं। वायुसेना प्रमुख ने वायुसेना दिवस को वायु योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में स्वयं को पुनः समर्पित करने, पिछले वर्ष के कामकाज का आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का उत्सव मनाने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान और वर्तमान तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को तैयार करने का अवसर बताया।

# चौथे दिन शबरी प्रसंग, बालिवध की हुई भव्य लीला, आरती में शामिल हुए धार्मिक संस्थान

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा में 105 वर्ष का मंचन जारी है जिसके चौथे दिन की लीला में मार्मिक शबरी प्रसंग, मनमोहक राम सुग्रीव मित्रता की लीला एवं बालिवध की शानदार लीला के साथ हनुमान जी के लंका जाने के लिए उड़ने तक की लीला का शानदार एवं भव्य मंजन किया गया। जिसमें काफी ज्यादा दर्शकों की भीड़ जुटी जिनके तालिया ने कलाकारों का मनोबल बढ़ाया एवं भव्य प्रस्तुतियों की सराहना की।

शबरी के रोल में आयुष तिवारी ने शानदार अभिनय किया वही लव शर्मा ने हनुमान जी के पाठ के जोशीले अभिनय ने लोगों में उत्साह भरा, बाली सुग्रीव के रोल में सागर जायसवाल एवं काव्यांश शर्मा नजर आए। साथ ही अन्य किरदारों ने चौथे दिन की लीला प्रस्तुति में अपने कला की छटा बिखेरते हुए रंग भरा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली के चौथे दिन के मंचन पर भगवान श्रीराम की आरती में भाटापारा शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें जय भोले कांवरिया संघ, संगीतमय सुंदरकांड समिति, यज्ञ आयोजन समिति, श्री पंचमुखी सुंदरकांड समिति एवं रामाश्रय परिवार शामिल रहे। मोहन केसरवानी ने इस अवसर पर आयोजन कर्ताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। रविंद्र शर्मा ने यज्ञ आयोजन समिति की तरफ से 11000 रुपये की सहयोग राशि प्रतिवर्ष आदर्श रामलीला नाटक मंडली को देने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में रवि गुप्ता ने कलाकारों के पालकों को बहुत-बहुत बधाई दी शुभकामनाएं दी। आभार व्यक्त किया कि वह लोग अपने बच्चों को रामलीला तीन से चार महीने पहले से भेजते हैं जिससे यह मंचन सफल हो पता है। इस अवसर पर रामलीला नाटक मंडली के संरक्षक मंडल के सदस्य सत्यनारायण जी जोशी सहित अशोक तिवारी भी उपस्थित थे। बाद में रामलीला में कार्य करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

# साइबर सुरक्षा कार्यशाला भारत में वर्तमान साइबर सुरक्षा परिदृश्य और ई-ऑफिस, भविष्य और सीपीजीआरएएमएस के लिए साइबर सुरक्षा पर पैनल चर्चा

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने सिविल सेवा अधिकारी संस्थान (सीएसओआई), विनय मार्ग, नई दिल्ली में साइबर सुरक्षा पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। यह पहल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-आईएन) द्वारा साइबर स्वच्छता केंद्र की स्थापना से प्रेरित थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की पहलों को बढ़ावा देना तथा सार्वजनिक ई-गवर्नेंस प्लेटफार्मों की सुरक्षा के लिए मजबूत साइबर बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर जोर देना था। यह कार्यशाला विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित की गई, जिसमें 200 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर(एनआईसी) के वरिष्ठ अधिकारी, लोक शिकायत/ केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन (एनईएसडीए) 2023 के नोडल अधिकारी और मंत्रालय के डिजिटल प्लेटफार्मों के निर्माण और संचालन में शामिल अधिकारी शामिल थे। कार्यशाला में भारत में वर्तमान साइबर सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने, विभिन्न सरकारी अनुप्रयोगों के लिए साइबर सुरक्षा संबंधी विवेचन, और वर्तमान डिजिटल वातावरण में साइबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा उन उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिनसे साइबर खतरों को कम किया जा सकता है। कार्यशाला में पैनल चर्चा के दो महत्वपूर्ण दौर हुए। पहले दौर में 'भारत में वर्तमान साइबर सुरक्षा परिदृश्य' पर चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता सीईआरटी-इन के महानिदेशक डॉ. संजय बहल ने की, जिसमें नवीन कुमार सिंह (डीजी, एनसीआईआईपीसी), संतोष मिश्रा (साइबर सुरक्षा पर साझेदार पीडब्ल्यूसी और एनईएसडीए 2023), और सीमा खन्ना (डीडीजी और एचओजी साइबर सुरक्षा - एनआईसी) तथा स्वयं डॉ. संजय बहल ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

# जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ कुराश खिलाड़ियो ने जीते 2 कांस्य पदक



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ के कुराश खिलाड़ियो ने अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए नूरपुर (हिमाचल प्रदेश) में 1 से 3 अक्टूबर तक आयोजित हुई जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप में 2 कांस्य पदक अपने नाम किया, पदक विजेता खिलाड़ियो में अंकित दिवाकर 60 किग्रा, आयूषी ध्रुव 48 किग्रा ने अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ियो को छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन कोषाध्यक्ष आशीष यादव निलेश यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन, चीफ कोच जगदीश चौधरी, टेक्निकल चेयरमैन वर्षा मिरी सहसचिव पूनम अहीर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य ओम मिश्रा, जी अजित, सुकलाल यदु, गौतम मिरी, गोपी देवांगन, सरस्वती यादव, रमा टण्डन ने खिलाड़ियो को शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. Ltd.
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANSMISSION), RAIPUR QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, Danganiya, Raipur (C.G.) -492 013
CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX (A Government of Chhattisgarh Undertaking)
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P-47/691 Raipur, Dtd.08.10.2024

NOTICE INVITING TENDER (Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-

| Sl. | Tender No. | Particulars of works | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02-19/ Tender/ P-47/691 dtd.08.10.2024 RFx No. 8100039654 | Tender for Fabrication and embossing of 1000 MT EHV Tower and Substation Structure at Workshop Dn. Bhilai on labour contract basis. | Rs. 36,500/- | 29.10.2024 14:30Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Executive Director (Trans)
SAVE ELECTRICITY Samvad-41714/3 CSPTCL, Raipur (C.G.)

# वन्य जीवों का संरक्षण करना हम सभी का जवाब देही: कन्नौजे

पायनियर संवाददाता < कोण्डगांव
www.dailypioneer.com




70 वां राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह के उपलक्ष में शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागाँव के जूलोजिकल एशोसिएशन द्वारा आयोजित विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसके चतुर्थ दिवस में वनस्पति शास्त्री शशिभूषण कन्नौजे के द्वारा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह में लोगों को जोड़ना, ग्रह को जोड़ना में डिजिटल नवाचार की खोज थीम के तहत अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि विश्व वन्य संरक्षण दिवस समारोह का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण और व्यापार में डिजिटल प्राद्योगिकीयों के नवीनतम अनुप्रयोगो और कुछ डिजिटल हस्तक्षेपों के कारण दुनियाभर के परिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना पड़ेगा जिसमें ड्रोन सेंसर और वन्यजीवों के शिकारियों का एवं वन्यजीवों के परिस्थितियों का पता लगाया जा सकता है तथा ग्रामीणों ले द्वारा डाटा इकठ्ठा कर वन्यजीवों के संरक्षण कर नवाचार किया जा सकता है। वन्यजीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों का अंर्राष्ट्रीय व्यापार को रोकना हम सब की जवाबदेही है। वन्यजीव संरक्षण का प्रावधान भारतीय संविधान में भी किया गया है जिसके तहत 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम बनाया गया जिसके तहत वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में ही सुरक्षा एवं संरक्षण का प्रावधान कर राष्ट्रीय उद्यान, राष्ट्रीय अभ्यारण, जैवमण्डल रिज़र्व क्षेत्र का गठन कर संकटापन्न, लुप्तप्राय एंव दुर्लभ वन्यजीवों जैसे कि बाघ, हाथी, क्रोकोडाइल, वन भैसा एवं पक्षियों का संरक्षण किया जा रहा है एवं वैधानिक प्रावधानों के तहत वन्यजीवों का शिकार, व्यापार आदि पर सख्त कार्यवाही का प्रावधान सरकार के द्वारा किया गया है। परिस्तिथिकी तंत्र में उत्पादक, उपभोक्ताओं एवं अपघाटको सभी का महत्वपूर्ण भूमिका होता है इसमें किसी भी जीव का विलुप्त हो जाने पर खाद्य श्रृंखला एवं खाद्य जाल का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही वनस्पति शास्त्री कन्नौजे द्वारा कीस्टोन प्रजाति के बारें में भी बताया गया कि कुछ जीव जैसे ग्रे ओल्फ बहुत कम संख्या में पाए जाते हैं लेकिन उसका परिस्तिथिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान होता है, इस प्रजाति को येलो एस्टोनेंसिस पार्क से बाहर कर देने पर खाद्य श्रृंखला पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया जिसके कारण पार्क धीरे धीरे बंजर भूमि में परिवर्तित हो गया। क्योंकि यह प्रजाति हर्बीसाइड का भोजन करती है और इसके नही होने से पार्क में हर्बीसाइड की संख्या बढ़ जाने के कारण वेजीटेशन समाप्त हो गया। विभिन्न प्रकार के वन्यजीव के संरक्षण, रिसर्च एवं देखभाल करने के लिए आईयूसीएन के द्वारा रेड डाटा बुक तैयार किया गया है, जिसमें स्तनधारी पक्षी, उभयचर, मछलियों एवं वनस्पतियों का वर्णन किया गया है जो या तो विलुप्तप्राय या संकटापन्न एवं दुर्लभ है। वन्यजीव सप्ताह के तहत हम सभी की जवाबदेही बनती है कि हम सभी जीवों के संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा हेतु संकल्पित हों जिससे जो जीव अभी विलुप्तीकरण के कगार में है उसको सुरक्षित एवं संवर्धित किया जा सकें। इस अवसर में प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव एवं हितेंद्र वर्मा, कमल किशोर जांगड़े, जूलॉजिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष-कु. सुष्मिता साहू, सचिव- आँचल देवांगन एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# सुरक्षा बलो ने चलाया नक्सल भय मुक्त जागरूकता अभियान





पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



पूर्वी बस्तर डिवीजन क्षेत्र में नक्सल अभियान की सफलता का प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्र के ग्रामीणों में नक्सलियों के प्रति भय को दूर करने के उद्देश्य से नारायणपुर डीआरजी एवं थाना पुलिस बल द्वारा ग्राम बागझर, आदपाल, छिनारी, छोटेफरसगांव, बैलपाड़, कोंगरा, कौशलनार, कौशलपारा, बड़ेनेहोर, हाथीबेड़ा, बांसपाल, तोयनार, पेरमापाल व जातापारा पहुंचकर क्षेत्र के ग्रामीणों को नक्सल विरोधी अभियान में मारे गये हार्ड कोर एवं नीचले स्तर के माओवादियों के फोटोग्राफ्स ग्रामीणों को दिखाकर उनसे मुखातिब होकर नक्सलियों के प्रति ग्रामीणों के मन में जो भय व्याप्त था उन्हें दूर किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में नक्सली भय से आजादी की आशा जगी है और क्षेत्र के आदिवासी, मूलवासी एवं ग्रामीणों को विचारों की अभिव्यक्ति मिल रही है। सुरक्षा बलों द्वारा यह भी बताया गया कि क्षेत्र के ग्रामीण अपनी मांगों एवं समस्याओं को शासन/ प्रशासन व पुलिस के समक्ष निर्भिक व निर्बाध रूप से रख सकते है अब उन्हें नक्सलियों से डरने की जरूरत नहीं है। गांव के लोगों से जिनके परिवार के सदस्य जो नक्सलियों के गलत संगत में आकर नक्सल संगठन में चले गये है, उन सभी मूलवासियों जो बाहरी विचारधारा और बाहर के नक्सली नेताओं के गलत से बाहर निकलकर नक्सलवाद एवं नक्सली विचारधारा को त्याग कर शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति को अपनाकर समाज के मुख्य धारा से जुड़ने और हथियार एवं नक्सलवादी विचारधारा का पूर्णतः त्याग व विरोध करने की अपील की गई। नक्सलवाद एवं नक्सलवादी विचारधारा से क्षेत्र के ग्रामीणों को बचाने और उन्हें माओवादी सिद्धांतों के आकर्षण से बाहर निकालने के उद्देश्य से क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा संचालित ''नक्सल भय मुक्त'' जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

# ग्राम होरादी में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प खोला गया

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




नारायणपुर पुलिस डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं बीएसएफ 133 एवं 135वीं वाहिनी के द्वारा नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र के ग्राम होरादी में नवीन ''सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प'' खोला गया है। ग्राम होरादी ओरछा ब्लाक कोहकामेटा तहसील व थाना सोनपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। ग्राम होरादी में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। होरादी में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र में सड़क, पानी, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा एवं नक्सल उन्मूलन अभियान में तेजी आयेगी। मानसून के बाद नारायणपुर जिले एवं बस्तर का पहला जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया है। एसपी प्रभात कुमार के साथ एसडीएम वासु जैन ने होरादी गांव पहुचकर ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। सरकार की ''नियद नेल्ला नार'' योजना के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी योजनाओं को प्राथमिकता में आस-पास के पांच गांव तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञात हो कि होरादी कैम्प खुलने के साथ ही इस समय माड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों की सघन नक्सल विरोधी अभियान जारी है, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के ग्रामीण अब भय व हिंसामुक्त होकर जीवन जी रहे है एवं ग्रामीणों में नक्सली भय से आजादी की आशा जगी है और नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर का सपना साकार हो रहा है। प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, एसडीएम वासु जैन अश्वनी नेरवाल असिस्टेंड कमाण्डेंट 133वीं बीएसएफ, अरविंद किशोर खलखो, विनय कुमार उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी, सोनु वर्मा रक्षित निरीक्षक नारायणपुर, मो. मोहसिन खान रक्षित केन्द्र नारायणपुर, विनीत दुबे निरीक्षक द्वारा स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं सुरक्षा बलों के मदद से ग्राम होरादी में नवीन कैम्प की स्थापना किया गया है। नवीन कैम्प स्थापना में नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं बीएसएफ 133 एवं 135वीं वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## नवंबर माह में शुरू होगा बस्तर ओलंपिक, पंजीयन की प्रक्रिया जारी

# कलेक्टर ने बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली और लंबित निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि, राज्य शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर संभाग के खेल प्रतिभा को संवारने और निखारने के उद्देश्य से नवंबर माह में बस्तर ओलंपिक का आयोजन शुरू हो रहा है, जिसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवाओं के लिए बस्तर ओलंपिक में भाग लेने और खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का बहुत अच्छा अवसर है। उन्होंने इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों एवं युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने सभी जनपद सीईओ एवं महाविद्यालयों-विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया। कलेक्टर दुदावत ने बैठक में भारत सरकार की नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए और कहा कि इस अभियान में एनसीसी और एनएसएस के वालेंटियर के माध्यम से विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर नशे के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दें। उन्होंने सायबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर भी आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कैंपेन चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राज्य शासन द्वारा राज्योत्सव के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला मुख्यालय में 05 नवंबर को जिला स्तरीय आयोजन होगा। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को आयोजन की तैयारियों के लिए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु सभी सीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड की ईकेवायसी कार्य में तेजी लाने और आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# बस्तर ओलंपिक 2024 में भाग लेने के लिए पंजीयन 20 अक्टूबर तक

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य व बस्तर संभाग के जनजातीय बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खेलों में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्यम मजबूत संबंध स्थापित कर यहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचानकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष एवं 17 से अधिक आयुवर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवादी प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित किया जायेगा। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, शील्ड, नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने हेतु खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक विकासखण्ड में नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में पंजीयन कर सकते हैं। कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा परिसर, कोंडागांव में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन करा सकेंगे। पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और बैंक खाता विवरण जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसमें नाम, पता, पिता का नाम, बैंक का नाम और बैंक खाता क्रमांक देना अनिवार्य होगा।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक



**कोंडागांव।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कोंडागांव में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई थी, उक्त बैठक में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, उपाध्यक्ष बालकुंवर प्रधान उपस्थित रहे एवं वक्ताओं ने अपने वक्ताव्य में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करते हुए बताया की वर्तमान समय में भाजपा अपने निर्धारित से लक्ष्य से आगे चलते हुए विगत सदस्यता अभियानों से भी अधिक सदस्य बना लिए हैं। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान का ऑनलाइन पोर्टल जो कि, दिनांक 15 अक्टूबर को बंद हो जाएगा एवं इसके पश्चात सभी प्रभारी एवं पदाधिकारी ऑफलाइन पद्धति एवं मैनुअल रूप से सदस्य के जोड़ने की प्रक्रिया को निरंतर रखते हुए सदस्यता अभियान के कार्य को गति प्रदान करेंगे। वह भाजपा संगठन द्वारा दिए गए निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक संख्या में भाजपा परिवार में सदस्यों की संख्या को जोड़ेंगे, कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न निर्देश देते हुए उनके कार्यों की सराहना भी की एवं कार्य को आगे जारी रखने हेतु प्रोत्साहित भी किया। उक्त कार्यक्रम में शहर, उत्तर व दक्षिण मंडल के अध्यक्ष, प्रभारी, प्रमुख पदाधिकारीगण व सहयोगी जनों के साथ जसकेतु उसेंडी, जैनेन्द्र ठाकुर, मंगतू नेताम, जितेन्द्र सुराना, मीनू कोर्राम, कुलवंत चहल, संतोष पात्रे, सोनामणि पोयाम, प्रदीप नाग, विक्की रवानी, सुभम संचेती, प्रिंस उपस्थित रहे।

# मृतक के परिजनों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नारायणपुर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादूर पंचभाई द्वारा पीड़ित परिवार के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत दी गई है। मृतक रामचरण नेताम, पिता स्व रैनू, निवासी ग्राम कन्हारगांव एवं मृतक अरूणा नेताम, पिता मंगल राम, निवासी कन्हारगांव, तहसील छोटेडोंगर की मृत्यु 09 अक्टूबर 2023 को मुरूम खदान के गड्ढे के पानी में डुबने के कारण हुई थी। मृतक रामचरण के निकटतम वारिस माता रैनी नेताम तथा मृतक अरूणा नेताम के निकटतम वारिस पिता मंगल राम नेताम हेतु 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार छोटेडोंगर को राशि बैंक ड्राफ्ट या चेक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर कराने के निर्देशित किया गया हैं।

# बड़ेबेंदरी में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं वन मंडलाधिकारी रमेश कुमार जांगड़े के निर्देशानुसार एवं दहिकोंगा रेंज के रेंजर बीजन लाल शर्मा, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के कुशल मार्गदर्शन में मास्टर पवन कुमार साहू, अलका नाग सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दहीकोंगा रेंज के नेतृत्व में बड़ेबेंदरी में मुख्य अतिथि ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष संजय उईके, कार्यक्रम के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कश्यप अध्यक्ष शाला प्रवीण समिति एवं वन दृधन समिति, विशिष्ट अतिथि ताराचंद्र राठौर के विशिष्ट आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कब-बुलबुल टीम के छात्र-छात्रा द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहा पर मानव श्रृंखला का निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात कब-बुलबुल टीम एवं अन्य प्रतिभागियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओ द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को वन विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेंजर बीजन लाल शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि, वनों का विनाश ना करें।

# पशु का अवैध परिवहन करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



2 अक्टूबर को भोगेश्वर नाग निवासी अरण्डी थाना आकर लिखित में आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, 2 अक्टूबर को अरण्डी बांध चौक शोभाराम नेताम के किराना दुकान में अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, उसी समय पीकप में 7 गाय-बैल को गाड़ी में वध करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे, उक्त पीकप को रोकने पर पीकप में बैठे 3 व्यक्ति वाहन को छोड़कर भाग गये, तीनों व्यक्तियों कमजोर गाय बैल को वध करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे जिसे वाहन पीकप में गाय बैल को छोड़कर भाग गये वाहन पीकप को गाय बैल सहित थाना लेकर आये हैं कि, रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी विरेन्द्र नाग निवासी बनियागांव, संतोष नुरेटी, निवासी भोंगपाल, ओमकार कोरार्म निवासी छिंदलीबेका जिला कोण्डागांव का होना बताये, जो घटना दिनांक को पीकप वाहन में 7 नग गाय-बैल को ले जाना स्वीकार किये। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व नव नियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के डी. पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में उपरोक्त आरोपीगण को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

# चिकन मार्केट में स्वच्छता की नई पहल, आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य शुरू



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला मुख्यालय के चिकन मार्केट में स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जनप्रतिनिधि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे एवं नगर पालिका कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छ भारत 2.0 अंतर्गत आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस शौचालय निर्माण से मार्केट पहुंचने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। यह कदम स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करेगा, जिसमें गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना शामिल है। नगर पालिका की इस पहल से क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता में वृद्धि होगी।

# अंदकुरी गांडा समाज ने मनाई मसोरा में एक दिवसीय मातृ-शक्ति कार्यशाला सह आवश्यक गोष्ठी





पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

अंदकुरी गांडा समाज ने ग्राम मसोरा के सामाजिक भवन बुडरापारा में जिला स्तरीय एक दिवसीय मातृ-शक्ति कार्यशाला सह आवश्यक गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने स्वागत करते हुए अपने देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की और जिले से आई महिलाओं का परिचय दिया। विभिन्न मंडलों की महिलाओं ने उद्बोधन दिया और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली 59 मंडलों की महिला अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। महिला जिला अध्यक्ष सुभद्रा कोर्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि, नारी परिवार और समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई हैं और उन्हें शिक्षित, गुणवान, समर्थ और सशक्त बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का मतलब अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि, वे अपने संस्कारों की विरासत की रक्षा करें और समाज में परिवर्तन लाने के लिए संगठित हों।

इस कार्यक्रम में महिला प्रदेश अध्यक्ष युवती कोर्राम, अनिता कोर्राम, रेषमा मरकाम, सामोबाई नेताम, सती बघेल, सुभद्रा गंधर्व, अम्बिका कोर्राम, दुजबती गंधर्व, सुनीता पोयाम, महेष्वरी कोर्राम, सनिता कुलदीप, बंसन्ती पोयाम, ललीता बघेल, रमेली कोर्राम, ममता बघेल, लालबती बघेल तथा समाज के प्रदेश सचिव अनिल कोर्राम, जिला अध्यक्ष करन कोर्राम, युवा जिला अध्यक्ष विरेंद्र बघेल सहित 59 मंडल के महिला प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष और उनके कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

# अधूरे व अपूर्ण निर्माण कार्यों को लेकर तल्ख हुए कलेक्टर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्यों के अधूरे एवं अपूर्ण रहने पर सभी जनपद पंचायतों के सीईओ पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि इस माह के अंत तक पुराने और सभी आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को हरहाल में पूर्ण करें। उन्होंने देवगुड़ी निर्माण, घोटुल भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, खाद गोदाम, सामुदायिक भवन जैसे छोटे कामों में भी प्रगति नहीं लाने पर असंतोष प्रकट किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पुराने लंबित काम पूर्ण होने के बाद ही नए कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। इसी तरह नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन मोड में काम करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह सामाजिक अंकेक्षण के तहत राशि की वसूली हेतु सभी एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में भी पिछले सप्ताह की अपेक्षा प्रगति कम होने पर सभी जनपद सीईओ को व्यक्तिगत तौर पर रूचि लेते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर क्षीरसागर ने आयुष्मान भारत योजना और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले की उपलब्धि 93 प्रतिशत है, जो राज्य में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल ब्लॉक के अंदरूनी हिस्सों के हितग्राहियों का पंजीयन कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए।

# विधायक विक्रम मंडावी बथुकम्मा स्थालों में पहुँचकर बथुक्कम्मा का लिया आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता < बीजापुर।
www.dailypioneer.com

विधायक विक्रम मंडावी बीते दिनों बीजापुर जिले के भोपालपटनम और बीजापुर विकासखंड के दौरे रहे इस दौरान वे भोपालपटनम के विभिन्न गांव के 250 से अधिक बथुकम्मा स्थालों में पहुँचकर बथुक्कम्मा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना किया और क्षेत्र वासियों को बथुक्कम्मा त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं दीं है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। अपने प्रेस विज्ञप्ति में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बथुक्कम्मा त्यौहार बीजापुर जिले में पुराने समय से मनाते आ रहे हैं बथुक्कम्मा त्यौहार हमारे संस्कृति में रच बस गया है और यह त्यौहार हमारे संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गया है, इस त्यौहार में विशेष रूप से महिलायें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं, विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी कि बथुकम्मा त्यौहार मनाए जाने वाले स्थलों पर बथुकम्मा शेडों का निर्माण हो जिसे देखते हुए जिले के प्रत्येक गांव में मनाए जाने वाले बथुक्कम्मा स्थलों में बथुक्कम्मा शेड का निर्माण किया गया है। विधायक विक्रम मंडावी के दौरे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्यगण, क्षेत्र के सरपंच, पंच सहित विभिन्न ग्राम के गणमान्य नागरिक उनके साथ थे।

# समय सीमा में करे प्रकरणों का निराकरण प्रधानमंत्री आवास के कार्यों में लाएं तेजी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकां योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकां योजना है इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना, पीएम आवास योजना (शहरीय), स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग में छात्र सेमिनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के भूगोल विभाग द्वारा स्मार्ट क्लास रूम में दो दिवसीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। 5 अक्टूबर को एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल के 17 छात्र-छात्राओं ने पाठ्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या भूगोल, अधिवास भूगोल, जैव भूगोल एवं शोध प्रविधि से संबंधित दिए गए विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इसी क्रम में एमए प्रथम सेमेस्टर के 14 छात्र-छात्राओं ने अपने पाठ्यक्रम से संबंधित भू-आकृति विज्ञान, जलवायु विज्ञान, भौगोलिक चिंतन एवं भारत का भूगोल पर दिए गए विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने अपने व्याख्यान को ट्रांसपेरेन्सी एवं पेन ड्राइव पर तैयार कर ओव्हरहेड प्रोजेक्टर एवं एलईडी प्रोजेक्टर तथा ब्लैक बोर्ड के माध्यम से अपने व्याख्यान को प्रस्तुत किया साथ ही विषय को सारगर्भित बनाने के लिए संबंधित डायग्राम एवं सारणी का उपयोग किया गया। छात्र सेमिनार आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य प्रश्न पत्रों की परीक्षा पूर्व तैयारी के साथ उनके अभिव्यक्ति क्षमता को उजागर करना है। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण करने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया तथा विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेमिनार को अधिक रोचक एवं ज्ञानवर्धक व प्रभावशाली बनाने के लिए व्याख्यान के दौरान छात्र.छात्राओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी द्वारा अपने शंका समाधान किए। छात्र सेमिनार में विभाग के प्राध्यापक विभागाध्यक्ष ग्रेस कुजूर, केपी कोसिमा, डॉ एस के नाग एवं दिनेश्वर सलाम तथा प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। एमए तृतीय सेमेस्टर से सर्वश्रेष्ठ व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले छात्रों में छाया. प्रथम स्थान, तेजस्वनी द्वितीय स्थान एवं ओनिका तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। एमए प्रथम सेमेस्टर से आपूस बाल्मिकी प्रथम स्थान, मनीषा द्वितीय स्थान एवं रूपेश तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पैलोटी और दुर्गा कॉलेज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज और दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला जाएगा। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए प्रतियोगिता के उदघाटन मैच में विप्र कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 18-5 से पराजित किया। इसके बाद पहले क्वार्टर फाइनल में पैलोटी कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय कुरूद को एक तरफा मुकाबले में 41-2 से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में यूटीडी ने मेजबान विप्र कॉलेज को 14-8 से पराजित कर एक बड़ा उलटफेर किया। प्रतियोगिता के तीसरे क्वार्टर फाइनल में शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को 18-4 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंटर कॉलेज बास्केटबॉल के चौथे क्वार्टर फाइनल में दुर्गा महाविद्यालय ने महन्त महाविद्यालय को 24-21 से पराजित किया। इसके उपरांत खेले गए पहले सेमीफाइनल में पैलोटी कॉलेज ने यूटीडी को 39-24 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में दुर्गा महाविद्यालय ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को 23-14 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। 9 अक्टूबर को पैलोटी और दुर्गा महाविद्यालय के बीच फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ विपिनचन्द्र शर्मा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से रायपुर सेक्टर टीम का गठन भी किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 9 कॉलेज ने हिस्सा लिया हैं। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह विजय शर्मा, प्यारेलाल साहू के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता आयोजन सचिव राजेश तिवारी, डॉ. कैलाश शर्मा एवं ज्ञानेंद्र के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# डॉ. सम्पत अग्रवाल विधायक के हाथों में मया के खजाना काव्य संग्रह का हुआ विमोचन




पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

विप्र भवन बसना में शिक्षा अंजोर भारत के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के कर कमलों में मया के खजाना छत्तीसगढ़ी साझा संग्रह का भव्य विमोचन हुआ।इस काव्य संग्रह के संपादक डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर संकुल केन्द्र जमदरहा के समन्वयक है। विमोचन के दौरान मुख्य रूप से डॉ. सम्पत अग्रवाल मुख्य अतिथि, आर. के. खरे अध्यक्षता, शिक्षा अंजोर भारत के संस्थापक पूर्णानंद मिश्रा विशिष्ट अतिथि,आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य खिरोद्र कुमार पुरोहित सर,शीत गुप्ता, रामशरण अग्रवाल, रमेश अग्रवाल के अलावा बसना विकासखंड के समस्त पत्रकार उपस्थित रहें। मया के खजाना काव्य संग्रह छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने हेतु युवा कवि डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर का अनुकरणीय पहल है। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों के साहित्यकार इसमें शामिल है। साहित्य के प्रति समर्पण सतत रूप से प्रयास रत है। जिनके बदौलत आज दर्जनों काव्य संग्रह का संपादन कर चुके है।साहित्य में आपके इन उत्कृष्ट कार्य हेतु बसना अंचल के सभी पदाधिकारी, शिक्षा अंजोर भारत के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, एवं अंचल के पत्रकार लोग बधाई प्रेषित किये है।

# प्लेसमेंट कैम्प हुआ संपन्न, 55 आवेदकों का प्राथमिक चयन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 55 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ है। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा मिली जानकारी अनुसार एल जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय परिसर आज 7 अक्टूबर को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 263 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक फायर एंड सेफ्टी डिस्टार मनेजमेंट इन. सुपेला भिलाई, सोनाटा फायनेंस प्रा.लि. बलौदाबाजार एवं एयू स्मॉल फायनेंस बैंक बलौदाबाजार उपस्थित हुए एल, निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु 161 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 55 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया है एवं चयनित आवेदकों को नियोजकों द्वारा अपने अपने संस्थान में एक सप्ताह के अंदर समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपास्थित होने हेतु निर्देशित किया गया ताकि अंतिम चयन किया जा सकें।प्लेसमेंट कैम्प में जिला प्रशासन कि ओर से मिथलेश डोन्डे संयुक्त कलेक्टर एवं अरूण सोनकर डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए एवं नियोजकों से रोजगार संबंधित जानकारी लिया गया एवं आवेदकों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

# चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी का किया उद्घघाटन, दर्शन करने भक्तों की लगी भारी भीड़



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन जैन विहार कॉलोनी द्वारा चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी का उद्घघाटन किया गया। आर,डी, चौहान, वासुदेव प्रधान, शशि देवी अग्रवाल, ज्योति देवी अग्रवाल, लेखा नागवंशी ब्रह्माकुमारी अहिल्या दीदी और ब्रह्मा कुमारी सुनीता दीदी के द्वारा दीप जलाकर विधि वक्त चैतन्य देवियों की झांकी का उद्घाटन किया गया फिर झांकी देखने देवियों का दर्शन करने भक्तों की उमड़ी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था में राजयोग मेडिटेशन एवं सहज ज्ञान दिया जाता है जिसे अपने जीवन में अपने वाली शहर की ही कुमारिया बहने को देवी रूप में बैठाया गया है यह कुमारिया राजयोग की साधना द्वारा परमपिता परमात्मा में अपने मन को एकाग्र राजयोग का अभ्यास कर रही है स्वयं को चैतन्य स्वरूप परमपिता परमात्मा की संतान आत्म स्वरूप में स्थित होकर सर्वशक्तियों के स्रोत सभी आत्माओं के पारलौकिक पिता परमात्मा को उनके दिव्य स्वरुप को याद करते हुए अपने भीतर उनसे शक्ति और दिव्यता का भरपूर अनुभव करते हैं जिसे अपने भीतर की कमजोरी वह मनोविकार परमात्मा शक्ति से समाप्त होती है जिससे व्यक्ति को असीम शांति सुख प्रेम और खुशी का अनुभव होता है इसी अभ्यास में यह बहने एकाग्र होकर बैठी है। जिससे आपको देवी स्वरूप अनुभव हो रहा है आप भी ऐसे राजयोग का अभ्यास से अपने जीवन में परमात्मा शक्ति का वरदानों का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं या झांकी 11 अक्टूबर तक चलेगी।

# मिशन स्कूल में विद्यार्थियों के ड्रेस कोड पर बंजरग दल एवं हिन्दू संगठनों ने जताई आपत्ति

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



मिशन स्कूल कुटेला के विद्यार्थियों के ड्रेस कोड में लगें ईसाई धर्म के प्रतिक चिन्ह पर शिक्षा विभाग से बजरंग दल एवं हिन्दू संगठनों ने की शिकायत दर्ज कराई है। विगतः कुछ महिनों पहले मिशन स्कूल कुटेला विद्यार्थियों के लिए बुधवार व शनिवार के दिनों में अलग ड्रेस कोड अनिवार्य किया है, ड्रेस कोड पर लगे मोनो पर ईसाई धर्म के प्रतिक बाइबिल व क्रास चिन्ह पर विवाद की स्थिति खड़ा हो गया जहां बजरंग दल एवं हिन्दू संगठनों ने शिक्षा विभाग, अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी राजस्व एवं थाना प्रभारी के समक्ष दंडात्मक कार्यवाही हेतु अपना लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, बजरंग दल जिला गौ रक्षा प्रमुख मयंक पाणीग्राही ने बताया कि मिशन स्कूल कुटेला में 90% हिन्दू विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, इस तरह विद्यार्थियों के ऊपर जबरन हिन्दू विरोधी गतिविधियों का नियम लागू कर हिन्दू धर्म के आस्था पर पूर्व से खिलवाड़ करते आ रहे हैं, इसके साथ-साथ हिन्दू विद्यार्थियों के पहने रक्षासूत्र व कलावा, तिलक लगाने पर स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों के द्वारा जुर्माना की धमकी भी दिया जाता है, धर्म जागरण प्रमुख योगेश शर्मा ने बताया कि धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में शिक्षण संस्थान में किसी भी धर्म का प्रचार पूर्णतः वर्जित है, इस तरह का कुकृत्य असंवैधानिक एवं समाज के समान दृष्टिकोण भावनाओं के लिए घातक है, भाजपा के पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष विजय प्रधान ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मिशन स्कूल कुटेला में राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारे पर भी स्कूल प्रबंधन के द्वारा रोक लगाया जा चुका था, जिसे विजय प्रधान एवं उनके समर्थकों ने संज्ञान में लेकर विरोध प्रकट करने पर नारे को यथावत् चालू रखा गया था, मिशन स्कूल कुटेला में इस तरह की ईसाई धर्म को प्राथमिकता की गतिविधियां बीच-बीच में अनेकों बार देखा जा चुका है, लेकिन शिक्षा विभाग के लापरवाही के चलते कोई भी कार्यवाही या जांच अब तक नहीं किया गया है। उक्त घटना पर आक्रोशित हिन्दू समाज एवं बजरंग दल ने शिक्षा विभाग एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी व थाना प्रभारी के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अविलंब इस तरह की गतिविधियों में अंकुश लगाकर हिन्दू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की एवं उचित कार्यवाही नहीं की स्थिति में बजरंग एवं हिन्दू संगठनों ने व्यापक धरना प्रदर्शन की बात कहीं, आवेदन माध्यम विरोध व्यक्त करने विहिप के प्रखंड कोषाध्यक्ष विकास महापात्र, बजरंग दल प्रखंड संयोजक प्रदीप साहू, सहसंयोजक नंदन सिंह, विवेक शर्मा, नरेन्द्र मांझी व अन्य हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित होकर अपना आक्रोश व्यक्त किए।

# नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में अतिथियों ने हितग्राहियों को गृह प्रवेश के करवाया



पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में अतिथियों ने हितग्राहियों को अपने गृह प्रवेश के करवाया । मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी भंवरपुर के मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि देवकुमार सिदार, ग्राम पंचायत सचिव दासरथी बेहरा, भारतीय जनता पार्टी के सक्रीय सदस्य मोहित लाल नायक एवं भाजपा सक्रीय सदस्य बूद अध्यक्ष गिरधारी लाल नायक, एवं गांव के गणमान्य नागरिक झनकराम सिदार करमचंद पटेल अघनबाई सोना - कार्तिकमोती मानिकपुरी एवं हितग्राही समेत मौजूद रहे। हितग्राही अमरसिंह सिदार व सुदर्शन सोना ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त किया।

# दो दिवसीय जल-जगार महोत्सव संपन्न, छोड़ गया अनसुलझे सवाल

## चंदा वसूली की रकम को लेकर हो सकता है बड़ा विवाद

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की श्रेणी में घोषित किया जाने वाला जल-जगार महोत्सव तो संपन्न हो चुका, लेकिन इसमें अनेक अनसुलझे सवाल छोड़कर स्थानीय लोगों को यह कहने पर मजबूर किया कि यह कार्यक्रम शासन प्रशासन की एक कड़ी थी जिससे आम लोगों को कोई लाभ नजर नहीं आया। कार्यक्रम के चकाचौंध में यह सवाल उठते रहे जिसे लेकर लोगों ने मीडिया में भी अपनी व्यथा बताई। इस कार्यक्रम का बहिष्कार कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया था। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के नेताओं ने जिला प्रशासन पर भारी चंदा उगाही का आरोप लगाया जबकि आयोजक के द्वारा इससे साफ इनकार किया गया। लेकिन चंदा होने की बात को भाजपा के एक नेता ने भी भरे मंच से कहकर पार्टी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर यह चंदा कहां गया। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने तो इस बात को स्वीकारा भी कि हां, कार्यक्रम को लेकर चंदा वसूली की गई, लेकिन किसके कहने पर की गई, इस बात की जानकारी मुझे नहीं है। अब जबकि कार्यक्रम समाप्त हो चुका है और कार्यक्रम के नाम पर वसूली की रकम को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। दो दिवसीय जल-जगार महोत्सव को लेकर पिछले महीने से कवायद शुरू की गई थी। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिये भारी तामझाम किया गया था। इस कार्यक्रम को लेकर प्रिंट मीडिया के लोगों को भी कोई तवज्जो नहीं दिया गया। यह कार्यक्रम को आयोजित करने वाले लोगों ने चुपचाप इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय की और साथ ही साथ शहर के राईस मिलरों, खनिज, सहित अनेक विभागों के द्वारा इसके लिये व्यापक पैमाने पर चंदा किया गया। लोगों का यह कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम को लेकर कुछ शासकीय फंड भी आबंटित किया गया था। जब यह फंड स्वीकृत किया गया तो फिर चंदा उगाही की क्या




आवश्यकता थी। सबसे गंभीर मामला यह रहा कि जलाभिषेक के समय जितने भी अतिथि वहां उपस्थित थे, उन्होंने जूता उतारकर इस कार्यक्रम में शामिल होने की जुर्रत महसूस नहीं की। और तो और पांपलेट जो छपाये गये उसमें शिवजी के मंदिर को नीचे एवं नेताओं की फोटो को इसके ऊपर लगाकर धर्म से जुड़े लोगों को काफी नाराज किया है जिसकी दबे जुबानों में आज भी निंदा की जा रही है। कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स इस बात के चश्मदीद गवाह है जिसमें जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते जलाभिषेक के समय जूता पहनकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। रविशंकर सागर परियोजना के अधिकारियों द्वारा ड्रोन एवं रंगबिरंगी लाईटें लगाकर जिलेवासियों को अपनी ओर आकर्षित करने का असफल प्रयास किया गया। एक ओर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया गया वहीं दूसरी ओर गरीब लोगों की झोपड़ियों को इसलिये तोड़ा गया कि वे आवागमन में बाधक हो रहे हैं। ऐसे लोगों ने कहा कि यहां कार्यक्रम के नाम पर अधिकारियों की नादिरशाही दिखाई दी। हद तो यह है कि बीते माह गणेशोत्सव के अवसर पर डीजे को पूरी तरह बंद करवाकर डीजे व्यवसायियों को लाखों रूपये की हानि पहुंचाई गई, वहीं जल जगार महोत्सव में जिम्मेदार जिले के अधिकारियों ने गंगरेल से 100 मीटर की दूरी पर देर रात तक डीजे बजाया, जिसे लेकर भी डीजे व्यवसायियों एवं गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने यह कहा कि जिला प्रशासन जो कुछ भी निर्णय लेता है, उसका पालन हर किसी को हर समय किया जाना चाहिये किंतु न्यायालय का आदेश बताकर गणेशोत्सव पर्व पर डीजे पर प्रतिबंध लगाया वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने खुद डीजे बजाकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना की है। जल जगार महोत्सव के अवसर पर जिलेवासियों को अपनी ओर रिझाने की भरपूर कोशिश की गई थी। लेकिन जितना तामझाम किया गया है, उसके अनुसार जिलेवासियों की उतनी उपस्थिति दिखाई नहीं दी जिससे भी यह जल जगार महोत्सव विवादों के घेरे में आ रहा है। जल-जगार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पानी के बचत को लेकर लोगों में संदेश पहुंचाने किया जाना बताया गया है। लेकिन असली सोख्ता एवं वॉटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली महानदी एवं सहायक नदियों से जिले का वॉटर लेवल संतुलित रहा है। लेकिन जबसे रेत माफियाओं द्वारा नदियों से रेत की निकासी प्रारंभ हुई है, तबसे धमतरी जिले का वॉटर लेवल दिनोंदिन गिरता जा रहा है। यदि नदियों से रेत का अंधाधुंध निकासी एवं परिवहन को रोकने के लिये उपाय होता तो शायद जल जगार महोत्सव जैसे आयोजन की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके जिम्मेदार भी कुछ अधिकारी हैं जिन्होंने रेत माफियाओं को खुली छूट दे रखी है। आज भी प्रतिबंधित अवधि में रेत, मुरूम, गिट्टी की अवैध निकासी की जा रही है जिस पर जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे तमाशा देख रहा है। कुल मिलाकर दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का समापन तो अति विशिष्ट व्यक्तियों के उपस्थिति में संपन्न करा लिया गया और अपनी पीठ भी थपथपा ली गई। लेकिन इस कार्यक्रम से जिलेवासियों को दूर रखा गया जो कि इतिहास के पन्नों में सदा याद रखा जायेगा। अब सवाल यह उठता है कि जल-जगार महोत्सव के अवसर पर चंदा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन द्वारा क्या कोई समिति बनाकर इसकी जांच करवाई जायेगी अथवा नहीं, यह तो भविष्य के गर्त में छुपा है, परंतु जल जगार महोत्सव में चंदा वसूली से भाजपा की साख पर बट्टा लग रहा है। अब देखना है कि इस मामले को किस तरह निपटाया जाता है। जिस प्रकार चंदा वसूली की गई है, उसको भुनाने की ताक में बैठे कांग्रेसजनों द्वारा इसे आगामी नगरीय निकाय चुनाव में मुद्दा बनाया जा सकता है।

# बालिकाओं के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य : रेखा खमारी



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 2 से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत आज आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम बनीगिरोला मे महिला बाल विकास की सुपरवाइजर रेखा खमारी उपस्थित थी। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देस लैंगिक भेदभाव महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देना बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रीयो का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्व पूर्ण योगदान है । बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना क्यूकी बालिकाएं आगे चलकर मां बनती है और मां किसी भी परिवार का केंद्र बिंदु ईकाई होती है । यदि मां को शिक्षा प्राप्त नही है तो बचपन से ही कुपोषण है तो वह एक स्वस्थ शिक्षित परिवार व उन्नत समाज को जन्म देने में विफल रहेगी। अतः बालिका के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य है। कार्यक्रम में गांव के सरपंच लक्ष्मीप्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुभासिनी पटेल, कोशलिया, शांतिबाई, सावित्री, मांगमोती, सरिता, सुभाषिनी बिसरा, कमलिनी सहित ग्रामीण किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी।

# अम्लेश्वरडीह में कब्बडी और चौसर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन
## पुरुष वर्ग में बिलासपुर और मातृशक्ति में पेंड्रा की टीम रही प्रथम

पायनियर संवाददाता अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com





दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में शिवशक्ति क्रीड़ा मंडल अमलेश्वरडीही के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपको बता दें 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला पुरुष कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष नगर में रखा जाता है। 27 वर्ष से यह आयोजन लगातार समिति के द्वारा किया जा रहा है। प्रथम आने वाले पुरुष वर्ग के कबड्डी टीम को 21001 एवं शील्ड समाज सेवी पवन खंडेलवाल के द्वारा प्रदान किया गया है। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 15001 रुपया एवं शील्ड भाजपा महामंत्री उत्तर पाटन कैलाश यादव के द्वारा प्रदान किया गया। तृतीय स्थान आने वाले टीम को 10001 शील्ड रवि सिंगौर और भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री के द्वारा प्रदान किया। चतुर्थ स्थान आने वाले टीम को 7001 रुपए एवं फील्ड बालाजी प्रॉपर्टी के प्रोपराइटर धर्मेंद्र साहू पूर्व पार्षद के द्वारा प्रदान किया। वही महिला वर्ग को कबड्डी में प्रथम स्थान पानी वाली टीम को 21000 एवं शील्ड स्वर्ग गैंद लाल साहू की स्मृति में पुत्र उमेश कुमार साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद अम्लेश्वर के द्वारा प्रदान किया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला टीम को 15000 ?1 एवं शील्ड हृदय राम साहू चांगोरा भाटा रायपुर के द्वारा प्रदान किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 10001 एवं शिव ट्रेडर्स के द्वारा प्रदान किया। चतुर्थ आने वाले टीम को 7001 रुपया एवं शील्ड विजय गंधर्व दुर्गा नगर अम्लेश्वर के द्वारा प्रदान किया। उपरोक्त राशि को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने वाले कबड्डी टीम 401 रुपए में प्रवेश कर प्रदर्शन किया। वहीं चौसर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 10001 एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7001 रुपया, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5001,चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले को4001 प्रदान किया गया। और कई पुरस्कार बेस्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए रेंजर सायकल सहित अन्य सामान रखा गया था। फाइनल मैच के बाद समापन समारोह का आयोजन 03 अक्तूबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, कार्यक्रम का अध्यक्षता समाज सेवी पवन खंडेलवाल अमलेश्वर, विशेष अतिथि के रूप में मोनू साहू जिला पंचायत सभापति, कैलाश यादव भाजपा महामंत्री, रवि सिंगौर भाजपा युवा महामंत्री, शिव कुमार साहू शिव, धर्मेंद्र साहू पूर्व पार्षद, महेंद्र साहू, चंद्रशेखर देवांगन, रेवती दयानंद सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर पूर्व सरपंच, कृष्ण कुमार शर्मा, देवा ठाकुर, सत्तू कौशल, हृदय साहू, विजय गंधर्व, राजेश साहू, फेरहा राम धीवर,चैन सिंह साहू,गिरधर साहू, श्रवण कुमार पांडे, केशवराम यशवंत साहू रामाधार साहू रहे। अतिथियों के द्वारा प्रथम स्थान पर आने वाले पुरूष टीम वीर शिवाजी कबड्डी दल बिलासपुर को प्रथम पुरस्कार की राशि एवं शीला देकर सम्मानित किया।



1. मां शीतलेश्वर दुर्गा उत्सव समिति हटरी चौक, कोटा।



2. मां कामख्या दुर्गा उत्सव समिति , स्टेशन रोड।



3. मां अष्टभूजि दुर्गा उत्सव समिति, डाक बंगला चौक।

# वीरेंद्र बहादूर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल परिषद का गठन किया गया

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादूर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग के बेहतर संचालन, विकास एवं छात्र-छात्राओं में अकादमिक कौशल तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने व विभागीय कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर जागरूकता लाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य पी.के. भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष एम. एन. सिदार सहायक प्राध्यापक भूगोल के निर्देशन में भूगोल परिषद का गठन किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राज्य गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पी.के. भोई ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। भूगोल परिषद में निम्न पदाधिकारी चुने गए - अध्यक्ष कल्याणी शर्मा (एम ए तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष मनीषा स्वाई (एम ए प्रथम सेमेस्टर ) सचिव गिरिलाल सागर (एम ए तृतीय सेमेस्टर) सह सचिव नेहा भोई (एम ए प्रथम सेमेस्टर)। इस अवसर पर सत्य प्रकाश खड़बंधे परिषद प्रभारी (अतिथि व्याख्याता- भूगोल), देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक- भूगोल, जनभागीदारी) एवं महाविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# रायगढ़ में चरित्र शंका को लेकर पति ने पत्नी पर किया हमला
## बीच बचाव करने वाले पिता को भी नही बख्शा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जोबी चैकी क्षेत्र में चरित्र शंका को लेकर घर में सो रही पत्नी पर धारदार टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। इस दौरान बीच बचाव करने आये महिला के ससुर पर भी आरोपी ने सिर पर वार कर उसे भी घायल कर दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट बाद पुलिस ने आज आरोपी को जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के जोबी चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अगासमार निवासी बाबूलाल धनवार ने बताया कि 05 अक्टूबर की सुबह 5 बजे के करीब उसके ही गांव का रहने वाला जगतराम धनवार उसके घर का दरवाजा खटखटाते हुए उठाया और बताया कि रात करीब 3 से 4 बजे के आसपास उसका ही बेटा श्याम कुमार धनवार नींद में गफिल अपनी ही पत्नी सुशीला धनवार के गर्दन में चरित्र शंका को लेकर धारदार टंगिया से प्राणघातक वार कर दिया। आरोपी के पिता जगतराम धनवार ने बताया कि हो हल्ला सुनकर जब मौके पर पहुंचकर बीच बचाव शुरू किया तो श्याम जान से मारने की बात कहते हुए उसके भी सिर पर वार कर दिया। अपनी पत्नी और पिता पर धारदार टांगी से वार कर आरोपी जंगल की तरफ भाग गया था। जगतराम धनवार ने बताया लहुलूहान हालत में उन्होंने इस घटना की जानकारी संजीवनी 108 में दी जिसके बाद दोनों घायलों को पहले खरसिया सिविल अस्पताल खरसिया ले जाकर भर्ती कराया गया जहां स्थिति में सुधार नही होनें पर उन्हें रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि सुशीला धनवार के गर्दन मे गंभीर चोंट पहुंचा है, जिसके कारण वह अभी बातचीत करने में असमर्थ है। वहीं जगतराम धनवार के सिर में चोंट आई। आरोपी के पिता ने उक्त मामले में रिपोर्ट जोबी चैकी में की है जिसके बाद पुलिस ने फरार आरोपी को आज जंगल में गिरफ्तार कर लिया है।



# महाकाली के दरबार में देवी भक्तों द्वारा 245 मनोकामना जोत किया गया प्रज्वलित

पायनियर संवाददाता रानीतराई
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत कौही के खारू नदी तट पर स्थित मंदिर में महाकाली के दरबार में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी भक्तों के द्वारा 245 ज्योति कलश स्थापना किया गया है। आपको बता दें श्री महाकाली श्री हनुमान मंदिर परिषद के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने जानकारी शेयर करते हुए कहा कि इस बार महाकाली के दरबार में देवी भक्तों के द्वारा 245 मनोकामना जोत प्रज्वलित किया गया है। प्रतिदिन देवी जस गीत मंडली के द्वारा माता का बखान कर भजन कीर्तन किया जाता है 7 अक्टूबर को मां काली का पंचमी सिंगार किया जाएगा एवं 11 अक्टूबर को हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा। मां काली के दरबार में दूर-दूर से देवी भक्ति दर्शन करने आते हैं जिले भर के लोग पूरे 9 दिन तक माता के दर्शन करने आते हैं। और अपने मनोकामना पूर्ण करते हैं धमतरी और रायपुर जिला की सीमा से लगे ग्राम कौही धर्मिक स्थल है और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। सिद्धिदात्री महाकाली के दरबार और स्वंभू भोलेनाथ महाकाल के दरबार दो बार सजता है। महाकाल का दरबार महाशिवरात्रि और सावन माह में सजाता है। वही महाकाली के दरबार दोनों नवरात्रि पर्व पर सजता है जहां दूर-दूर तक भक्त आकर दर्शन लाभ लेते हैं।



# युवा नेता सुरेन्द्र साहू के निवेदन पर सांसद विजय बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भेजा पत्र

पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

पाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पहंदा (अ) ग्राम पंचायत के उपसरपंच और भाजपा युवा मोर्चा के नेता प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख सुरेन्द्र साहू ने अपने ग्राम के विकास के लिए व जनता के हितों को ध्यान में रखते हु ग्राम में 35 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए सुरेन्द्र साहू ने दुर्ग के सांसद विजय बघेल को पत्र दिए है जिसमे स्व.सांसद ताराचंद साहू द्वारा निर्मित 25 वर्ष पुराने मानस मंच(कला मंच) निर्माण के लिए 20 लाख,डॉ. विश्वकर्मा पाल के घर से टीकाराम साहू घर तक सीसी रोड 7 लाख,मनहरण यदु कपड़ा दुकान से सुखसागर साहू गली 5 लाख,व बाजार चौक में अटल चबूतरा सौन्दरिकरण के लिए 3 लाख सहित कुल 35 लाख रुपए की विभिन्न विकास कार्यो की मांग के साथ सांसद महोदय से निवेदन किया,जिसपर सांसद बघेल द्वारा पाहंदा को अपना स्वयं का गांव और अपनत्व का भाव रखते हुए ततकाल माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर ग्राम के विकास के लिए मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से 35 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने अनुमोदित की गई है।

व मुख्यमंत्री ने सुरेन्द्र साहू व विजय बघेल के पत्रों का अवलोकन कर आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए।गांव गरीब, किसान, मजदूर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर संभव प्रयास कर रही निश्चितरूप पाहंदा (अ)को मुख्यमंत्री द्वारा सौगात प्रदान की जाएगी।उक्त मांग पर सांसद जी की तत्परता के लिए क्षेत्र के भाजपा नेताओं और ग्रामवाशियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार प्रकट की।



# जिले में बदमाशों की सघन जांच अभियान शुरू, बदमाशों को पुलिस की सख्त चेतावनी, त्यौहार के समय शिकायत आने पर होगी कड़ी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में त्यौहारों के पहले बदमाशों की सघन जांच का वृहद अभियान जिले भर में प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत कल सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने निगरानी, गुंडा और माफिया बदमाशों को तलब किया। थाना प्रभारियों ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की जांच की और उन्हें आगामी त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने से बचने के सख्त हिदायत दी गई। थाना प्रभारियों ने बदमाशों को स्पष्ट रूप से चेताया कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों, विवाद या असामाजिक कार्यों में लिप्त पाए जाने पर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बदमाशों को यह भी कहा गया कि यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो या किसी से विवाद की आशंका हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उचित समाधान निकाला जा सके। पुलिस ने उन्हें किसी भी प्रकार के विवाद, हिंसा या आपसी झगड़ों से दूर रहने की सलाह दी। थाना प्रभारियों ने आगाह किया कि पुलिस की पैनी नजर उनके हर गतिविधियों पर रहेगी और त्यौहार के दौरान विशेष निगरानी रखी जा रही है। यह भी समझाया गया कि त्यौहारों का समय शांति और सौहार्द्र का होता है, जिसमें जनता की सुरक्षा और शांति भंग करने का प्रयास किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान में जांच के दौरान कल 42 गुण्डा, 47 निगरानी तथा 11 माफी बदमाशों की जांच की गई थी, आज भी थाना प्रभारियों ने बदमाशों को थाने तलब किया। बदमाशों की जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन,निगम प्रशासन एवं पुलिस ने की तैयारी, अस्थायी पार्किंग के लिए मंथन शुरू, जल्द होगी व्यवस्था



पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठकर रणनीति बनाई। नगर निगम व पुलिस ने दुर्ग मार्केट के लिए व्यवस्था बनायेगी। जिसके तहत वाहनों के लिए पार्किंग बनाए गए हैं। साथ ही कुछ मार्गों पर बेरीकेट्स लगना तय किया है।त्योहार के मद्देनजर नगर निगम एवं यातायात पुलिस ने की तैयारी, दुर्ग में तय की पार्किंग त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर रणनीति बनाई। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर दुर्ग इदिरा मार्केट के लिए व्यवस्था बनाई है। जिसके तहत वाहनों के लिए पार्किंग बनाए जाएंगे। सोमवार को आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एसडीएम हरवंश मिरी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, तहसीलदार क्षमा यदु, यातायात पुलिस निरीक्षक यशपाल ध्रुव, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद द्वारा छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों व व व्यापारियों के साथ मार्केट क्षेत्र निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत इंदिरा व सराफा मार्केट के लिए व्यवस्था बनाई जावेगी। जिसमें व्यापारियों व दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए पुलिस लाइन, महात्मा गांधी स्कूल एवं मारवाड़ी स्कूल मैदान में पार्किंग बनाई गई है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि./यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, सिहावा भवन परिसर सिविल लाईन जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 04/कार्य/2024-25/रायपुर     दिनांक 07/10/2024

### // दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य की निविदा आयटम रेट निविदा प्रपत्र फार्म बी में प्रचलित बाजार दर में या इससे कम दर पर प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग रायपुर छ.ग. में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित किया जाता है। यह निविदा वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर भी उपलब्ध है।

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | कार्य अवधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | कलेक्टर सेक्टर के अंतर्गत बोर खनन कार्य, सोलर पंप स्थापना कार्य, वाटर फिल्टर एवं वाटर कूलर स्थापना कार्य, हाईब्रिड सोलर हाई मास्ट लाईट कार्य, इलेक्ट्रिक स्ट्रीट लाईट पोल में पेनल बोर्ड और टर्मिनल कार्य, पानी टंकी बनाने एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य, हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाईट कार्य, (मजदूरी सहित) इत्यादि कार्यों हेतु दर आमंत्रण। | वित्तीय वर्ष 2024-25 | प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर छ.ग. में पंजीकृत डी श्रेणी एवं उससे ऊपर (जिनको बोर खनन कार्य, सोलर पंप स्थापना कार्य, वाटर फिल्टर एवं वाटर कूलर स्थापना कार्य, हाईब्रिड सोलर हाई मास्ट लाईट कार्य, इलेक्ट्रिक स्ट्रीट लाईट पोल में पेनल बोर्ड और टर्मिनल कार्य, पानी टंकी बनाने एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य, हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाईट कार्यों का अनुभव हो) |

1. आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 17/10/2024 तक कार्यालयीन समय पर सायं 5.30 बजे तक आवेदन देकर निविदा प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।
2. उक्त निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 29/10/2024 को शाम 5.30 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 30/10/2024 को निविदाकारों के समक्ष दोपहर 3.30 बजे खोली जावेगी।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र, पंजीयन की मूल प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होना है।
4. निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं कार्य स्थल इत्यादि की जानकारी हेतु दिनांक 17/10/2024 के पूर्व किसी भी कार्यालयीन दिवस पर इस कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता,
वि./यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242503041/4


# हाईस्कूल बालिकाओं का साइकिल बांटा गया




**थानखम्हरिया।** शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी में 5.10.2024 को 37 छात्राओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत निः शुल्क साइकिल वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य सरोज बाला बनाफर ने सभी छात्राओं गौरमाटीको बधाई देते हुए बताया कि पहले छात्राएं बीच में पढ़ाई छोड़ देती थीं। साइकिल मिलने से आने जाने की सुविधा होने के कारण के उच्च शिक्षा प्राप्त कर गांव की सभी छात्राएं आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य गीता देवी मारकण्डेय सरपंच रोहिणी देवी नेताम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष टहल राम साहू ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संतोष साहू ,बूथ प्रभारी बृजेश्वर साहू पालक गण एवं व्याख्याता कीर्तन प्रसाद शुक्ला जयप्रकाश साहू एस कुमार मिर्चे ,दिनेश कुमार सोनी एवं मनीष कुमार उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय रासगरबा डांडिया का हुआ समापन

**चांपा।** सेवा संस्थान महिला विंग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रास गरभा एवं डांडिया महोत्सव का 7 अक्टूबर को शानदार समापन किया गया। महिलाओं ने रास गरबा आरंभ से पूर्व मां दुर्गा का घट पूजा कर आह्वान किया।पुराना कॉलेज के पास उमा उत्सव वाटिका में डांडिया नाइट का आयोजन 5 से 7 अक्टूबर तक हुआ। इस पूरे आयोजन में नगर के सभी समाज की की बच्चियों,महिलाओं व युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग ले अपनी भक्ति , शक्ति , जागरण व सांस्कृतिक कला का परिचय दिया।


## सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड
Cent Bank Home Finance Limited
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी  Subsidiary of Central Bank of India

### परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] (कब्जा नोटिस) अचल संपत्ति के लिए

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर, शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, रायपुर,** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, रायपुर,** के खाते के आगे वर्णित राशि के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | तिथि: एन.पी.ए. की / 13(2) नोटिस की / सांकेतिक कब्जा | मांग सूचना में राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| श्री राम नरेश उपाध्याय पुत्र श्री अत्रिमुनि उपाध्याय, श्रीमती प्रीति उपाध्याय पत्नी श्री राम नरेश उपाध्याय ऋण खाता संख्या : 00304010000301 | फ्लैट क्रमांक 504, पांचवी मंजिल, खसरा क्रमांक 405/1 और 405/3, पी.एच.नं. 107/50, गोकुल टॉवर गोगांव आरआईसी- रायपुर, तहसील और जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित, संपत्ति श्रीमती प्रीति उपाध्याय पत्नी श्री राम नरेश उपाध्याय के नाम पर, सीमाएं: पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम- लॉबी क्षेत्र, उत्तर- फ्लैट क्रमांक 503, दक्षिण- फ्लैट क्रमांक 505 | 09.07.2024 / 26.07.2024 / 04.10.2024 | 18,42,849/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क |

स्थान : रायपुर, दिनांक : 08.10.2024    प्राधिकृत अधिकारी, सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, रायपुर

शाखा : शाखा: रायपुर, मकान नं. ए-54 , गुप्ता डेंटल हॉस्पिटल के बाजू मे, स्ट्रीट नं. 1, नेताजी होटल चौक के पास, कटोरा तालाब, रायपुर (छ.ग.) 492001, फोन नं. 0771-2225088 और 0771-4218110, www.cbhfl.com



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क्र./ /अ-6(अ)/2023-24
ग्राम जशपुर, तहसील जशपुर

### // ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामीण जनता ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07 रा.नि.म. जशपुर, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक बरमेश्वर प्रसाद गुप्ता पिता राध्येश्या प्रसाद गुप्ता को जाति रैनियार, निवासी ग्राम कॉलेज भागलपुर जशपुर तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा स्वयं उपस्थित होकर ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07, रा.नि.म. जशपुर तहसील जशपुर में आवेदक के द्वारा बैनामा रजिस्ट्री दिनांक 20.07.2007 में क्रय की गई भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1036/1क/1, 1036/2 रकबा 0.121 हे. भूमि स्थित है। आवेदित भूमि खसरा नं. 1036/1क/1, 1036/2 रकबा 0.121 हे. वर्तमान भुईया ऑन लाईन में रणविजय सिंह राजकुमारी वगैरह के नाम से प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक द्वारा भुईया ऑन लाईन में हुए त्रुटि सुधार कर अपने नाम में इन्द्राज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ में ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, बी-1, टुकड़ा नक्शा, बैनामा रजिस्ट्री की छायाप्रति पेश कर निवेदन किया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 15/10/2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर नियत तिथि को प्रस्तुत कर सकते नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर, जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़)



## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)

### // उद्घोषणा //

क्रमांक/786/रीडर-1/2024     जशपुर, दिनाँक-4/10/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता जुरगुम प.ह.न. 07 राजस्व निरीक्षक मण्डल जशपुर तहसील जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मौ. मनौव्वर अंसारी पिता तसलीम अंसारी सा. जशपुर मु. करबला रोड पो. जशपुर तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम जुरगुम स्थित आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी** - ग्राम-जुरगुम, प.ह.न.-07, ख.न.-423/2, रकबा-0.2100 हे., में से/वर्ग.मी.-25 डिस्मील, प्रयोजनार्थ-व्यवसायिक प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक 17/10/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (स.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन समय 11.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
जशपुर, छत्तीसगढ़

## संपादकीय

# विधानसभा चुनाव परिवर्तन का अनुमान

**एक्ज़िट पोल** हरियाणा में परिवर्तन तथा जम्मू कश्मीर में 'त्रिशंकु विधानसभा' का अनुमान लगा रहे हैं। हरियाणा में जहां एक्ज़िट पोल कांग्रेस की निर्णायक विजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं, वहीं जम्मू कश्मीर में उनका अनुमान त्रिशंकु विधानसभा का है। चूंकि ये अनुमान प्रभावशाली राजनीतिक विमर्श के आधार पर होते हैं, इसलिए वे इन दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में केवल संभावित परिवर्तन की झलक देते हैं। हरियाणा में एक्ज़िट पोलों ने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी-भाजपा नीत सरकार को सत्ता से हटा कर सत्ता में आ सकती है जो 2014 से सत्ता में बनी हुई है। यदि ये अनुमान सही सिद्ध होते हैं तो हरियाणा के मतदाताओं में बढ़ती निराशा का संकेत होंगे जो खासकर किसानों और ग्रामीण मतदाताओं में है। वे भाजपा द्वारा 2020 में किसान विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीकों और इसके बाद हुए कृषि सुधारों से संतुष्ट नहीं हैं। कांग्रेस मतदाताओं में व्याप्त इस निराशा का लाभ उठा कर संभवत: उनको, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों व जाट समुदाय में लामबंद करने में सफल रही है। इस बीच जम्मू कश्मीर में एक्ज़िट पोल त्रिशंकु सदन का अनुमान लगा रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि इस संघशासित क्षेत्र में स्थिर सरकार बनाना एक चुनौती होगी। किसी एक दल को बहमत न मिलने के कारण आने वाले सप्ताहों में राजनीतिक



दांवपेंच व गठबंधन बनाने जैसी गतिविधियां महत्वपूर्ण होंगी। विभाजित जनादेश इस क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य की जटिलता स्पष्ट करता है जो 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद स्पष्ट रूप से सामने आई है। 'पीपुल्स एलायंस फार गुपकार डेक्लेरेशन'-पीएजीडी के महत्वपूर्ण पक्ष के रूप में उभरने की उम्मीद है, पर भाजपा ने भी खासकर जम्मू क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। इसलिए न केवल आंकड़े, बल्कि चुनाव-पश्चात गठबंधन सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वास्तव में त्रिशंकु विधानसभा से वार्ताओं का लंबा दौर चल सकता है जिससे संभवत: एक अस्थिर गठबंधन सत्ता में आ सकता है। यइ इस क्षेत्र में हालिया वर्षों में व्याप्त राजनीतिक अनिश्चितता को रेखांकित करेगा।

हरियाणा में कांग्रेस की विजय उसके लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। इससे वह आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी स्थिति सुधार सकती है। इससे कांग्रेस राजस्थान और पंजाब में अपने समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास कर सकती है। लेकिन यदि एक्ज़िट पोल के अनुमानों के अनुसार कांग्रेस को पूर्ण बहुमत न मिला तो उसे अपनी एकजुटता बनाए रखने में संकट का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस में व्याप्त भयानक गुटबाजी के चलते सत्ता मिलने पर भी उसे सभी गुटों में संतुलन बनाना कठिन होगा और कोई गुट छिटक कर विपक्ष के साथ जा सकता है। विद्रोहियों पर काबू करना उसके लिए आसान नहीं होगा। जम्मू कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा से इस संघशासित क्षेत्र में व्याप्त अस्थिरता गहरा सकती है। गठबंधन सरकार को जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच अक्सर टकराव वाले हितों में समन्वय बनाना होगा। चुनाव परिणामों से राष्ट्रीय पार्टियों को खासकर जम्मू कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में अपनी रणनीतियों की समीक्षा करनी होगी जहां सुरक्षा सरोकारों के साथ पहचान की राजनीति भी प्रभावी है। लेकिन जैसा कि सभी एक्ज़िट पोलों के साथ होता है, इन विधानसभा चुनावों के बारे में भी एक्ज़िट पोल अनुमानों को आलोचनात्मक दृष्टिकोण से देखना उचित होगा। पिछले अनेक चुनावों में एक्ज़िट पोलों के अनुमान सटीक नहीं पाए गए हैं।

# भारत की प्रगति का नया मार्ग

**स्वदेशी खोज एवं अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर भारत लंबे समय से व्याप्त आर्थिक अवधारणाओं को चुनौती देते हुए विश्व मंच पर अपना नया विमर्श स्थापित कर रहा है।**



अनुराग सक्सेना
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**स्वदेशी** खोज एवं अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर भारत लंबे समय से व्याप्त आर्थिक अवधारणाओं को चुनौती देते हुए विश्व मंच पर अपना नया विमर्श स्थापित कर रहा है। भारत आज पिछले लगभग एक दशक से 'मेक इन इंडिया' का लाभ उठाते हुए स्वयं को वैश्विक स्तर पर प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि शताब्दियों से पश्चिमी देश खोज, बौद्धिक संपदा-आईपी और तकनीकी प्रगति की अथक खोज का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने अक्सर विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में नई रचना का महिमामंडन किया है। इन देशों ने अपनी खोजों का आर्थिक लाभ उठाने का पूरा प्रयास किया और इसके साथ ही उन्होंने अपने विचारों का वैश्विक स्तर पर निर्यात कर स्वयं को आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित किया। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका ने विखंडनकारी तकनीकों से अपने उद्योगों में व्यापक परिवर्तन किया। इनमें इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल्स तथा एयरोस्पेस शामिल हैं। इससे उन्होंने अपने उत्पादों और सेवाओं का वैश्विक बाजार बनाया। इसी प्रकार यूरोपीय देशों ने ढांचागत विकास का लाभ उठाया जिसमें सड़कों व रेलों के व्यापक विस्तार से प्राप्त होने वाले लाभ शामिल हैं। इसके साथ ही आटोमोटिव, इंजीनियरिंग व शानोशौकत की वस्तुओं में उनके द्वारा की जाने वाली खोजों तथा आईपी का वैश्विक प्रभुत्व बनाने में महत्वपूर्ण स्थान रहा। इसके उलट भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थायें ऐतिहासिक रूप से अपने आर्थिक विकास के लिए केवल विनिर्माण और सेवाओं पर निर्भर रहीं। इस प्रकार ये दोनों देश 'मूल्य संवर्धन' के मामले में निचले क्षेत्र में बने रहे।

यह दृष्टिकोण जहां औद्योगीकरण और रोजगार सृजन के मामले में प्रभावी रहा, पर उसने आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं दी। इस प्रकार वे अपनी बौद्धिक संपदाओं का आर्थिक लाभ नहीं उठा पाए। इससे ये देश उत्कृष्ट तकनीकों के निर्माता के बजाय केवल उनके उपभोक्ता बन कर रहे गए। हालांकि, हालिया वर्षों में चीन ने इस माडल से अलग होने का प्रयास किया और उसने खोजों, बौद्धिक संपदा तथा तकनीकी प्लेटफार्मों में भारी निवेश किया। चीन ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अद्यतन तकनीकों का विकास किया जिसके चलते उसने हुआवेई, टिकटाक व विनसेंट जैसी विश्वस्तरीय विशाल कंपनियों का विकास करने में सफलता पाई।

इन प्रयासों से चीन न केवल अपने घरेलू उद्योगों का विकास करने में सफल हुआ, बल्कि वह बहुत महत्वपूर्ण वैश्विक निर्यातक भी बन गया। इसके चलते उसे दुनिया भर में मौजूद मूल्यवान डेटा तक पहुंच बनाई। दूसरी ओर भारत ने एक अलग रास्ता अपनाया। उत्पादन बढ़ाने तथा तकनीक सृजन के बजाय भारत कांटैक्ट सेंटरों, ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटरों-जीसीसी तथा आईटी सेवाओं के पर्याय के रूप में उभरा। इस प्रकार के दृष्टिकोण तथा प्राथमिकताओं के कारण भारत एक प्रकार से 'बैकरूम आफ वर्ड' बन गया। यह भूमिका उसके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी थी, पर इससे देश खोज एवं उच्च मूल्य वाजी प्रौद्योगिकी सृजन में पीछे रह गया। हालांकि भारत ने सेवायें देने में अग्रणी भूमिका निभाई पर वह अक्सर खोज तथा उत्पाद विकास प्रयासों में अन्य देशों के पीछे रह गया और इस मामले में नेतृत्वकारी भूमिका नहीं निभा सका।

लेकिन पिछले दशक में भारत ने दुनिया के प्रति अपने दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन किया है। दृष्टिकोण में इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप आज भारत एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक व राजनयिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ है और उसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत की है। राजनयिक रूप से भारत ने विश्व मंच पर ज्यादा आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया है। उसने अंतरराष्ट्रीय मामलों में रणनीतिक स्वायत्ता बनाए रखते हुए भी प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति तथा दुयिा की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बावजूद दुनिया के अधिकांश निवेशक भारत को अपने निवेश का सबसे सुरक्षित स्थल समझने लगे हैं। इसके साथ ही भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं का विकास किया है और उसने 'क्वाड' जैसी पहलों में प्रमुख भूमिका निभाई है। भारत लंबे समय तक दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बना रहा, पर अब वह हथियार निर्यातक प्रमुख देशों में शामिल हुआ है और 55 देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। इस प्रकार वह हिंद-प्रशांत में चीनी प्रभाव का मुकाबला कर रहा है। व्यापार के मोर्चे पर भारत ने व्यापार समझौतों पर लगातार बातचीत की है और वह वर्तमान समय में महत्वपूर्ण वैश्विक सप्लाई श्रृंखला का मजबूत पक्ष माना जाता है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय खासकर विश्व सप्लाई श्रृंखला में उसकी भूमिका उभर कर सामने आई है। इस हाल में प्राप्त आक्रामकता के कारण भारत वर्तमान समय में 'क्रिएट इन इंडिया' पर जोर दे रहा है जो सामयिक तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

खोज की संस्कृति विकसित करने के साथ ही भारत स्वदेशी तकनीकों के विकास पर जोर दे रहा है। इस प्रकार भारत अगली शताब्दी में आर्थिक तथा भावनात्मक शक्ति के रूप में अपने प्रभुत्व का दृष्टिकोण सामने रख रहा है। आर्थिक रूप से उसने देश को मूल्य श्रृंखला में मजबूत करने का अवसर दिया है। इससे उसे अपनी बौद्धिक संपदा का लाभ मिल रहा है तथा विदेशी तकनीकों पर उसकी निर्भरता घट रही है। भावनात्मक व वैचारिक शक्ति यानी 'साफ्ट पावर' के रूप में भारत मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे भारत लगातार विकृत पश्चिमी विमर्शों पर प्रतिक्रिया तक सीमित रहने के बजाय लगातार अपने विशिष्ट विमर्श को स्वरूप दे रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था कि 'हमें एकसाथ मिल कर क्रिएट इन इंडिया को गति देने वाला आंदोलन खड़ा करना चाहिए।' उस समय बहुत से लोग इस विचार का व्यापक असर समझने में विफल रहे थे, जबकि इससे जमीनी और मध्यम स्तर पर व्यापक परिवर्तन होने वाले थे। प्रधानमंत्री मोदी का यह आह्वान खासकर वर्तमान समय में व्याप्त उस राजनीतिक-अर्थनीतिक विमर्श को सही करने वाला था जो पश्चिमी देशों ने हमारे ऊपर सदियों से थोप रखा था। प्रधानमंत्री मोदी का इरादा भारतीय सभ्यता के विचारों का वैश्विक स्तर पर प्रचार और उनका निर्यात करना था। 'ईस्टमैन कलर' और 'विनाइल रिकार्डों' जैसी तकनीकों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को दुनिया भर में आगे बढ़ाने का मौका दिया था। इस प्रकार एक्सआर और गेमिंग के युग ने भारत को अपनी संस्कृति आगे बढ़ाने का मौका नहीं दिया। हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' की घोषणा की है। यह घोषणा 'वर्ड आडियो विजुअल एंड इंटरटेनमेंट समिट'-वेव्स 2025 के अंतर्गत की गई है। यह दुनिया में हमारी एवीजीसी क्षेत्र को दुनिया भर में प्रचारित करने की दिशा में पहला आयोजन होगा। इस व्यापक चैलेंज में विषयवस्तु व गेम्स के मामले में 25 क्षेत्रों में हमारी प्रतिभा का प्रदर्शन सारी दुनिया के सामने होगा। भारत को ऐसे अनेकानेक आयोजनों की आवश्यकता है। समय आ गया है कि सारी दुनिया भारत की रचनात्मकता तथा देश की महत्वाकांक्षा का परिचय प्राप्त करे।

लेकिन इस संभावना को प्राप्त करने के लिए भारत को भारी निवेश की आवश्यकता है। एवीजीसी क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन का भविष्य तथा मनोरंजन क्षेत्र का भविष्य भी निहित है। भारत की इस भावी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए कौशल विकास, निवेश पाइपलाइनों, इस व्यापक आयाम के प्लेटफार्मों के विकास तथा प्रगतिशील नियामक व्यवस्थाओं की आवश्यकता है। हालांकि, यह सब प्राप्त करना अभी कठिन लग सकता है, पर इस दिशा में 'गंगोत्री' की तरह शुरुआत कर भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है। इससे आने वाले सालों का विमर्श विकसित होगा।

# कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य

"नेतृत्व की सहायता से कर्मचारियों का तनाव घट सकता है तथा नौकरी से उनकी मानसिक संतुष्टि बढ़ सकती है।"

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



**वर्तमान** समय के गतिशील कार्यबल में कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उत्पादक तथा सामंजस्यपूर्ण परिवेश बनता है। कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखने में नेतृत्व की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बॉस और प्रबंधन के पास कार्यस्थल पर संस्कृति को स्वरूप दने, कर्मचारियों का संतोष प्रभावित करने तथा सीधे उनकी मानसिक बेहतरी सुनिश्चित करने की शक्ति होती है। नेतृत्व को ऐसे अधिकार और शक्ति होती है जिससे वह कर्मचारियों के अपने कार्य परिवेश के प्रति दृष्टिकोण को बदल सकता है। नेतृत्व द्वारा निर्धारित दिशा संगठन की मूल संस्कृति निर्धारित करती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सकारात्मक, प्रोत्साहक परिवेश कर्मचारियों की एकाग्रता व संतोष सुनिश्चित करता है, जबकि हानिकारक परिवेश उनमें तनाव तथा बेचैनी पैदा करता है। अनेक शोधों से संकेत मिलता है कि अपने नेताओं का समर्थन प्राप्त कर कर्मचारियों में तनाव का स्तर कम रहता है तथा नौकरी के प्रति उनमें संतुष्टि बेहतर होती है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इस प्रकार की परिवर्तशील और सहायक नेतृत्व शैली का सबंध कर्मचारियों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों से भी है। कर्मचारियों को भावनात्मक समर्थन देने तथा उनकी पहचान करने वाला नेतृत्व महत्वपूर्ण रूप से कर्मचारियों में दबाव का स्तर कम कर सकता है। इसके विपरीत तानाशाही नेतृत्व शैली का परिणाम अक्सर कर्मचारियों में बढ़ती बेचैनी तथा घटते उत्साह का कारण बनता है। परिवर्तनशील कार्य व्यवस्थायें, जैसे रिमोट कार्य तथा काम के परिवर्तनशील घंटों का कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे काम की मांगों



के साथ अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। प्रभावी नेतृत्व का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम समर्थन और पहचान प्रदान कर कर्मचारियों को संतुष्ट रखना है।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर्मचारी अपने योगदान और महत्व की स्वीकृति चाहते हैं। उनको रचनात्मक फीडबैक देने वाला बॉस और उनकी उपब्धियों का उत्सव मनाने वाला नेतृत्व उनमें जुड़ाव व प्रेरणा की भावना पैदा करता है। इस पहचान से कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ सकता है तथा संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मजबूत हो सकती है। दूसरी ओर पहचान स्वीकार न करने से उनमें अनुपयुक्त होने तथा निराशा की भावना घर कर सकती है जिसका प्रभाव अंतत: उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक होता है।

कार्यस्थल संबंधी आयामों तथा कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बहुत जटिल हैं, पर इनको लगातार संगठन की सफलता के लिए पहचाना जाता है। सहायक नेतृत्व को बढ़ावा देने से एक सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित होती है जिससे कर्मचारियों की बेहतरी को प्राथमिकता मिलती है। इससे संगठन मानसिक स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ावा दे कर समग्र रूप से उत्पादकता को प्रोत्साहित करता है। इस क्षेत्र में लगातार शोध कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य रणनीतियों को विकसित करने में प्रभावी हो सकती है। कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर नेतृत्व का प्रभाव बहुत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। बॉस को कार्यस्थल संस्कृति बदलने, सहायता एवं पहचान स्थापित करने, प्रभावी संप्रेषण करने, काम के बोझ का प्रबंधन करने, टकरावों का समाधान करने तथा आदर्श स्वस्थ व्यवहार विकसित करने की शक्ति प्राप्त होती है। इन आयामों का महत्व समझने से संगठन में स्वस्थ कार्य परिवेश विकसित होता है जहां कर्मचारियों का महत्व समझ कर उनको प्रोत्साहन मिलता है।

बिजनेसों के लगातार विस्तार से कार्यस्थल पर जटिलतायें पैदा होती हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रभावी नेतृत्व बहुत जरूरी है जो न केवल कर्मचारियों के लिए लाभदायक, बल्कि उत्पादक और प्रतिबद्ध कार्यबल बनाने के लिए भी आवश्यक है। इस तथ्य को स्वीकार किया गया है कि कार्यस्थल आयामों तथा कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध न केवल जटिल, बल्कि लगातार संगठनात्मक सफलता के लिए जरूरी है। सहायक नेतृत्व से सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है जिससे कर्मचारियों की बेहतरी को प्राथमिकता मिलती है। इससे संगठन मानसिक स्वास्थ्य परिणामों तथा समग्र रूप से उत्पादकता को बढ़ावा दे सकता है। इस क्षेत्र में लगातार शोध उन रणनीतियों का विकास करने के लिए आवश्यक है जिनसे कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले।

## आप की बात

### एक्ज़िट पोल की विश्वसनीयता

**पिछले चुनावों** में हमने देखा कि अनेक सीटों के परिणाम एग्जिट पोल के अनुमान के विपरीत आये। एग्जिट पोल पर कितना भरोसा किया जा सकता है? यह तो एक अनुमान भर होता है। स्कूल-कॉलेज में होने वाली परीक्षाओं में पहले गैस पेपर परीक्षार्थियों द्वारा देखे जाते हैं किन्तु जरुरी नहीं कि उसके भरोसे परीक्षा में बेहतर परिणाम लाये जा सकते हों। ठीक इसी तरह प्रसारित या प्रकाशित चुनावी एग्जिट पोल भी एक अनुमान होते हैं। मतदान के बाद सभी राजनीतिक पार्टियां भी अनुमान लगाती हैं किन्तु उनका गणित उनके दफ्तर तक सीमित रहता है या फिर उनके प्रवक्ता यह अनुमान टीवी पर होने वाली बहसों के माध्यम से जनता के बीच रखते हैं। इन पर शायद ही कोई भरोसा करता हो क्योंकि हर पार्टी अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग के रास्ते पर चलती है। काफी समय से पत्रकारों के दल भी एक्ज़िट पोलों के आधार पर अपने अनुमान बताने लगे हैं, पर अनेक पत्रकारों की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं। एक्जिट पोलों के नमूना आकारों और उनके विस्तार पर भी सवाल उठते हैं। अक्सर सर्वाधिक मुखर मतदाता ही ऐसे पोलों के जवाब देते हैं, ऐसे में मौन मतदाता कई बार चुनाव परिणाम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### जयशंकर का पाकिस्तान दौरा

**भारतीय विदेश मंत्री** एस. जयशंकर का प्रस्तावित पाक दौरा शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ की प्रस्तावित शिखर बैठक में भाग लेने के लिए है। एससीओ की बैठक वर्तमान अंतरराष्ट्रीय युद्धग्रस्त तनावपूर्ण माहौल में अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री का इस बैठक में भाग लेना महत्वपूर्ण है। इस मंच पर भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का प्रदर्शन करने के साथ ही रणनीतिक स्वायत्ता को स्पष्ट रूप से रेखांकित कर सकता है। भारत ने पुरानी गुटनिरपेक्ष नीति पर चलते हुए उसे ओर सक्रिय रूप प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना चाहता है। भारत इस बैठक में दुनिया भर में जारी युद्ध रोकने के लिए उपयुक्त सुझाव दे सकता है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार की द्विपक्षीय बातचीत से इन्कार किया है, लेकिन पाकिस्तान भारत से व्यापार शुरू करने के लिए छटपटा रहा है। पाकिस्तान अभी भी भारत-विरोधी एजेंडे पर चल रहा है, आतंकवादी भेज रहा है तथा विश्व मंचों पर कश्मीर राग अलाप रहा है। ऐसे में द्विपक्षीय वार्ता लगभग असंभव है। पाकिस्तान में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एससीओ बैठक टलने की आशंका भी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अनुसंधान और शोध

**अनुसंधान और शोध** के क्षेत्र में भारत के सामने कई चुनौतियाँ हैं, हालांकि इनके समाधान की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। जिस गति से दुनिया में विज्ञान और तकनीकी का विकास हो रहा है, उसे देखते हुए अब समय आ गया है कि भारत अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और मज़बूत करे। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह समाज के हर तबके तक पहुँचना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में जो शून्यता है, उसे केवल बेहतर नीति निर्माण से भरा जा सकता है। हमें सोचना होगा कि छोटे शहरों और गांवों के युवाओं को वैज्ञानिक सोच कैसे दी जाए। जब ये युवा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान का सहारा लेंगे तभी सही मायनों में अनुसंधान का उद्देश्य पूरा होगा। उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्यों में कृषि के साथ ही तकनीकी शिक्षा और कृषि अनुसंधान पर जोर देने की आवश्यकता है। सरकार को स्कूलों से ही बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। छोटे शहरों और गांवों में वैज्ञानिक शोध केंद्र स्थापित करना एक अच्छा कदम होगा। इससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे। स्थानीय उद्योगों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में समुचित सहयोग देना चाहिए।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### बसपा की स्थिति

**बहुजन समाज पार्टी**-बसपा के शिल्पकार मान्यवर कांशीराम को उनके महापरिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर पर याद करना उचित होगा। यह बसपा की स्थिति की समीक्षा करने का भी अवसर है। कांशीराम ने उपेक्षित, दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के मान, सम्मान व सुरक्षा के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। माना जाता है कि उन्होंने अपने जीवन में 4,000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर सोते हुए उपेक्षित समाज को जगाया था। उनका सबसे बड़ा योगदान 10 वर्ष से ठंडे बस्ते में पड़ी मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू कराने का प्रयास था। जब केन्द्र की वीपी सिंह सरकार ने मण्डल कमिशन रिपोर्ट लागू की तब बसपा तथा देश के दलित आंदोलनों ने उसका पुरजोर समर्थन किया था। सुश्री मायावती कांशीराम के इसी आजीवन योगदान के चलते तीन बार भाजपा के सहयोग से और एक बार पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। आज बसपा को समीक्षा करनी चाहिए कि वह कांशीराम के आदर्शों पर चल कर अपना गौरव पुन: प्राप्त करे।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आंदोलनकरियों से मिलने उप मुख्यमंत्री के पास समय नहीं, बुला कर वापस किया, आंदोलनकारियों ने की निंदा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनाल प्लांट बंदी को लेकर चल रहे आंदोलन का पंद्रहवां दिन था। इस संबंध में जानकारी देते हुए बेरला जनपद पंचायत सभापति सिद्दीक खान ने बताया कि आंदोलनकारी उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल न पहुंच जाएं इस भय से प्रदर्शकारियों को उप मुख्यमंत्री से मिलने विधायक दीपेश साहू द्वारा सर्किट हाउस बुला लिया गया था। प्रदर्शनकारी विधायक दीपेश साहू के निमंत्रण पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलने के लिए पहुंचे थे, लेकिन अरुण साव ने एक मिनट का भी समय नहीं दिया, और चलते हुए मिलने के लिए रायपुर आने के लिए कह दिया। विधायक और उप मुख्यमंत्री के रवैए से आंदोलनकारियों को इससे बेहद निराशा हुई। अपने को ठगा सा महसूस करने लगे और नाराज होकर धरना स्थल वापस पहुंच कर फिर से अपना आंदोलन को जारी रखे हुए है। आगे की रणनीति पर काम शुरू करने जा रहे हैं। एक ओर शीघ्र प्लांट प्रारंभ होने जा रहा है तो दूसरी ओर शासन प्रशासन किसानों की शंका और चिंता को नजर अंदाज करके उद्योग पति की सहायता में लगा हुआ है। आज तक न तो जांच कमेटी बन पाई है, न ही एक भी कार्यवाही की गई है। आने वाले समय में कभी भी आंदोलन के उग्र होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि प्रदर्शनकरियों को ऐसा महसूस हो रहा है कि उद्योगपति के शह पर ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर रहा है। जिससे ग्रामीणों का गुस्सा भड़क रहा है। आंदोलन में अजिताभ मिश्रा, जयपाल साहू, घनाराम निषाद, रामलाल साहू, विरेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, दिनेश साहू, दौना यदु, परमिला साहू, तिजकली निषाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

# घर में बच्चों के पढ़ने के लिए अच्छा माहौल दे पालक : विधि शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड में शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों ने बड़े ही उत्साह के साथ बैठक में शामिल हुए। अपने बच्चों की त्रैमासिक परीक्षा परिणाम देखकर खुशी जाहिर की तथा उनकी गलतियों पर बारीकी से ध्यान देते हुए शिक्षक से चर्चा की साथ ही बच्चों की कक्षा की विभिन्न विधाओं पर किए गए कार्यों को देखकर खुश हुए। शिक्षिका विधि शर्मा ने पालकों से चर्चा करते हुए उनके विचारों को सुना तथा आगामी समय में उस पर कार्य करने हेतू आश्वस्त किया पालक शिक्षक मेगा बैठक में महेश वर्मा, धर्मराज वर्मा, पनिहारीन, कमल, पुष्पा, दुष्यंत एवं अन्य पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षिका विधि शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। घर में बच्चों को अच्छा माहौल दे।घर में भी अच्छा माहौल देना वातावरण देना यह भी पालकों का दायित्व है। उनकी छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान पालक घर पर ही करें। उन्हें पढ़ने हेतु प्रेरित करे। तथा किसी भी तरह की शाला संबंधी जानकारी के लिए आप शाला में आइए आपका स्वागत है। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापित कर सहयोग हेतु अनुरोध किया।

# शारदीय नवरात्र में देवी दर्शन करने पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ बेरला में आदि शक्ति माँ कारोकन्या, संडी के माता सिद्धि मंदिर, नगर बेमेतरा में माता भद्रकाली एवं माता शीतला का दर्शन पूजन कर क्षेत्रवासियों के कुशल मंगल की प्रार्थना किया। विभिन्न स्थानों पर विराजमान माता दुर्गा देवी जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए। साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बैठकर देवी जस गीत का रसपान किया और माता रानी से पूरे क्षेत्रवासियों के लिए खुशहाली की कामना की पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अपने विधायक कार्यकाल में भी इसी तरह नवरात्र के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विराजित मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के मंदिरों में जाकर आशीर्वाद लेते रहे हैं तथा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मंगल कामनाएं करते रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आदरणीय पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ बेरला में आदि शक्ति माँ कारोकन्या, संडी के माता सिद्धि मंदिर, नगर बेमेतरा में माता भद्रकाली एवं माता शीतला का दर्शन पूजन कर क्षेत्र वासियों के कुशल मंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित लुकेश वर्मा सुमन गोस्वामी शशिप्रभा गायकवाड़ रासबिहारी कुर्रे भारतभूषण साहू राजेश दुबे अनिल जैन नेहा सुराना प्रवीण शर्मा रश्मि मिश्रा अवनीश राघव टी.आर.जनार्दन प्रणीश चौबे अखिलेश तिवारी जोगेंदर छाबड़ा तरण निर्मलकर छगन साहू प्रांजल तिवारी अजय राज सेन राजू साहू देवा गर्ग वीरेन्द्र साहू अनिल दुबे कांग्रेस कार्यकर्ता मंदिर समिति के सदस्य एवं सेवा समिति के सभी सदस्य गण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# परिक्षेत्रीय सतनामी समाज सेलूद की बैठक में संगठन का किया गया विस्तार

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



तहसील सतनामी समाज के अंतर्गत परिक्षेत्रीय सतनामी समाज सेलूद की बैठक सतनाम भवन सेलूद में आयोजित की गई थी। जिसमें परिक्षेत्र के 21 गांवो के समाजिक लोगो ने समाजिक संगठन के साथ साथ समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए समाजिक संगठन पहली प्राथमिकता है। सेलूद परिक्षेत्र के लिए दूसरी बार दिलीप कुर्रे को अध्यक्ष चुना गया है। जिसको सर्वसहमति से सभी ने समर्थन किया। समाज में पहली बार युवा अध्यक्ष एवं महिला अध्यक्ष की पद के लिए सेलूद परिक्षेत्रीय सतनामी समाज में युवा अध्यक्ष गौरव कौशल पतोरा, महिला अध्यक्ष किरण सोनवानी सेलूद को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा परिक्षेत्रीय सतनामी समाज के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रामनाथ गायकवाड, कोषाधक्ष चेतन जोशी, सचिव गणेश देशलहरे, महासचिव पुनीत कुर्रे, संगठन सचिव अरुण बालकिशोर, संरक्षकगण सेवालाल आनंद, राजाराम बांधे, बुधेलाल बंधे, जवाहर लाल बघेल, युवा अध्यक्ष गौरव कौशल, महिला अध्यक्ष किरण सोनवानी, सचिव लक्ष्मी गायकवाड, संगठन सचिव चंद्रावती कुर्रे, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गायकवाड की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष संतराम कुर्रे, उपाध्यक्ष पवन डाहरे, जामगांव आर के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बघेल, रानीतराई परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भोलेश्वर चंदनीहा, सचिव शिवनाथ बंजारे, कोषाध्यक्ष रमेश कुर्रे, महासचिव दुर्गेश पाटिल, बालाराम कोसरे, दिलीप कुर्रे, राजाराम बांधे, राजकुमार बघेल, सेवालाल आनंद, चेतन जोशी, पुनीत कुर्रे, बुधेलाल बांधे, किरण सोनवानी, गौरव कुर्रे, अरुण कमल बालकिशोर, यशवंत कुर्रे, धनेश्वरी बंजारे, गीता हरिवंश, श्यामलाल चेलक, रामनाथ पप्पू, विकास बंजारे, अनुपी बंजारे, मीना गायकवाड, संजय गायकवाड, गणेश राम, पवन जोशी, नाथूराम बारले, विष्णुप्रसाद, गोविंद कुमार, सतरूपा देशलहरे, अनुसुइया, ज्ञायत्री देशलहरे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुम्हारी पुलिस ने साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रहने लोगों को किया जागरूक



पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगरीय क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार लोग ठगी के अलग-अलग ढंग से ठगे जा रहे हैं। आधुनिक सुविधाओं का दुरुपयोग करते हुए अपराधी साइबर ठगी कार्य कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप आमजन को जो उनके झांसे में आ जाते हैं। अपने वर्षों की परिश्रम से अर्जित राशि क्षण भर में गंवा बैठते हैं। अपराधी नई-नई तकनीक का प्रयोग कर लोगों को और देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहे हैं। ठगी के नए-नए तौर तरीकों से लोगों को शासकीय नौकरी दिलाने, डॉक्टर्स, इंजीनियर और व्यापारियों को ठगते चले जा रहे हैं। इन्हीं सब स्थिति को ध्यान में रखते हुए गंभीरता पूर्वक साइबर फ्रॉड की घटनाओं के प्रति आम जनों को जागरूक करने कुम्हारी थाना प्रभारी जे आर कुर्रे ने विगत दिनों साइबर सजगता, जागरूकता जन-जन तक प्रचारित प्रसारित करने के उद्देश्य से चौक चौराहों पर आम जन को साइबर अपराधों ठगी से स्वयं को सुरक्षित रखने संबंधी जानकारी प्रदान की। साथ ही अपने आसपास के लोगों में भी यह जानकारी प्रसारित करने की अपील की उन्होंने साइबर प्रहरी की सहायता से ऐसे अपराधों के कम होने की जानकारी देते हुए कहा कि इससे जुड़े और स्वयं को सुरक्षित रखें।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवदुर्गा की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेलूद में विराजमान मॉ नवदुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष रूपराम साहु, जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, तामसेन साहू, शुभम साहु, विकास साहु, रूपेश यादव, विकास ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# तीन हाइवा गिट्टी का तथा दो हाइवा रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया, खनिज विभाग दुर्ग की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

खनिज विभाग जिला दुर्ग द्वारा बीती रात को मचांदुर चौकी क्षेत्र एवं नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई की गई। इन दोनों जगह पर चार हाइवा में गिट्टी तथा दो हाइवा में रेत का अवैध से परिवहन करते पाया गया। इन सभी गाड़ियों को नजदीकी थाना क्षेत्र के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग इस पर कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कलेक्टर दुर्ग एवं जिला खनिज अधिकारी के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम सोमवार रात्रि को ही अलग-अलग क्षेत्र में कार्रवाई की। पाटन ब्लॉक के गुढ़ियारी के आसपास दो हाइवा को गिट्टी का अवैध परिवहन करते तथा दो हाइवा को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया है। इन्हें मचांदुर चौकी में खड़ी कराई गई है। इसी तरह से कोडिया के आसपास भी रात्रि को ही खनिज विभाग की टीम ने गाड़ियों की जांच करना शुरू किया। जिसमें एक हाइवा को चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया इन सभी गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर एसपी पहुंचे कालिका माता मंदिर



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने किया धार्मिक स्थलों का निरक्षण सिद्ध शक्ति देवी माँ कालिका मंदिर पहुंचने पर कलेक्टर का किया एवं पुलिस अधिक्षक राम कृष्ण साहू का भी माता कालिका का दिव्य तस्वीर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मोमेटो भेंटकर किया स्वागत बीते सोमवार को जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने एस पी राम कृष्ण साहू एस डी एम घनश्याम तवर सी एम ओ नगर पालिका बेमेतरा के साथ जिला मुख्यालय स्थित माँ भद्रकाली तालाब सहित सभी धार्मिक स्थलों का औचक निरक्षण किया और माँ कालिका भद्रकाली से आशीर्वाद लिया निरक्षण के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मोमेटो भेंट कर स्वागत किया इस अवसर पर राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा विकाश तम्बोली गौरव साहू दिनेश सिन्हा अमरीका निर्मलकर छोटू माहेश्वरी राजकुमार ठाकुर मनीष छाबड़ा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पांच दिवसीय जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन विकासखंड बेरला के शासकीय उच्च माध्यमिक शाला लेंजवारा में 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक किया गया। शिविर का उद्देश्य स्काउट्स एवं गाइड्स को आपदा प्रबंधन की विधाओं में प्रशिक्षित करना और संकट के समय सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना था। विगत दिवस बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शिविर में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू, डॉ. चुरामन साहू, सहायक संचालक एस. पी. कोशले, और फत्ते साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर रणबीर शर्मा ने युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक होने और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। बच्चों को अभ्यास करते रहने की सलाह दी। शिविर में विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ राहत, और खोज एवं बचाव कार्य शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान टीमवर्क और नेतृत्व के गुणों पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर में अलग-अलग दिन विभागों अधिकारियों ने शिविर में जानकारी उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य विभाग बेरला के डॉक्टर की टीम द्वारा स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार, सहित मौसमी बीमारियों के लक्षण और उपचार पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराया। शिविर के कार्यक्रम प्रभारी व विकास खंड सचिव अमित क्षत्रीय एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट फनेन्द्र लोधी द्वारा आपदा आ जाने पर स्काउट गाइड कैसे तैयार रहते हैं उसका प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। शिविर को सफल बनाने सत्य नारायण साहू जिला सचिव, रजनी रेड्डी, अनुज साहू, गौकरण पाटिल, हारुन अली, राधा वर्मा, मनोज साहू, वंदना, पूनम सलूजा, उमा साहू, तारामती साहू एवं सर्विस रोवर रेंजर की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने देवी मंदिरों में की पूजा अर्चना



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

प्रदेश व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शारदीय नवरात्र के पंचमी दिवस दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्थित मां दुर्गा के अनेक मंदिरों में पूजा अर्चना किया। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम रसमड़ा स्तिथ झांपी डोंगरी मंदिर की पूजा-अर्चना की और माथा टेका तथा ग्राम गनियारी में दुर्गा पंडाल पहुँच कर आशीर्वाद लिया। साथ ही नगर निगम रिसाली के विभिन्न पंडालो में शामिल हुये। समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, सरपंच ममता भागवत साहू, लालजी गुप्ता, रोहित साहू, परमानद साहू सहित मंदिर समिति सदस्यगण मौजूद थे।

# जनपद सीईओ के पत्र को तबज्जों नहीं दे रहा कुंडा सरपंच

## सात दिवस के लिए जारी नोटिस महीना निकल गया

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंडा में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत कुंडा है। जिसकी लागत लगभग 43 लाख रुपए है। कार्य एजेंसी के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखा रहा, जिसे लेकर जनपद पंचायत पंडरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन उक्त नोटिस पर निर्धारित समय पर भी कार्य पूर्ण नहीं किया। अभी भी लगभग पच्चीस फीसदी कार्य बचा हुआ है।



### प्रदूषण, गंदगी और बीमारी से बचाने की है योजना

ग्राम पंचायत कुंडा में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है। गांव को स्वच्छ सुंदर एवं प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए यह निर्माण किया जा रहा है। अभी तक सेप्टिक टैंक के गाद को टैंकों में भरकर खुले में सड़क के किनारे गिरा दिया जाता है, जिससे जहां बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषित होता है और भयंकर बीमारियां फैलती हैं। ट्रीटमेंट प्लांट से यहां आने वाली गंदगी को निस्तारित कर पानी को साफकर दूसरे प्रयोगों में लाया जाएगा लेकिन ग्राम पंचायत कुंडा के सरपंच सचिव ने निर्माण कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे है।

### सीईओ के पत्र को नहीं दिया तबज्जों

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) ने कारण बताओ नोटिस क्रमांक /376 स्व.भारत मिशन./ज.पं./2024 पण्डरिया, दिनांक/3/09/2024 को सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत कुण्डा जारी किया। जारी पत्र में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला पंचायत कबीरधाम के द्वारा आपके ग्राम पंचायत कुण्डा मे फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लान्ट निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया गया है किन्तु आपके द्वारा उक्त कार्य को आज दिनांक तक पूर्ण नहीं किया गया जो आपके कर्तव्य के प्रति लापरवाही प्रतीत होता है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि 07 दिवस के भीतर उक्त कार्य को पूर्ण कराकर स्वयं उपस्थित होकर अगयत कराना सुनिश्चित करे। समयावधि ने पूर्ण नहीं कराने पर आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगे लेकिन पत्र जारी हुए एक माह से ऊपर हो गया बावजूद कार्य पच्चीस फीसदी से अधिक बचा हुआ है।

# भाजपा के जीत पर जैनब खातून ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को खिलाई मिठाई

## हरियाणा से भाजपा की जीत पर महिलाओं में खुशी की लहर : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा में हैट्रिक ,सारे एग्जिट पोल्स को धता बताते हुए भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल हुई। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के आवास पर एकत्रित लता संतवाणी,सरला संतवाणी,सरिता संतवाणी, बबिता संतवाणी,पंखुड़ी संतवाणी, मीना मोटवानी,रिम्पी खानुजा, सती राजपूत,महिमा ठाकुर, लता श्रीवास,जैनब खातून,महिमा ठाकुर, अन्नपूर्णा ठाकुर,लता साहू, सहित महिलाएं टीवी पर हरियाणा की जीत सुनिश्चित होते ही एक दुसरे को गुलाल लगा लड्डू खिला खुशी का इजहार किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के घर आज सुबह से मुहल्ले की महिलाए राज्यो के चुनाव परिणाम जानने टी वी स् ीन के सामने बैठी हुई थी,शुरवाती रुझानों में कांग्रेस की बढ़त से मायूस महिलाए घर चले गई थी पर 11 बजे के बाद जैसे ही भाजपा को बढ़त के रुझान आने लगे एक के बाद एक महिलाए पुनः एकत्रित होती गई और लगभग 3.30 बजे जब रुझान परिणामो में बदलने लगे तो भाजपा की जीत पक्की होने पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर और लड्डू खिलाकर भाजपा की जीत पर खुशी का इजहार किया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि महतारी वंदन से महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह उनके खाते में मिल रहे हैं,भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा में 33 सीटे महिलाओं को देकर संसद और विधानसभा में भेजने का बिल पारित किया,महिलाओं का दिल भाजपा के साथ है,भाजपा के जीत पर महिलाएं खुश हैं और चाहती है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली मोदी जी की लोककल्याणकारी सरकार पूरे देश मे जीते और महिलाओं का मान किसानों के मान बढ़ाते रहे। निर्वाणी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के परिणाम में जम्मू क्षेत्र में भाजपा ने क्लीनस्वीप किया है ।

# डीएसपी के साथ पुसौर पुलिस ने की ढाबों पर रेड अवैध शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में, कल 6 अक्टूबर को पुसौर पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कई ढाबों पर सघन शराब रेड की कार्रवाई की गई। हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना पुसौर स्टाफकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम तेतला चिखली के विभिन्न ढाबों पर छापेमारी की।

**रंगीला ढाबा रेड**–मुखबिर की सूचना पर रंगीला ढाबा में कार्यरत प्रताप कुमार साव पिता अमृत साव उम्र 30 वर्ष साकिन चिखल थाना पुसौर के कमरे में तलाशी के दौरान 16 पाव देशी प्लेन और 14 पाव गोल्डन गोवा शराब बरामद की गई। आरोपी के पास शराब रखने के कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**ढाबा मालिक पर भी कर्रवाई**- इसी तरह, रंगीला ढाबा के मालिक गौरी शंकर गुप्ता आ चकपाणी गुप्ता उम्र 42 साल साकिन तेतला थाना पुसौर गौरी गुप्ता के कमरे से 12 पाव देशी और 02बॉटल और 02 पाव अंग्रेजी शराब, 02 नग सिम्बा बीयर के रूप में अवैध शराब बरामद हुई। गवाहों के सामने आरोपी ने बताया कि वह इस शराब को अवैध बिक्री के लिए रख रहा था। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी पर कार्रवाई की।



**दीपक ढाबा पर कार्रवाई** –ग्राम तेतला रोड पर स्थित दीपक ढाबा पर छापेमारी के दौरान संचालक पिन्टू कुमार सिंह पिता स्व. कृष्णदेव सिंह उम्र 48 वर्ष सा. चिखली थाना पुसौर के कमरे से 07 पाव देशी, 11 पाव अंग्रेजी, 03 नग सिमबा बीयर, अवैध शराब बरामद की गई। उसने भी अवैध बिक्री के उद्देश्य से शराब छुपाकर रखने की बात कबूल की।

**मेहमान ढाबा से बरामदगी**–चिखली रोड के किनारे स्थित मेहमान ढाबा से संचालक रामनिवास सतनामी पिता महाजन सतनामी उम्र 35 वर्ष साकिन जूटमिल सामने गली थाना जूटमिल के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन शराब एवं 10 पाव अंग्रेजी शराब, अवैध शराब बरामद की गई। उसने भी अवैध लाभ के लिए शराब छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। इन आरोपियों पर थाना पुसौर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**धरनी ढाबा रेड** –औरदा रोड के धरनी ढाबा में ग्राहकों को शराब परोसते हुए संचालक दयाराम नायक पिता सीताराम नायक उम्र 39 वर्ष सा0 ग्राम सुकुल भठली थाना पुसौर को गिरफ्तार किया गया। ढाबा परिसर से अंग्रेजी शराब और शराब पीने के लिए इस्तेमाल होने वाला सामान भी जप्त किया गया। धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस व्यापक अभियान में पुलिस की टीम ने कुल 4 ढाबों पर छापेमारी कर 26.320 लीटर अवैध देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर (15,550) और अन्य सामग्री जब्त की। टीम में शामिल अधिकारी रू उप निरीक्षक कुदन लाल गौर, एएसआई मनमोहन बैरागी, उमाशंकर विश्वाल, महिला आरक्षक जेनिपा पन्ना, आरक्षक आनंद कुजुर, अनूप साव और दिलीप साव।

# महिला जागृति शाखा शक्ति के रास गरबा डांडिया में पहुंचे महंत सहित पूर्व मंत्रियों का हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



7 अक्टूबर को शक्ति शहर के शुभम ग्रीन्स में मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा एवं मित्र क्लब द्वारा संयुक्त रूप से नवरात्रि पर्व पर रास गरबे का रंगारंग आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत का महिला जागृति शाखा ने जोरदार स्वागत किया, डॉ.महंत को जहां मुख्य द्वार से ही नृत्य करते हुए कार्यक्रम परिसर तक ले जाया गया तो वहीं डॉक्टर चरण दास महंत के साथ अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री नोबेल कुमार वर्मा, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दिगंबर प्रसाद चौबे, ठाकुर गुलजार सिंह, नगर पालिका चंपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित अन्य दिग्गज कांग्रेसी नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जहां पूरे शुभम ग्रीन्स परिसर की आकर्षक साजट्टसजा की गई थी तो वहीं इस कार्यक्रम में महिला जागृति शाखा के सदस्यों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत सहित अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया तत्पश्चात माता रानी की धुन पर जहां लोग थिरक उठे तो वही शक्ति शहर में आयोजित इस रास गरबे के कार्यक्रम को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो गुजरात में प्रसिद्ध डांडिया नाच का आयोजन हो रहा हो वही कार्यक्रम में जहां अतिथियों ने भी माता रानी का दीदार करते हुए माता रानी की धुन पर डांडिया खेला तो वहीं इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा कि आज नवरात्रि का यह पर्व हम सबके लिए एक गौरवशाली है।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में महाविद्यालय स्तरीय कुल उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में महाविद्यालय स्तर पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के चतुर्थ कुल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न बौद्धिक एवं साहित्यिकप्रतियोगिताओं (भाषण, निबंध, चित्रकला व लोकनृत्य)का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रकला प्रतियोगिता जिसका थीम हमर छत्तीसगढ सुग्घर छत्तीसगढ़ से हुआ। तत्पश्चात निबंध(पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका) प्रतियोगिता, भाषण (स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत) प्रतियोगिता एवं लोकनृत्य (सुवा/ करमा/पंथी) प्रतियोगिताएं क्रमशः संपन्न हुआ। सभी प्रतियोगिताओ में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय कुल उत्सव कार्यक्रम के लिए किया गया। प्रतियोगिताओं के अंत में कुल उत्सव कार्यक्रम की संयोजक प्रो. हेमपुष्पा चंद्रा के द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समस्त प्रभारी प्राध्यापक सदस्यों , समस्त स्टाफएवं छात्र छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले, आई क्यू एस सी प्रभारी प्रो अजय देवांगन, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. एस राज, प्रो शत्रुहन अनंत, प्रो ललित सिंह, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े, प्रो ऋतु पटेल,अतिथि व्याख्याता प्रो महेंद्र यादव, प्रो सीमा साहू, डॉ हरिशंकर रजक,प्रो यज्ञचरण राठिया, प्रो संतोष जांगड़े, डॉ टंडन, डॉ.श्रुति तिवारी, प्रो विद्या रायसागर, डॉ.अर्चना चंद्रा, प्रो जी एस मैत्री, डा. ज्योति कुशवाहा, प्रो अनिल खर्रा, प्रो जायसवाल, प्रो प्रधान एवम छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीयुष जायसवाल को न्यायालय से मिली अग्रिम जमानत

- **पैसों की लालच में फर्जी शिकायत करने की तैयारी में लगे असमाजिक तत्व के लोग और नेता**

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले के बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी शंकर निवासी पीयूष जायसवाल के खिलाफ बीते दिनों बम्हनीडीह थाना में धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज हुआ था जिसमे आज जांजगीर न्यायालय प्रथम श्रेणी ने उस मामले में अग्रिम जमानत दे दी है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ लोग उसे फसाने में लगे है सभी उसे धमका चमका कर पैसे की मांग कर रहे झूटी रिपोर्ट कर उसे देख लेने की धमकी तक दे रहे हैं और लाखों रुपए की मांग करने में लगे हुए आप को बता दें की इन सब के पीछे क्षेत्र के ही कुछ असमाजिक तत्व के लोग के साथ कुछ नेता भी इस तरह की हरकत कर लाखों रुपए कमाने का सपना देख रहे हैं आप को बता दें की पीयूष जायसवाल ने अपनी मेहनत से रियल एस्टेट के बिजनेस से अपना नाम रोशन किया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीयूष जायसवाल को अग्रिम जमानत मिलने की बात अब क्षेत्र के असमाजिक तत्व और नेताओं के गले से नहीं उपर रहे हैं और वह फिर से फर्जी शिकायत करने की फिराक में मनगढ़ंत कहानी बना कर फर्जी शिकायत करने की बात कहते फिर रहे हैं पर इन सब से पीयूष जायसवाल को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है केव की पीयूष जायसवाल ने अपनी मेहनत और लगन से रियल एस्टेट का बिजनेस कर काफी उपलब्धि हासिल कर लोगों का दिल और विश्वास जीत लिया है सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है की एक पुलिस कर्मी ने इस मामले में और लोगों को आरोपी बनाने की धमकी देकर उनसे मोटी रकम ऐंठी है जिस बात की चर्चा लोगों के बीच चल रही है ।

## जिले के 06 टीआई के हो गए तबादले, अन्यत्र जिलों में भेजा गया निरीक्षकों को

**सक्ती।** कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर ने शक्ति जिले में वर्तमान में संख्या से अधिक 12 टीआई के पदस्थ होने के कारण 6 टीआई के तबादले अन्यत्र जिलों में कर दिए हैं, तथा उपरोक्त सभी टीआई वर्तमान में आरक्षि केंद्र शक्ति जिले में पदस्थ थे, जिसमें प्रमुख रूप से निरीक्षक सुनील कुजूर को शक्ति से सारंगढ़- बिलाईगढ जिला, निरीक्षक सुनीता नाग को शक्ति से सारंगढ़- बिलाईगढ जिला, निरीक्षक नंदन लाल राठिया को शक्ति से सारंगढ़- बिलाईगढ जिला, निरीक्षक राजेश कुमार चंद्रवंशी को शक्ति से सारंगढ़-बिलाईगढ जिला, निरीक्षक राजेश खलको को शक्ति से कोरबा एवं निरीक्षक ललित कुमार चंद्रा को भी शक्ति से कोरबा भेजा गया है।

# सक्ती के पापा ढाबा लान में हुआ गबेल गरबा नाइट का रंगारंग आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में नवरात्रि पर्व पर चारों ओर मां दुर्गा की आराधना में लोग डूबे हुए हैं,तो वहीं शहर के गबेल समाज ने भी हरेठी में स्थित पापा ढाबा लान में गबेल गरबा नाइट का आयोजन किया, इस अवसर पर जहां मां जगदंबा भवानी की पूजा- अर्चना कर इस गबेल गरबा नाइट का शुभारंभ हुआ, तो वही इस कार्यक्रम में गबेल समाज के बंधुओ ने सह परिवार उपस्थित होकर बड़े ही उत्साह के साथ गरबा खेला तथा समाज की महिलाएं एवं युवतियां मां जगदंबा भवानी की धुन पर जहां थिरक उठे तो वहीं इस कार्यक्रम में समाज की महिलाएं, बच्चे, पुरूष सभी उपस्थित थे, तथा माता रानी के भजनों से पूरा गरबा पडाल झूम उठा, वहीं गबेल समाज शक्ति ने पहली बार इस गरबा नाइट का आयोजन नवरात्रि पर्व पर किया था, जिसमें भाग लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से भी समाज के लोग पहुंचे हुए थे वहीं पूरे आयोजन को सफल बनाने में जहां गबेल समाज के बंधुओ का योगदान रहा तो वहीं नवरात्रि पर्व पर रास गरबा नाइट का भी अपना एक अलग महत्व होता है।

# भाजपा नेता राजेश ढोसले को मिली शासन में नई जिम्मेदारी, गुरु घासीदास सम्मान के लिए नियुक्त किए गए जूरी के मेम्बर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



बीजेपी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश ढोसले को छत्तीसगढ़ शासन ने नई जिम्मेदारी दी है, छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति विकास अनुसूचित जाति विकास अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश दिनांक-07 अक्टूबर 2024 नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र कमांक/एफ20-53/2014/25-1,के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जातियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति / संस्था को गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान पुरस्कार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार नियम 2004 की कण्डिका-4 के प्रावधान अनुसार वर्ष 2024 में पुरस्कार हेतु व्यक्ति / संस्था के चयन हेतु निम्नानुसार छः सदस्यीय निर्णायक मण्डल (जूरी) का गठन किया गया है। इस कमेटी में जहां जांजगीर के राजेश ढोसले को भी ज्यूरी का मेंबर बनाया गया है, तो वहीं राजेश ढोसले की नियुक्ति से जहां अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक बंधुओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है, तथा राजेश ढोसले ने भी अपने इस नियुक्ति पर कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे साथ ही परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप अपना सहयोग करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित कमेटी में अध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा जिला-दुर्ग (छ.ग.), सदस्यगण-नवीन मारकण्डेय पूर्व विधायक, सेक्टर 08, क्वार्टर नं. 15. एच.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 94255-55829। संजय ढ़ीढ़ी पूर्व विधायक आरंग, ग्राम व पोस्ट-भोरिंग, जिला-महासमुंद (छ.ग.), निर्मलः सिन्हा पूर्व विधायक, मु.पो. हसौद, विकास खण्ड जैजेपुर, जिला-सक्ति (छ.ग.) मो. नं. 96302-01900 , राजेश ढोसले, वार्ड क्रमांक-21 रवड़फड़ी पारा, जांजगीर,जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) मो.नं.-72258-07125, 70003-18325 एवम सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग, रायपुर (छ.ग.) होंगे।

# शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में हो रहे निरंतर अग्रणी कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों का ÷माय भारत पोर्टल ÷ में पंजीयन और एनएसएस डायरी और बैज का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ है,शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित समस्त महाविद्यालय और स्कूलों के कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले का स्वागत प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) के द्वारा एनएसएस बैज लगाकर किया गया।कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सभी को प्रशिक्षण और एनएसएस की गतिविधियों के बेहतर संचालन की शुभकामना दी।जिला संगठक प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा माय भारत पोर्टल में स्वयं सेवकों और कार्यक्रम अधिकारी के पंजीयन की प्रक्रिया को स्मार्ट बोर्ड में करके दिखाया गया ।उन्होंने विभिन्न कॉलेज से आए हुए कार्यक्रम अधिकारी को साथ साथ अपना पंजीयन करने की बात पर जोर दिया।इसके पश्चात पोर्टल में इवेंट कैसे क्रिएट करे और गैलरी में फोटो कैसे अपलोड करे इसको करके दिखाया ।जिला संगठक ने सभी से अपील की सभी छात्रों का पंजीयन पोर्टल में करना है और एक्सपर्ट स्वयं सेवकों की सहायता से सभी स्टूडेंट्स का पंजीयन में सहयोग लेने की बात की।शहीद नंद कुमार पटेल विश्विद्यालय रायगढ़ से प्राप्त एनएसएस डायरी और बैज सभी कार्यक्रम अधिकारी को वितरित किया गया । कार्यक्रम में प्रो चरण दास बर्मन (कार्यक्रम अधिकारी शासकीय नवीन महाविद्यालय चंद्रपुर) प्रो नारायण कुर्रे(शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर) प्रो डॉ. कौशल्या मैत्री (शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा) प्रो मधु देवांगन (शासकीय महाविद्यालय डभरा) प्रो मुन्ना सिदार(शासकीय महाविद्यालय नगरदा) प्रो डॉ. अजमत अली (जेएलएन कॉलेज सक्ति), संतोष कुमार अनंत (कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली कला) छबि लाल राठौर (कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतरमाध्यमिक विद्यालय पोरथा) विजय कुमार यादव (संस्कार स्कूल जैजैपुर) नागेश (हाई स्कूल सलनी) और स्वयं सेवकों में तरुण कुर्रे, किशन राठौर, प्रीति पटेल, उपेंद्र, हीना आदि उपस्थित रहे।

# जैजैपुर डाकघर का प्लास्टर गिरा जनहानि नहीं



पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार डाकघर जैजैपुर में आज अचानक छत का प्लास्टरभर भराकर गिर गया जिससे वहां पर रखें कंप्यूटर एवं टेबल छत के गिरने से नष्ट हो गए पूर्व में भी कर्मचारीयों के द्वारा उच्च अधिकारियों को इस छत के बारे में अवगत कराया गया लेकिन अधिकारियों नै किसी प्रकार की सज्ञान नहीं लिए आज उप डाकघर जैजैपुर का छत भर भरा कर गिर गया जिससे सामान की नुकसानी जरूर हुई लेकिन जन की नुकसानी नहीं हुई वहीं पर एक और नया करिश्मा सामने आया कि वहां का जो कंप्यूटर दो सप्ताह से खराब था जिसे अनेकों बार इंजीनियरों के द्वारा सुधार करना चाहा लेकिन उस कंप्यूटर को ठीक नहीं कर सके और अचानक जब छत गिरने के बाद कंप्यूटर अपने आप कार्य करना शुरू कर दिया इस तरह से एक अनोखी घटना सामने देखना को मिल रही है । इस प्रकार की घटना को आप क्या कहेंगे जो की इंजीनियर ठीक नहीं कर सका वह छत का प्लास्टिक गिरने पर अपने आप काम करना शुरु कर दिया इसे अनोखी घटना ही कहा जा सकता है ।

## जिले में बदमाशों की सघन जांच अभियान शुरू

**रायगढ।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में त्यौहारों के पहले बदमाशों की सघन जांच का वृहद अभियान जिले भर में प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने निगरानी, गुंडा और माफिया बदमाशों को तलब किया। थाना प्रभारियों ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की जांच की और उन्हें आगामी त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने से बचने के सख्त हिदायत दी गई।

## नगर पंचायत जैजैपुर में दर्जन भर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में देखने को यह मिलता है कि हर साल की तरह नगर में अनेकों जगह दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है इस वर्ष दर्जन भर दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें संजय नगर, कचंदा मोड, तहसील कार्यालय, ऑफिसर कॉलोनी, नया बस स्टैंड, मुक्ता रोड, हीरा साहू, खम्हन गोस्वामी, धरम चंद्रा, फुलवारी पार, कुचकुडिया पार, एवं मटखनवा पार में आदिशक्ति जगदंबा की मूर्ति स्थापित किया गया है। अनेक रूपों में दुर्गा की प्रतिमा आदि शक्ति मां जगदम्बा दिख रही है। जहां पर रात में जगरत्ता एवं डांडिया नृत्य के साथ में वसुंधरा मंदिर में मां शक्ति जगदंबा की मूर्ति स्थापित है।


## मैन्युअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/1795/क्रय शाखा/निविदा आमंत्रण/2024 — कुम्हारी, दिनांक 8/10/2024

नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर टेन्ट सामग्रियों को किराये पर एवं जलपान, भोजन इत्यादि कार्य की आवश्यकता होती है, जिसके लिए इच्छुक स्थानीय टेन्ट/किराया भण्डार एजेंसी/फर्मों से टेन्ट सामग्रियों का किराया दर एवं जलपान, भोजन इत्यादि सामग्री, एलईडी स्क्रीन और साउण्ड एवं अन्य की सामग्रीवार/आईटमवार दर निविदा प्रपत्र B में निविदा/किराया दर (प्रतिनग, प्रतिवर्ग फुट, प्रति कम, प्रतिसेट, प्रति प्लेट इत्यादि) दिनांक 28.10.2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 21.10.2024 सायं 5.30 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 23.10.2024 सायं 5.30 बजे तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 28.10.2024 सायं 5.30 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 29.10.2024 सायं 5.30 बजे से।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न टेन्ट सामग्रीयां किराये पर प्रदाय एवं जलपान, भोजन एवं इत्यादि सामग्री क्रय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 10.00 |
| 2 | एलईडी स्क्रीन एवं साऊण्ड (वार्षिक निविदा) | 05.00 |

**नियम एवं शर्तेः**- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में **uad.cg.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 )के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था।नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी।डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 )एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **धर्मेश सिंह राजपूत,** दीपा सिंह राजपूत<br>खाता सं. LNBIL02221-220191214 | 7 अक्टूबर 2024<br>₹ 1311750/-<br>4 अक्टूबर 2024 | मौजा-परसदा, प्रसाद मेन पुरानी कॉलोनी के पास, पी.सी. नं. 39, केएच नं. 609/10, आरएनएम-बिलासपुर, विकासखंड, बिल्हा तहसील-बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ( भारत )-पिन 495003 **क्षेत्रफल 2180 वर्ग फीट** |
| **प्रकाश चन्द्र वंशी,** रोहन चन्द्रवंशी, पार्वती चन्द्रवंशी<br>खाता सं. LNBMT02922-230279486 | 7 अक्टूबर 2024<br>₹ 1344607/-<br>4 अक्टूबर 2024 | केएच नं. 174/6 ( केएच नं. 174/1 का भाग ), पीएच नं. 18, वार्ड नं. 02, रामनगर कॉलोनी, विनायक पब्लिक स्कूल के पास, आरएनएम कवर्धा, तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ ( भारत )-पिन 491995 **क्षेत्रफल 0.024 हैक्टेयर** |

स्थान : जयपुर — दिनांक 9.10.2024 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## कार्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्र. पुअ/नेसुचंबो/रापुअका/चंद/राय/साअ/62/2024, दिनांक 04/10/2024

कार्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, रायपुर में 1. Repair Work of G+3 Ladies Hostel and Repair Work of Multi Barrack Kanger and Chitrakot मरम्मत कार्य 2. Renovation of Yoga Class room/Barrack कार्य वास्ते सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/एजेंसी से 03 लिफाफा पद्धति में कार्य बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि | सुरक्षा निधि | कार्य पूर्ण करने की तिथि (वर्कआर्डर जारी दिनांक से) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair Work of G+3 Ladies Hostel<br>Repair Work of Multi Barrack Kanger<br>Repair Work of Multi Barrack Chitrakot | 14,46,735/- | 03% | 04 माह |
| 2 | Renovation of Yoga Class room/ Barrack | 17,87,000/- | 03% | |
| | Total | 32,33,735/- | | |

1. निविदाएं प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 15/10/2024 के 05:00 बजे तक
2. निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि - 28/10/2024 के 03:00 बजे तक
3. निविदाएं खोलने की तिथि - 28/10/2024 के 03:00 बजे

निविदाएं प्रपत्र संबंधित निविदाकर्ता द्वारा ''8443- सिविल जमा राशियो, 103-प्रतिभूति जमा'' के अंतर्गत निदेशक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, रायपुर के नाम से **राशि रू. 750/- (प्रति कार्य हेतु पृथक-पृथक)** जमा किया जाकर मूल चालान प्रति एवं लेटर हेड में आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र व शर्ते प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त निर्माण कार्य की विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा अन्य जानकारियां कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**पुलिस अधीक्षक**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी, रायपुर (छ.ग.)**

G-242502982/3

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने टटोली स्वास्थ्य मंत्री की नब्ज, कहा सरकार पूर्णतः स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल की नई यूनिट का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल कसडोल विधायक संदीप साहू पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा पूर्व कृषक कल्याण आयोग अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी भाजपा जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े नगरपालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अस्पताल के नए परिसर का उद्घाटन फीता काटकर दीप प्रज्वलन करकिया गया उसके पश्चात संपूर्ण अस्पताल परिसर का दौरा अतिथियों द्वारा किया गया। अस्पताल के संचालक डॉ प्रमोद तिवारी डॉ नितिन तिवारी डॉ गितिकाशंकर तिवारी एवं पूरे अस्पताल परिवार को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि बलौदाबाजार के विकास में पं. बंशराज तिवारी परिवार का बहुत बड़ा योगदान है पंडित जी द्वारा विधायक रहते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नही जा सकता अपनी पत्नी स्व. चंदा देवी तिवारी के निधन के पश्चात उनकी स्मृति में उनके नाम पर चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल की नींव सन2000 में रखी गई जिसका संचालन उनके पुत्र डॉ प्रमोद तिवारी द्वारा किया गया जिसे आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र डॉ नितिन तिवारी पुत्रवधु डॉ गितिकाशंकर तिवारी पुत्री डॉ सुकृति तिवारी एवं पूरी अस्पताल की यूनिट द्वारा उच्च गुडवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए आज बलौदाबाजार में राष्ट्रीयस्तर की सेवाएं देने के लिए बाध्य होते हुए बलौदाबाजार में 180 बिस्तरीय अस्पताल सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं जो क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नही है मैं पूरे तिवारी परिवार समेत अस्पताल यूनिट को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ जैसे ही मुझे गणेश मिश्रा ने इस कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया मैं सहर्ष तैयार हो गया।कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों कर्मचारियों के साथ तिवारी परिवार के सदस्यों सहयोगियों मित्रों शुभचिंतकों का पूरा सहयोग रहा। अस्पताल के संचालक डॉ नितिन तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल के शुभारम्भ कार्य में आये सभी आगंतुकों की हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ और विश्वास दिलाता हूं की चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल परिवार बलौदाबाजार में ही हरसंभव इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर करता रहेगा।

# स्वास्थ्य सयोंजक कर्मचारी संघ ने दिया 15 दिवस का अल्टीमेटम, पूरे प्रदेश में बंद होगी यू विन एंट्री सहित ऑनलाइन रिपोर्टिंग

## सोमवार को 33 जिलो से सी एम एच ओ के माध्यम से सौपेंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रो में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको से ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध अब पूरे प्रदेश मे एक स्वर मे उठने लगे है,स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी नर्सिंग संवर्ग / क्लीनिकल संवर्ग के कर्मचारी है,इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण, प्रसव ,ओपीडी, पल्स पोलियो कार्यक्रम,महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वन किया जाता है, किन्तु विभाग द्वारा इनके मूल कार्य के अतिरिक्त अन्य संवर्ग के कार्य डाटा एंट्री का कार्य लिया जा रहा है,जिसमे कर्मचारीयो का कहना है की वह नर्सिंग/ क्लिनिकल कार्य के लिए प्रशिक्षित है एवं वे आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं अन्य योजनाओं का लाभ पहुचाने का कार्य करते हैं ,किंतु विभाग द्वारा अन्य संवर्ग का कार्य लिए जाने से मूल कार्य प्रभावित हो रहीवंश संघ के जिला अध्यक्ष जगनाथ गोस्वामी एवं जिला सचिव सीताराम बरेठ ने बताया की स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारियों के भर्ती नियम एवं नियुक्ति अनुसार किसी भी प्रकार का ऑनलाइन डाटा एंट्री करने सम्बन्धी तकनिकी कम्प्यूटर ज्ञान नही मांगा गया है और ना ही इस तरह का कार्य पूर्व मे लिया जाता था,किन्तु वर्तमान मे स्वास्थ्य सेवाये प्रदान करने के साथ रिकार्ड, रजिस्टर मेंटेन करने के बाद, सभी रिकार्ड को ऑनलाइन डाटा एंट्री करने की अनावश्यक दबाव भी स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारीयों को उच्चाधिकारियों द्वारा दिया जाता है,जिसके कारण कर्मचारी अपने कार्यलयीन समय मे स्वास्थ्य सेवाएं देने के पश्चात अपने निजी समय मे शाम / रात को कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता से स्वमं की व्यय से डाटा एंट्री का कार्य करवा रहे है,यह कार्य शाम/रात को होने की वजह से परिवार को समय नही दे पा रहे है,जिसके वजह से सभी कर्मचारियों मे भारी आक्रोश का माहौल है,अतिरिक्त गैर प्रशिक्षिकीय कार्य लिए जाने से कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। संघ के जिलाउपाध्यक्ष उसत रातरे,संभाग अध्यक्ष गजेंद्र भोसले कार्यकारी संभाग अध्यक्ष शत्रुहन केंवट ने बताया की पूर्व में ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य के लिए जे ऐस ए/ पी ए डी ए,कप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई है और इनके द्वारा समस्त ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य लिया जाता था, किन्तु वर्तमान मे नर्सिंग संवर्ग/से प्रशिक्षित कर्मचारीयो से ऑनलाइन कार्य दिये जाने अतिरिक्त कार्यभार हो रही है,जिससेसमस्त स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी द्वारा 33 जिले के सी एम एच ओ के माध्यम से एवं प्रांत टीम द्वारा संचालक एवं मुख्य सचिव, मिशन संचालक स्वास्थ्य एवंश् परिवार कल्याण विभाग के नाम ज्ञापन सौपेंगे, समस्याओ का समाधान नही होने की स्थिति मे समस्त ऑनलाइन कार्य 22 अक्टूबर 2024 से बंद कर,अपने मूल कार्य स्वास्थ्य सेवाएं सम्पादित करेंगे उक्त ज्ञापन दिए जिसमें मुख्य रूप से जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष गौतम चंद्रा, शक्ति ब्लाक अध्यक्ष जलेश्व पटेल, डभरा ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पटेल, मालखरौदा ब्लाक अध्यक्ष जगेश्वरी निराला, नरेंद्र कंवर, उपस्थित थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता और प्रोफेसर बने टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

टी.बी. से मुक्ति प्रदान करने हेतु देश भर में प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिले के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा निक्षय मित्र बनने हेतु की जा रहीं प्रसार-प्रचार से प्रेरित होकर डॉ. सुनील कुमार कुमेटी, असिस्टेंट प्रोफेसर इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट रायपुर और दीपक कुमार साहू, मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ कर नारायणपुर जिले के 2 मरीजों को गोद लिया गया है। डॉ. सुनील कुमार कुमेटी का मानना है कि टीबी मरीजों को समाज में जिस नजरिए से देखा जाता है उसे बदलने की आवश्यकता है। बीमारी के दौरान जिस परेशानियों का सामना करना पड़ता है उस समय उनको भावनात्मक सहायता और आत्मविश्वास की जरूरत होती है, यदि हमारी थोडी सी सहयोग से उन्हें आत्मविश्वास मिलती है तो हमें जरूर आगे आना चाहिए। दीपक कुमार साहू एक सामाजिक कार्यकर्ता है इसलिए लगातार इस तरह के कार्यो से संबंध रखते है। उनका मानना है कि समाज में इस तरह की छोटी-छोटी पहल से लोगों की सोच में जरूर परिवर्तन लाएंगे। जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र के जिला कार्यस्त्र5म समन्वयक जयदीप देवांगन और पी.पी.एम. कोआर्डिनेटर द्वारिका साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त करना है। अभियान के तहत टीबी मरीजों की देखभाल की प्रक्रिया में समुदाय के सक्षम वर्ग जैसे व्यापारी, कर्मचारी, गैर-सरकारी संगठन, जन-प्रतिनिधि आदि का भी सहयोग लिया जाना है जिसे निक्षय मित्र नाम दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टीआर कुंवर ने जिले के पार्षद, जिला पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों आदि के सदस्यों से निक्षय मित्र बनने के लिए अपील की है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार वृद्धि

## एमसीबी जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मिल रही है सीजेरियन प्रसव की सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के नवीन जिला मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के सामान्य प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध थी, किंतु उच्च जोखिमवाली गर्भवती महिलाओं को सीजेरियन आपरेशन हेतु अक्सर दूसरे अस्पतालों का रूख करना पड़ता था। वर्तमान में स्थानीय विधायक एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से अब जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में गर्भवती महिलाओं को सीजेरियन आपरेशन की सुविधा भी मिल रही है। सीजेरियन की सुविधा उपलब्ध होने से अब गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में सिजेरियन सेक्शन का लाभ मिलने कारण जिले के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों जैसे भरतपुर की गर्भवती महिलाओं को बहुत बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का प्रयास है कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। जायसवाल के लगातार प्रयास से ही किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को अब डायलिसिस के लिए भटकना नहीं पड़ता है। मरीजों की इस कठिनाइ को देखते हुए नवीन जिला एम.सी.बी के अंतर्गत हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ में नवीन डायलिसिस सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर की स्थापना से स्थानीय क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिली है। मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी दोनों बीमारी से ग्रसित किडनी मरीजों का डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है। श्याम बिहारी जायसवाल एमसीबी जिले के साथ ही पूरे प्रदेश मे स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार वृद्धि भी हो रही है, जिसका सीधा लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है।

# कोमल का चयन एमबीबीएस में



**सुकमा।** सुकमा जिला मुख्यालय में संचालित जेईई नीट कोचिंग सेंटर से एक और अभ्यर्थी ने सफलता हासिल की है। ग्राम तोंगपाल की निवासी, कोमल नाग, पिता तीरनाथ नाग और माता सोमारी नाग की बेटी का चयन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोरबा में एमबीबीएस के लिए हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस कोचिंग सेंटर से पहले भी कई छात्रों ने सफलता पाई है। हाल ही में आकाश कुमार पोड़ियामी, गुलशन मोड़ियाम और सिल्की नेताम का भी एमबीबीएस के लिए चयन हुआ था। कोमल नाग की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर है। जेईई कोचिंग सेंटर सुकमा का यह लगातार चयन, कोचिंग सेंटर की गुणवत्ता और प्रशासनिक सहयोग का परिणाम है।

# व्यापार

# श्रीराम फाइनेंस ने छत्तीसगढ़ में अपना अभिनव टू-व्हीलर लोन समाधान-टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च करने की घोषणा की, जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू-व्हीलर लोन समाधान है। वाई एस चक्रवर्ती, एमडी व सीईओ, श्रीराम फाइनेंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू-व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। श्रीराम फाइनेंस छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े टू-व्हीलर फाइनेंसरों में से एक है और यह पहल छत्तीसगढ़ में हमारी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने में मदद करेगी। चक्रवर्ती ने आगे बताया, ग्राहक आमतौर पर अपनी पसंद की बाइक खरीदने के लिए रिसर्च करने और उस पर निर्णय लेने में काफी समय लगाते हैं। हालांकि, वे अक्सर फाइनेंसिंग पहलू को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे लोन प्रदाता चुनने में अनिश्चितता पैदा होती है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि वे अपनी पसंद के टू-व्हीलर के लिए अपनी लोन पात्रता निर्धारित कर सकते हैं। टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर के जरिए ग्राहक आसानी से अपनी लोन पात्रता की जांच कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने का भरोसा मिलता है और साथ ही फाइनेंसिंग की सुलभ उपलब्धता को लेकर आश्वस्त हो जाते है। टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर को ग्राहक को टू-व्हीलर लोन के लिए उनकी पात्रता, पात्रता राशि, ब्याज दर और तत्पश्चात लोन की अवधि जानने में लगने वाले समय को कम करने के इरादे से बनाया गया है। ग्राहकों को श्रीराम फाइनेंस की वेबसाइट या श्रीराम वन ऐप पर जाना होगा, अपने बारे में तथा जिस टू-व्हीलर को वे खरीदना चाहते हैं उसके बारे में सामान्य विवरण भरना होगा और कुछ ही क्षणों में उन्हें डाउन पेमेंट राशि तथा लोन पात्रता सहित लोन राशि का विवरण मिल जाएगा। इसके बाद उन्हें बस अपना टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर डाउनलोड करके उसे डीलरशिप पर श्रीराम फाइनेंस के प्रतिनिधि के सामने लोन आवेदन स्वीकृति के लिए

# एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए विस्तृत सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम लांच किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स की बेहतरी पर जोर देते हुए डायल 4242 के साथ साझेदारी कर एम्बुलेंस सेवाओं को शुरू किया हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ाना और डिलीवरी एसोसिएट्स के स्वास्थ्य को अहमियत देना है। इतना ही नहीं एमेजॉन ने बड़े पैमाने पर एक स्वास्थ्य अभियान भी शुरू किया है, जो लगभग 6 महीनों तक चलेगा। इससे उनके डिलीवरी सर्विस पार्टनर और उनके डिलीवरी एसोसिएट्स, साथ ही आई हैव स्पेस और फ्लेक्स कार्यक्रमों के 50,000 से भी ज्यादा एसोसिएट्स को लाभ मिलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा मिलेगी जिसमें आंखों और दांतों की जांच शामिल है, साथ ही उनमें मौजूदा स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया जाएगा, जिसमें महिला डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए मातृत्व कवर को भी शामिल किया गया है। इन मजबूत प्रयासों से एमेजॉन की यह प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि वह अपने डिलीवरी एसोसिएट्स को एक सुरक्षित और सहायक माहौल देना चाहते हैं। सभी जरूरी चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित करके और समग्र भलाई को अहमियत देकर, एमेजॉन डिलीवरी एसोसिएट्स को सशक्त और सुरक्षित रखने के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को उजागर करता है। डिलीवरी एसोसिएट्स की भलाई हेतु अपनी प्रतिबद्धता के मद्दे नज़र एम्बुलेंस सेवाओं को कुछ ऐसे डिज़ाइन किया गया है जिससे सड़क पर आवागमन के दौरान डिलीवरी एसोसिएट्स सुरीक्षित और निश्चिंत महसूस करें। यह सेवा आपातकाल के समय के दौरान तुरंत चिकित्सा तक पहुंचाएगी। साथ ही यह सड़क पर दुर्घटना के बाद पहले कुछ क्रिटिकल घंटों के दौरान समय पर सहायता देने का वादा करती है। यह सुविधा डायल 4242 के पैन इंडिया नेटवर्क पर उपलब्ध होगी। साथ ही, हाल ही में लॉन्च किया गया स्वास्थ्य और कल्याण अभियान प्रारंभिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेगा, जिससे लम्बे समय की स्वास्थ्य प्रथाओं के बारे में लोगो मे जागरूकता बढ़ेगी और डिलीवरी एसोसिएट्स को मातृत्व सहायता के साथ-साथ बीमा के लाभों के बारे में भी सूचित किया जाएगा।

# जेके पेपर ने बिलासपुर में जेके कनेक्ट प्रोग्राम से अपनी ट्रेड पार्टनरशिप को मजबूत किया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय पेपर उद्योग में अग्रणी जेके पेपर लिमिटेड ने अपने चल रहे जेके कनेक्ट पहल में बिलासपुर में जॉबर्स और रिटेलर्स मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक लोकल रिटेलर्स ने भाग लिया, जिससे वितरकों, जॉबर्स और प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ने का एक मंच मिला। मौके पर त्रिलोचन सिंह, आरएसएम रिटेल सेल्स, जेके पेपर लिमिटेड और रोशन स्टेशनर्स की मनीषा राजेश अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। जेके पेपर की यह बैठक कंपनी के सामाजिक-सांस्कृतिक पहलों और कंपनी के दृष्टिकोण को दिखाने के साथ-साथ पर्यावरण के हित में कागज की खपत के महत्व को बताने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जेके पेपर का बिलासपुर के 150 एमटी बाजार में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सा है, जिसमें चैनल पार्टनर रोशन स्टेशनर्स समय पर ऑर्डर पूरा करने और कस्टमर सर्विस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। त्रिलोचन सिंह, आरएसएम रिटेल सेल्स, जेके पेपर लिमिटेड, ने बताया कि जेके कनेक्ट एक सामान्य कस्टमर मीट से आगे बढ़ता है, पर्यावरण के हित में और रिसाइकिल्ड पेपर प्रोडक्ट के गिल्ट फ्री कंसम्पशन के बारे में शिक्षित करके कागज़ मिलों और अंतिम उपभोक्ता के बीच की खाई को पाटता है। रोशन स्टेशनर्स की मनीषा राजेश अग्रवाल ने कहा, इस कार्यक्रम ने हमें यह समझने में मदद की कि प्लास्टिक की तुलना में कागज पर्यावरण के लिए कैसे सुरक्षित है, और हम ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जेके पेपर की सराहना करते हैं जो इकोलॉजिकल पेपर प्रोडक्शन के महत्व को सामने लेकर आते हैं। जेके पेपर अपने जेके कनेक्ट प्रोग्राम के साथ उद्योग में सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए अपने ट्रेड पार्टनर्स के साथ मजबूत संबंध बना रहा है।

# अमेजन फैशन एंड ब्यूटी के साथ मनाइए त्योहारों की खुशियां




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

त्योहारों का मौसम जैसे-जैसे करीब आ रहा है, वैसे ही आपकी वॉर्डरोब को नया रूप देने और नए ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने का भी बेहतरीन मौका बन रहा है। आप चाहे परिवार में त्योहारों के जश्न के लिए तैयार हो रहे हों, या फिर त्योहारों पर किसी फंक्शन की मेजबानी करने जा रहे हैं, या बस यूंजी ही त्योहारों के इस मौसम का मजा उठा रहे हों, अमेजन फैशन एंड ब्यूटी की ओर से खास तौर पर पेश किए गए कलेक्शन आपके हर त्योहारी लुक को और भी खास बना देंगे। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के दौरान, ग्राहकों को अपैरल, फुटवियर, एक्सेसरीज, लग्जरी ब्यूटी और ट्रैवल से जुड़े टॉप फैशन एंड ब्यूटी ब्रांड्स पर 80% तक की छूट का फायदा मिलेगा। साथ ही ग्राहक यहां एथनिक वियर, वॉच, स्मार्टवॉच आदि कुछ पर साल की सबसे कम कीमतों का भी लाभ उठा सकेंगे। विभिन्न स्टाइल्स और बजटों के लिए पेश किए गए डिज़ाइन के विशाल संग्रह को पेश करने के साथ, अमेजन फैशन एंड ब्यूटी की इस खास रेंज में 1,500 से अधिक फैशन ब्रांड्स, 1,300 घरेलू ब्यूटी ब्रांड्स और 60 से अधिक इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स की ओर से 3 करोड़ से अधिक सेलेक्शन और 30 लाख से ज्यादा स्टाइल्स पेश किए गए हैं। अमेजन फैशन की इस खास रेंज में लेटेस्ट ट्रेंड्स, प्रीमियम प्रोडक्ट से लेकर रोजमर्रा की जरूरतें की वस्तुएं भी शामिल हैं।

# ओप्पो इंडिया अपने नए ब्रांड कैम्पेन Vishwas Ka Deep के साथ दीवाली मना रहा है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इस दीवाली पर ओप्पो इंडिया अपना नया ब्रांड कैम्पेन Vishwas Ka Deep लेकर आया है। इस कैम्पेन में एक आकर्षक फिल्म और अनेक डिजिटल अनुभव पूरे भारत से दीवाली के जश्न की तस्वीरें पेश कर रहे हैं, जिनमें विविधता में एकता दिखाई दे रही है। इसके साथ ही संदेश हर दीवाली विश्वास का दीप जलाती है आशा एवं विश्वास प्रदर्शित कर रहा है, जो त्योहारों पर सभी लोगों और समुदायों को एक सूत्र में बांधता है। यह हृदयस्पर्शी एड फिल्म ओप्पो इंडिया के यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सिनेमा हॉल्स में चल रही है, जो दर्शकों को विभिन्न क्षेत्रों की जीवंत यात्रा पर ले जा रही है। फिल्म की शुरुआत रेतीले रेगिस्तान से होती है, जहाँ एक व्यक्ति रेतीले तूफान से होते हुए अपने घर जोधपुर जा रहा है। वह अपनी माँ के द्वारा छत पर जलाए गए दीवाली के दिए को देखकर दिशा प्राप्त करता है। इस फिल्म द्वारा 'थार की दीवाली' का सार पेश किया गया है, जिसका आकर्षण यहाँ की लोकप्रिय कठपुतली की कला बढ़ाती है। यात्रा का अगला पड़ाव हिमाचल प्रदेश की शांत पहाड़ियों में ले जाता है, जहाँ सदियों पुरानी परंपरा बुधी दीवाली लगभग एक महीने के बाद कई समुदायों में मनाई जाती है।

## सार्वजनिक सूचना



संबंधित को, यह सूचित किया जाता है कि श्री पीयूष तिवारी, पिता का नाम श्री अखिलेश चंदार तिवारी, निवासी 601, सूर्योदय अपार्टमेंट, भारत माता चौक, तातिबंद, राजपुर, छत्तीसगढ़ – 492001, हार्डविन इंडिया लिमिटेड में एक अनुबंध के तहत काम कर रहे थे। उनके ऊपर कंपनी का 3,35,000 का ऋण बकाया है. जिसे उन्होंने चुकता नहीं किया है। श्री तिवारी बिना किसी सूचना के गायब हो गए हैं, जिसे हम अव्यवसायिक और अनैतिक मानते हैं। हमने उनके खिलाफ मायापुरी पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली में एक पुलिस शिकायत दर्ज कराई है और उन्हें कंपनी के साथ धोखाधड़ी के लिए कानूनी नोटिस भी भेजा गया है। किसी भी व्यक्ति या कंपनी द्वारा उनसे संपर्क करना उनके अपने जोखिम पर होगा।

# सरपंच ने ग्रामीणों के खिलाफ थाने में शिकायत, ग्रामीणों ने थाना घेरा

## शिकायत को झूठा बताया, सरपंच पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत बोईरडीह सरपंच द्वारा तीन ग्रामीणों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने का विरोध किया है। पुलिस ने इस मामले में ग्रामीण टुम्मन लाल, जीवनलाल एवं धर्मेंद्र साहू को नोटिस जारी कर बयान के लिए बुलाया था। इस मामले को लेकर सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंच गए। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाईश देकर मनाया और तीनों के बयान दर्ज किए गए । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच बेदेश्वरी साहू एवं अन्य वार्ड सदस्यों ने मिलकर पंचायत को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है। बीते 5 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में जब उनसे विभिन्न मदों से खर्च राशि का ब्यौरा मांगा गया तो इसमें आनाकानी की गई। कभी पंजी गुम जाने का बहाना बनाया गया तो कभी जानकारी न होने की बात कह दी गई। टैक्स वसूली सहित अन्य आय और विभिन्न मदों से खर्च लाखों की रकम का कोई हिसाब ग्राम सभा में नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि, पहले तो सरपंच और संबंधित पंच ग्राम सभा में आने से ही कतराते रहे जब बार-बार इत्तला करने पर वे वहां पहुंचे तो उन्होंने सभी आय-व्यय से पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीणों ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों से खुद को बचाने सरपंच ने ग्रामीणों के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, गली लाइट हेतु बिजली कनेक्शन, रास्तों का मुरमीकरण, पचरीकरण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, कचरा ढुलाई, पेंटिंग, मजदूरी भुगतान, नलों की मरम्मत, मिठाई खरीदी सहित कई मामलों में ग्रामीणों ने सभा में गड़बड़ी पकड़ी। इन मामलों के सामने आने के बाद जिम्मेदार एक एक कर सभा से गायब होने लगे।

इन मामलों के सामने आने के बाद सभा में ग्रामीणो ने निर्णय सुनाया कि, जांच हेतु 07 दिवस के भीतर प्रस्ताव नहीं बनता है तो इसकी शिकायत सीधा कलेक्टर से की जाएगी। दोषियो पर कड़ी कार्यवाही हेतु ज्ञापन भी सौपा जाएगा।

### अपने और परिजनों के खाते में डाले पैसे

जांच में पाया गया कि पंचायत द्वारा खरीदी की स्टॉक पंजी भी मौजूद नहीं है। पदाधिकारीयों द्वारा पंचायत का स्टॉक पंजी गुम हो जाना बताया गया। मजदूरी भुगतान की जानकारी लेने पर पाया गया कि कई मजदूरी भुगतान ऐसे भी है जो सीधे व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गये हैं। इसमें स्वयं वार्ड पंच तथा सरपंच, पंच के परिवार के सदस्यों के नाम शामिल है। करीब 72 हजार 500 रुपए व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गए है ।

## सैकड़ों किसानों ने घेरा कुमरदा तहसील कार्यालय, सहकारी बैंक की शाखा की मांग

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना प्रमुख मांग सहित अन्य चार मांगों को लेकर दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन किया। दर्जनों गांवों के प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि, हमारी मांगों को लेकर ये शुरुआती चरण का आंदोलन है। अगर, इस पर अमल नहीं होता है तो यह अभियान और भी जोर-शोर से चलेगा। किसान संघ की कुमरदा तहसील इकाई के बैनर तले कुमरदा में मंगलवार को किसान अधिकार यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। महिलाएं भी इस प्रदर्शन का हिस्सा बनीं। विगत माह एक बैठक में किसानों ने तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांगों पर अभियान छेड़ने की रणनीति बनाई थी। इसके तहत ही मंगलवार को तहसील मुख्यालय में किसान एकता के नारे के साथ मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया गया।

# रास गरबा उत्सव में गूंजी लकी तरार की आवाज मां शक्ति की आराधना में जमकर नाचे युवा

- गुजराती थीम गरबा की विजेता रही पवित्रा उपाध्याय, जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू प्रथम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पदमश्री पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में हो रहे चार दिवसीय रास गरबा उत्सव में लकी तरार की आवाज ने धूम मचा दी। गरबा के रंगारंग आयोजन में उनकी आवाज में युवा लगातार थिरकते रहे। सोमवार को गुजराती पैटर्न पर राज गरबा स्पर्धा का आयोजन हुआ जिसमें गुजराती थीम पर पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू विजेता रही। दोनों ही प्रतिभागियों को संस्था ने पुरस्कृत किया है। श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रास गरबा उत्सव के तीसरे दिन गुजराती पैटर्न पर गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुई। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भी आयोजन में शिरकत की। गुजराती पैटर्न में हुए गरबा स्पर्धा में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर कैटेगरी में सिद्धि साहू विजेता रही। इसके अलावा ओवरऑल गरबा बेस्ट परफॉर्मेंस कैटेगरी में जया पटेल, सुप्रिया खोबरागड़े, दीपाली साहू, शारदा अग्रवाल, मुकेश शर्मा, श्रिंजय पटेल, दीपिका दवे को भी पुरस्कृत किया गया है।

**आज आदिशक्ति थीम पर होगा गरबा** -मां आदिशक्ति की आराधना के पर्व पर आदि शक्ति थीम पर गरबा स्पर्धा आज आयोजित है जिसमें केवल बालिका एवं महिलाएं शामिल होंगी इस थीम में गरबा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। इस थीम के अंतर्गत भगवान के अलग-अलग वेशभूषा में प्रतिभागी दिखेंगे।

## एमएमएसी जिला को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**मोहला।** नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को 2 साल की अवधि पूर्ण होने पर आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। संस्था प्रमुख आईएसओ द्वारा जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी को प्रमाण पत्र जारी करते हुए शुभकामनाएं दिया गया है। नवीन जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी में शासन की योजनाओं का बेहतर ि यान्वयन, कानून व्यवस्था, आम जनता से जुड़े हुए कार्यों का निष्पादन, राजस्व वसूली में बेहतर कार्य करने के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। आईएसओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र को अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने आज कलेक्टर एस जयवर्धन को भेंट कर शुभकामनाएं दिया।

# मोदी की गारंटी का करिश्मा है हरियाणा के परिणाम, कश्मीर के लोगों ने भी मुहर लगाई : परवेज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



हरिणाया व जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजों को भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने मोदी की गारंटी का करिश्मा बताया है। उन्होंने कहा कि, सारे पूर्वानुमान धराशायी हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सभी ने दिल खोलकर स्वीकार किया है। परवेज ने कहा कि, हरियाणा में भाजपा जहां 49 सीटों के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है तो वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के हिस्से 29 सीटें आई हैं जिसके साथ हम वहां एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में होगें। कश्मीर के परिणामों ने साबित किया है कि उग्रवाद के खात्मे, धारा 370 को निष्प्रभावी किए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के फैसले का घाटी में स्वागत हुआ है। इन निर्णयों के खिलाफ जहर उगलने वाली कांग्रेस मटियामेट हो गई है। 08 अक्टूबर को हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनावी नतीजे सामने आए हैं। इस पर भाजपा नेता परवेज ने केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि, भाजपा पूर्वानुमानों से भी आगे की सोच रखती है। देशहित सर्वोपरि है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कर्मयोग से इसे सबसे पहली प्राथमिकता देते हुए अपने संकल्प को सिद्ध किया है। उनके ही नेतृत्व में आज देश की सफलता का ढिंढोरा पूरे विश्व में गूंज रहा है। मोदी आज विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय नेता हैं। देश की आवाम ने उन्हें यह मौका बार-बार दिया है। उन्होंने कहा कि, इन चुनावों के नतीजों ने देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार किया है। इससे पहले छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा की बड़ी जीत और अब ये परिणाम आने वाले महीनों में अन्य राज्यों के चुनावी परिणाम का रुख तय करने वाले हैं। विपक्ष इस मुगालते में न रहे कि, जनहित के मामलों पर अड़ंगा डालने के बाद भी वे सफल हो सकते हैं। जनता ने उन्हें सीख दी है।

# पंचमी पर निशान, बाना व पताका की रस्म अदायगी

## नवरात्रि पंचमी पर मातारानी का हुआ विशेष श्रृंगार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





नगर सहित अंचल में नवरात्रि की नवधा भक्ति चरम पर पहुंच गई है। देवी मंदिरों में प्रतिदिन प्रभात से देर रात्रि तक भक्ति की बयार से नगर सहित समूचा अंचल भक्तिमय हो गया है। नवदुर्गा पंडालों में शाम होते ही सुमधुर जसगान से भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। पंचमी अवसर पर मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में माता के सम्मान में जसगान से नगर सहित ग्रामीण अंचल भक्ति से ओतप्रोत हो गया है। नवरात्रि में डोंगरगांव नगर में बाजार चौक, पुराना बस स्टैंड, महामाया चौक, हनुमान मंदिर परिसर, मटियावार्ड सहित अन्य वार्डों में दुर्गा स्थापित की गई हैं। वहीं साकेत धाम, नया बस स्टैंड रोड सहित अन्य स्थलों पर पंचमी दिवस को वीणादेवी सरस्वती स्थापित की गई। देवी पंडालों में रात्रि में कृत्रिम रौशनी व स्थल सजावट सहित सुमधुर भजन भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रहे हैं। इस दरम्यान महिलाओं की श्रद्धा भक्ति भीड़ बतौर सहसा ही उमड़ रही हैं। अंचल के अर्जुनी, खुज्जी, तुमड़ीबोड, आसरा, कुमरदा व करमतरा बेल्ट के गांवों में भी आस्था के ज्योत प्रज्जलवित हो रहे हैं। माता के भक्तजन माता की सेवा में तल्लीनता से जुटे हुए हैं।

**निशान, पताका व बाना की रस्म पूर्ण**-नवदुर्गा पंडालों में पंचमी पर पारम्परिक तौर पर बैगा के संरक्षण में मातारानी को नीबू की माला, सात्विक उज्ज्वल वस्त्र चढ़ावा के साथ ग्रामीण अंचल की मान्यता मुताबिक देवी मन्दिरों के पारंपरिक निशान, बाना व पताका स्थापित किए गए हैं। मान्यता अनुसार पंडाल में निशान, बाना व पताको के सानिध्य में हवन पूर्णाहुति उपरांत ही ज्योत जवारा विसर्जित किए जाने की मान्यता है।

# मध्यभारत में क्लीन स्वीप करने के बाद उत्तर में बजा मोदी का डंका : प्रखर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मध्यभारत में जीत का डंका बजाने के बाद अब उत्तरी राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और उनके कार्यकाल में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का करिश्मा देखने को मिला है। 8 अक्टूबर को आए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के परिणामों पर भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने भाजपा को मिले समर्थन को भाजपा का हाथ मजबूत करने वाला बताया है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रखर ने कहा कि, हरियाणा में भाजपा तीसरी बार अब तक के सबसे बड़े जनसमर्थन के साथ सरकार बना रही है। यहां 48 सीटें मिली है जो कि किसी भी एक्जिट पोल से ज्यादा है। मोदी के करिश्में ने यहां सारे मिथक तोड़ डाले हैं। इस सफलता पर विपक्ष की बोलती बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि, जम्मू-कश्मीर के परिणाम केंद्र सरकार के नीतिगत निर्णयों पर घाटी के लोगों के विश्वास का नतीजा है। मोदी सरकार और भाजपा को यहां ऐतिहासिक जनसमर्थन हासिल हुआ है। कश्मीर के परिणामों में भाजपा को 29 सीटें मिली है जो पहले से भी 4 ज्यादा है। इससे साबित होता है कि धारा 370 का मुद्दा, उग्रवाद के खिलाफ भारत सरकार की आक्रामक रणनीति और आतंकवाद के सफाए पर लोगों में खुशहाली आई है जिसके लिए उन्होंने भाजपा को चुना है। प्रखर ने कहा कि, कुलमिलाकर इन नतीजों से विपक्ष को करारा सबक मिला है। तुष्टिकरण, जातिय आधारित ध्रुवीकरण को हवा देने वाले राजनीतिक नेताओं और उनके दल मुंह के बल गिरे हैं। परिणामों पर सभी के मुंह सिले हुए हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और चुनावी राज्यों के संगठन ने पूरी ईमानदारी से यह लक्ष्य हासिल किया है।

# फिर साबित हुआ, देश की जनता मोदी के साथ : कमलेश सारस्वत

पायनियर संवाददाता ◄ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावी परिणामों ने साबित किया है कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने कहा कि, यह भाजपा की दूरगामी योजनाओं का नतीजा है जिसे लोगों ने समझ-बूझकर पूरे दिल से स्वीकार किया है। मोदी की गारंटी और सतत विकास के एजेंडे पर मतदाता भाजपा के साथ हैं ये एक बार फिर साबित हुआ है। 08 अक्टूबर को हुई मतगणना में भाजपा हरियाणा में 49 सीटें के साथ सरकार बना रही है, जो कि पिछली बार की संख्या से 10 अधिक है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में 29 सीटें भाजपा को मिली है जो कि पिछले चुनावों के परिणामों से 4 ज्यादा है। हरियाणा में भाजपा काम और जम्मू-कश्मीर में मोदी के विजन को लोगों ने चुना है। कश्मीर के परिणामों ने साबित कर दिया कि धारा 370 को निष्प्रभावी किए जाने, उग्रवाद के खात्मे, आतंकवाद को रोकने और देश-दुनिया के लिए घाटी के दरवाजे खोलने से वहां के लोग खुश हैं। यही कारण है कि वहां के लोगों ने भाजपा को पिछली बार से भी ज्यादा सीटों पर चुना है। श्रीमती सारस्वत ने कहा कि, यह मोदी का वो करिश्मा है जिससे वो हमेशा लोगों का दिल जीत लेते हैं। इसके आगे विपक्ष की चालबाजी, षड़यंत्र, झूठ, मक्कारापन कहीं काम नहीं आता। दिखावे की हमदर्दी और तुष्टिकरण की विपक्ष की राजनीति को इन परिणामों ने नेस्तनाबूत कर दिया है। उन्होंने कहा कि, लोगों ने भाजपा जो विश्वास जताया है उसका सकारात्मक असर पूरे देश में दिखेगा। जिस तरह लोग भाजपा का हाथ मजबूत कर रहे हैं उससे रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास में सरकार के फैसलों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व, राज्यों के नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदाताओं का आभार माना है।

# राजनांदगाँव से मानपुर तक बनेगा नेशनल हाइवे 100 किमी स्टेटहाइवे से नेशनल हाइवे में अपग्रेड

- डोंगरगांव नगर व अंचल में होगा सड़क चौड़ीकरण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





भारत शासन के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से राज्य को 8 नए नेशनल हाइवे की सौगात मिली है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य में नेशनल हाइवे के लिए कुल लगभग 900 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। केंद्र शासन द्वारा स्वीकृत 8 नए राजमार्गों में राजनांदगाँव से मानपुर तक 100 किलोमीटर नेशनल हाइवे के लिए भी मंजूरी प्रदान करते हुए 290 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

उपरोक्त के संदर्भ में जानकारी देते हुए पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव एवं सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024ङ्क25 के लिए सीआरआईएफ योजनांतर्गत राज्य में 8 नए राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए लगभग 900 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें राजनांदगाँव सांसद सँतोष पांडेय के अथक प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा राजनांदगाँव से मानपुर 100 किलोमीटर तक नेशनल हाइवे की मंजूरी देते हुए लगभग 290 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृति से डोंगरगांव नगर व क्षेत्र में सड़क चौडीकरण को गति मिलेगी। वहीं नेशनल हाइवे बनने से नगर व अंचल में अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलेगा। श्रीगुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री गडकरी सहित सांसद के प्रति आभार जताया है।

### राज्य में 8 नेशनल हाइवे स्वीकृत

केंद्र सरकार द्वारा छग में विभिन्न राज्यों से जुड़े स्टेटहाइवे को नेशनल हाइवे में अपग्रेड किया जा रहा है। प्रमुख तौर पर कवर्धा से राजनांदगाँव होते हुए भानुप्रतापपुर से गीदम, अंतागढ़ से नारायणपुर होते हुए दंतेवाड़ा व सुकमा तक 482 किमी शामिल हैं।

इनमें राजनांदगाँव से डोंगरगांव नगर, अं चौकी, मोहला मानपुर तथा, राजनांदगाँव खैरागढ़ पंडरिया व कवर्धा के क्षेत्र आऐंगे। इनके अलावा रायगढ़, जशपुर, दुर्ग व बालोद जिले भी शामिल हैं।

# मुम्बई के आतिशबाजी के साथ होगा 61 फीट रावण पुतला का दहन

- इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया परफॉर्म करेंगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दशहरा पर्व पर इस बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया अपनी टीम के साथ अपने आवाज की जादू बिखेरेंगी। वहीं मुम्बई के आतिशबाजों की टीम नयनाभिराम रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी कर लोगों को रोमांचित करेंगे। विजयादशमी महोत्सव में इस बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में 61 फीट का आकर्षक रावण का पुतला तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दशहरा पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति राजनांदगांव ने अपनी तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक ली। बैठक में 12 अक्टूबर को संस्था द्वारा लगातार 17वें वर्ष में भी विजयादशमी महोत्सव को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए। विजयादशमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम देने के लिए मुम्बई से इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया अपनी टीम के साथ आ रही है। वे अपने मधुर गीतों से संस्कारधानी के संगीत प्रेमियों को मुग्ध करेंगी। सहायक गीतकार के रूप में अमय दाते शनमुखा प्रिया का साथ निभाएंगी। वहीं प्रसिद्ध कलाकार सिद्धार्थ हाण्डा कार्यक्रम में मंच संचालन करेंगे। अध्यक्ष कोठारी ने बताया कि संस्कारधानी के निवासियों के लिए विशेश रूप से आतिशबाजी का बेहतरीन नजारा प्रस्तुत करने समिति तैयारी कर रही है। इस वर्ष मुम्बई के आतिशबाजों की टीम इस वर्ष बेहतरीन नयनाभिराम व रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी करेंगे। विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फीट का आकर्षक रावण तैयार किया जा रहा है। समिति के सदस्य लगातार विजयादशमी को और बेहतर बनाने में लगे हैं। समिति के मीडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, राकेश पारख और मुकेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष दर्शकों की सुविधा के लिए आमंत्रण पत्र व निःशुल्क पास वितरित किए जाएंगे। कुर्सियों की संख्या में बढ़ोत्तरी और ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते पास में गेट नंबर अंकित किए जाएंगे। फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

## नर्सिंग होम या प्रायवेट क्लिनिक में नहीं दे सकेंगे सेवाएं

# सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक, देना होगा शपथ पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




शासकीय चिकित्सक अब निजी अस्पतालों और प्रायवेट क्लिनिक में सेवाएं नहीं दे पाएंगे। इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। राज्य शासन ने इस संदर्भ में एक सख्त आदेश जारी किया है। आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य ने सभी सीएमओ को पत्र और शपथ पत्र का प्रारूप भेजकर 10 दिनों में सभी डाक्टरों से इसे जमा कराने निर्देशित किया है।

बीते 01 अक्टूबर को संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं ने उक्त आदेश में निजी प्रैक्टिस की छूट को सीमित कर दिया है। आदेश में उल्लेख है कि शासकीय सेवाओं में संलग्न चिकित्सक निजी प्रैक्टिस केवल कर्तव्य अवधि के बाहर कर सकेंगे। इस पर भी उन्हें नर्सिंग होम, प्रायवेट क्लिनिक में जाकर प्रैक्टिस की करने की अनुमति नहीं होगी।

इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने के आदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए गए हैं। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में शामिल पंजीकृत सभी निजी अस्पतालों से इस संबंध में शपथ पत्र भी मांगे गए हैं। अस्पताल को यह घोषणा पत्र देना होगा कि उनके संस्थान में कोई शासकीय चिकित्सक पूर्ण कालिक, अंश कालिक या ऑनकॉल प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं। शासन के इस आदेश के बाद शासकीय सेवाओं में संलग्न चिकित्सकों पर नकेल कस जाएगी। ऐसे डॉक्टर अब सिर्फअपने घर पर ही मरीजों का इलाज कर सकेंगे। शासकीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों पर भी यह निर्णय लागू होगा। निजी अस्पतालों में सेवाएं देने वाले ऐसे बहुत से चिकित्सक हैं जिन्हें अब यह काम छोड़ना होगा। सरकार के इस निर्णय से जनता को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं निजी अस्पतालों की मनमानियों पर भी लगाम लग सकेगी। गौरतलब है कि, राजनांदगांव में कई शासकीय चिकित्स निजी अस्पतालों में भी सेवाएं देते हैं। कुछ अस्पतालों में ऐसे चिकित्सकों के निवेश की भी चर्चा सामने आती है।

## दिव्यांगजनों को प्रदाय किया जायेगा सहायक उपकरण

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांगजनों का जीवन को संवारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। इन दिव्यांगजनों को निराश्रित निधि से सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिसे सहायक उपकरण की आवश्यकता हो, वह अपने जनपद पंचायत में आवेदन कर सहायता प्राप्त कर सकता है। पात्र एवं निर्धारित शर्त पूर्ण करने वाले दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसिकल, कैलीपर, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, वाकर एवं अन्य उपकरण प्रदाय किया जाएगा। पहली बार सहायक उपकरण का लाभ लेने जा रहे दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार सहायता उपलब्ध कराया जाएगा।

# राज्यपाल रमेन डेका ने डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की



**राजनांदगांव।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज डोंगरगढ़ पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सुपुत्र स्वप्ननीलव डेका एवं परिजन भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राज्यपाल के साथ माँ बम्लेश्वरी की आराधना की। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुण्ड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका को कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रशिक्षण गजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, ट्रस्ट के सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पटेली में आयोजित पीएम आवास योजना ग्रामीण के आवास मेला में शामिल हुए कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com





कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सोमवार को जिले के डौंडी ब्लॉक के प्रवास के दौरान ग्राम पटेली में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को नवीन आवास निर्माण का स्वीकृति पत्र प्रदान कर उन्हें शीघ्र आवास निर्माण कर अपने नए घर में प्रवेश करने की शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पटेली कुल 85 ग्रामीणों को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति मिली है। उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान इन सभी 85 हितग्राहियों को आवास योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान आवासहीन परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के फलस्वरूप उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। त्यौहार के सीजन में ग्राम पटेली एवं आसपास के ग्रामीणों को बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना की सौगात मिलने पर ग्रामीणों की खुशियाँ दोगुनी हो गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आवास योजना की सौगात मिलने पर ग्रामीण बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। लाभान्वित हितग्राहियों ने केन्द्र व राज्य सरकार के संवेदनशील निर्णय के फ्लस्वरूप उनके आवास निर्माण के बहुप्रतीक्षित सपना साकार होने पर इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

**8,753 आवासों की स्वीकृति प्रदान-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरूप ग्राम पटेली एवं आसपास के ग्रामीणो के लिए बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि कोई भी परिवार आवास विहीन न हो। इसके लिए सभी जरूरतमंद एवं आवास विहीन परिवारों के लिए क्रमशः आवास की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने सभी लाभान्वित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए शीघ्र ही आवास निर्माण के कार्य को पूरा करने को कहा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को कुल 13 हजार 779 नवीन आवासों का लक्ष्य आबंटित किया गया है। जिसके विरूद्ध में 8 हजार 753 आवासों को स्वीकृत प्रदान की गई है। जिसमें 8 हजार 113 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि का अंतरण संबंधितो के खाते में राशि का अंतरण एफटीओ के माध्यम से किया जा चूका है।

**लाभन्वित हितग्राहियों को दी गई बधाई-**इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने हितग्राहियों को अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा करने तथा नवीन स्वीकृत आवासों को मापदण्ड के अनुरूप समय-सीमा में निर्माण करने की समझाईश दी। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने हेतु आवास प्लस की सूची पूर्व में तैयार की गई थी। इस सूची को नए मापदण्ड के अनुसार संशोधित कर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने संबंधी सर्वे कार्य हेतु ग्राम पंचायतों के सचिवों को प्रगणकों के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना के पोर्टल में पंजीकृत कर सर्वे का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पूनीत सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभान्वित हितग्राहियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में हितग्राहियों को आने वाली परेशानियों के निराकरण के लिए ग्राम पटेली में 7 अक्टूबर को उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी परिसर मुंगेली में आवास मेला 11 अक्टूबर को

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में 11 अक्टूबर को जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कार्य  म के सफल आयोजन हेतु समय-सीमा में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में वाहन पार्किंग, कारकेड, यातायात रूटचार्ट, कानून व्यवस्था, मंच निर्माण, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, साफ -सफाई एवं स्वच्छता, साउण्ड सिस्टम, हितग्राहियों को कार्य म स्थल तक पहुंचाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया है।

## जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैम्प 18 अक्टूबर को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर ऋण वितरण एवं बैंकिंग समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय मेगा  ेडिट कैंप का आयोजन शुक्रवार 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में किया जायेगा। लीड बैंक अधिकारी मोहम्मद मोफिज ने बताया कि जिला स्तरीय क्रेडिट कैम्प का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंकों द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करवाने की सुविधा ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओ का निराकरण किया जायेगा।

# अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन' के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन" के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में गत 07 अक्टूबर को शिवरीनारायण के रियान हॉटल में दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चला। इस सम्मेलन की खास विशेषता यह रही, कि, कार्यक्रम के प्रमुख अभ्यागत इलाहाबाद हाईकोर्ट के विद्वान जज माननीय डॉक्टर गौतम चौधरी पधारे हुए थे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि हाईकोर्ट बिलासपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता और सारंगढ क्षेत्र के प्रथम और पूर्व सांसद (सन् 1977) गोविंद राम मिरी थे। कार्यक्रम में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान विधायक शेषराज हरवंश तथा नगर पंचायत शिवरीनारायण की अध्यक्ष अंजनी तिवारी उपस्थित थीं। विधिक सलाहकार सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश छत्तीसगढ़ एस. आर. बंजारे तथा सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक एच. आर. मनहर भी मंच को सुशोभित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के राष्ट्रीय संरक्षक स्थानीय निवासी डॉक्टर ए. आर. बंजारे और फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत बाघ ने किया। कार्यक्रम में फेडरेशन के समस्त पदाधिकारी- चेतन समुएल उपाध्यक्ष, सुशील बंजारे सचिव, अनीश सुल्तान सहसचिव, चंद्र कुमार साहू और विनय तांडी कोषाध्यक्ष, शशांक राज मसीह व पिला दाऊ चंद्रा राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वय उपस्थित थे। एस.एल. सांडे राष्ट्रीय विधिक सलाहकार तथा पामगढ़ के अधिवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी निलकांत खटकर व रविंद्र केशरवानी शिवरीनारायण कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम हाल रियान हॉटल में श्रोता और दर्शक के रूप में 300 से अधिक फेडरेशन से जुड़े हुए सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और मंचस्थ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

# नारी सशक्तिकरण में टसर धागाकरण निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका, प्रीति अतिरिक्त आय अर्जित कर रही अपने सपने पूरे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सशक्त महिला सशक्त समाज को गढ़ता है जिससे देश के विकास होने में सहयोग होती है। नारी सशक्तिकरण में ग्रामोद्योग संचालनालय की टसर धागाकरण की योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाली पीढ़ी के द्वारा रोजगार हेतु किसी अन्य राज्य में पलायन नही करना पड़ेगा अपने ही राज्य अपने ग्रामों में रहकर स्व-रोजगार प्राप्त कर सकतें है इस उददेश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में संचालक रेशम के द्वारा धागाकरण प्रशिक्षण देकर समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। टसर धागाकरण योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य एवं मजदूरी  वनोपज से आय का एक प्रमुख साधन है जो एक निश्चित अवधि के लिए होती है। पुरूष तो काम के तलाश में बाहार जा सकते हैं किन्तु महिलाओं के लिए अपने गांव के आस-पास में रोजगार प्राप्त करने हेतु इधर-उधर भटकना पडता था ऐसे ही कुछ जरूरत मंद महिलाएं शासकीय कोसा बीज केन्द्र सिंगीबहार में चल रहे टसर धागाकरण योजनान्तर्गत संचालित टसर मशीनों को देखने आई एवं धागाकरण कार्य को देखकर स्व-प्रेरित होकर स्वयं भी इस कार्य को करने के लिए इच्छा प्रकट की तथा विभाग द्वारा इसे भी विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में जशपुर जिले के विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम केरसई निवासी कुमारी प्रीति चौहान ने बहुत ही कम उम्र में ही टसर धागाकरण प्रशिक्षण कर धागाकरण कार्य में रूचि ली और अपने सपने को साकार कर रही है। जो कि अति गरीब परिवार से आती है एवं अनुसूचित जाति वर्ग से है चूंकि प्रीति चौहान कक्षा 12 वीं तक का शिक्षा प्राप्त कर चुकी है परन्तु सरकारी नौकरी नहीं मिलने कारण धागाकरण कार्य में एकाग्र मन से कार्य कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही है। आज इनके खाते में लगभग 1 लाख 2 हजार 6 सो 35 रूपये जमा है जो कि अपने भविष्य के लिए जमा पूंजी रखी है। उन्होंने बताया कि इनके पिता मजदूरी का काम करते हैं जो कि सिर्फपरिवार का पेट ही पलता था अब इनके द्वारा माता पिता को आर्थिक सहयोग कर रहे हैं अतिरिक्त पैसे के आमदनी होने से हमारी पुश्तैनी भूमि जो कि कई वर्षो से खेती नहीं किये थे उसमें खेती कर हमारी साल भर के खाने हेतु अनाज उत्पादन कर लेते हैं। इस प्रकार से रेशम विभाग जशपुर के द्वारा कई गरीब परिवार जो आर्थिक स्थिति से कमजोर ऐसे परिवार को छत्तीसगढ़ शासन का धागाकरण योजना से जोडकर रोजगार दिया जा रहा है। कुमारी प्रीति चौहान ने बताया की शासकीय कोसा बीज केन्द्र सिंगीबहार के फील्ड-ऑफिसर से मिलकर धागाकरण के बारे में जानकारी ली तथा उन्होने मुझे धागाकरण प्रशिक्षण के बारे में बाताया और उनके द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जो कि मेरी जिन्दगी को पूरी तरह से बदल दिया। मेरे भाई-बहन का पढाई लिखाई रेशम धागाकरण से अर्जित पैसों से करवाती हैं तथा उनका हर सपना पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 26100 कोसाफ्ल का उपयोग कर लगभग-28.770 किलोग्राम धागा का उत्पादन करती हैं। जिसकी कीमत राशि 1 लाख 40 हजार 720 रूपए उनको प्राप्त हुआ। जिसमें कोसाफल का लागत राशि 57195 है जिससे उनको शुद्ध आमदनी 83525 रूपए प्राप्त हुए है। इसी प्रकार हर वर्ष आमदनी अर्जित करती है। समूह की महिलाएं पहले कॉफी गरीबी में जीवन यापन कर रही थीं, वे इस योजना से जुड़कर अब तक अपनी-अपनी जीवन स्तर में सुधार कर ली हैं इसी योजना से अतिरिक्त आय अर्जित कर अपने कृषि भूमि में खेती का कार्य कर उन्नत किस्म का धान एवं अन्य फसल का उत्पादन कर रहे हैं। कई ऐसे महिलाएं जिनके पास सायकल खरीदने को सपना देखते थे परन्तु आज इसी कार्य से दो पहिया वाहन आसानी से खरीद के चला रहे हैं, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा हेतु अच्छे स्कूलों में पढ़ाई लिखाई करवा रहें है। समूह  501 महिलाएं हितग्राही जो आज धागाकरण कार्य से स्वावलंबी हो चुके हैं एवं परिवार का भी आर्थिक स्थिति में मजबूत कर रहे हैं जिससे इनका जीवन स्तर और भी उपर की ओर जा रही है जिससे सामाज में इनकी अलग पहचान मिल रही है तथा रेशम विभाग महिला समूह को हर स्तर पर सहयोग कर रही है महिलाओं को कोकून बैंक के माध्यम से कोसा उपलब्ध कराना मशीनों द्वारा उत्पादित धागा को विपणन कराना तथा विक्रय किया गया धागा का राशि उनके खाते में उपलब्ध कराना इत्यादि इस प्रकार महिलाओं एवं गरीब परिवारों को रेशम विभाग द्वारा इनके पूर्ण विकास सकारात्मक आर्थिक विकास की ओर प्रयासरत है जिससे वे अपने क्षमता को समझ सके महिलाओं का सशक्त होना महती आवश्यकता है।

# हर घर मे बच्चो को रामायण पढ़ने का प्रेरणा मिलेः मोहननारायण शास्त्री

पायनियर संवाददाता ➤ थानखमहरिया
www.dailypioneer.com



चण्डीधाम करमू मे शारदीय नवरात्रि पर्व पर श्रीमद भागवत कथा अमृत स्वर्ण महोत्सव मे अनंत विभूषित जगत शंकराचार्य ज्योतिष पिठाधिश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के कृपाकांक्षी पं. मोहननारायण शास्त्री ने सत्तम पुष्प अर्पित करते हुए काहा कि हर घर मे बच्चो को रामायण पढ़ने कि प्रेरणा देनी चाहिए, इससे सभी बच्चों के जीवन मे पवित्रा आयेगी और देश मे प्रेम ओतप्रोत होंगे। शास्त्री ने आगे कहा कि अवश्यकता है कि हम अपनी भक्ति भजन-कीर्तन सत्संग यज्ञ योग का उपयोग राष्ट्र हित मे करे। व्यक्तिगत स्वार्थ से उपर उठकर सत्कर्मो से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते है। सनातन मान बिन्दूओ के रक्षा के लिए एकता एवं एक स्वर से पूरे देश मे भगवान राम के त्याग सेवा समर्पण रूपी आदर्श को स्थापित करने हेतु कटिबद्ध होने कि आवश्यकता है। इस अवसर पर भगवान कृष्ण कि बाल लीलाओं पर प्रकाश डालते हुए शास्त्री ने कहा कि बच्चों को विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण करते हुए सेवा संयम सदाचार सात्विकता राष्ट्र उपासना के प्रति ध्यान देना चाहिए, सिध्दपिठ चण्डी देवी दर्शन एवं कथा मे धार्मिक सज्जन उपस्थित रहे। रविन्द्र चौबे विधायक, ईश्वर साहू विधायक, भावना बोहरा विधायक, रामानुजसिंह राजपुत, नरसिंह चन्द्रकर, अशोक विन्दल, महेन्द्र सिंह विरदी, पुन्नीलाल पटेल मालगुजार, ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, राकेश जोशी, सतीश जोशी, आर पी शर्मा, डॉ. दिवाकर ताम्रकार, डॉ.गोविन्द शर्मा, डॉ. मस्तूरिया, फिरोज खान, डॉ.लुकेश अग्रवाल, डॉ.लोकेश वैष्णव, डॉ.अजय निर्मलकर, डॉ. काशी साहू, डॉ. रोहित साहू, डॉ. लव पटेल, डॉ. विजय पटेल, डॉ. विनोद पटेल, डॉ.गोपाल साहू, डॉ. पिलु पटेल, डॉ. मनीष सिहं राजपुत, डॉ.विनय सिंह परमार, डॉ. सनत पाटिल, सरिता जैन, अंजली देवी पाण्डेय, तितली विन्दल, प्रिति विन्दल, इन्द्राणी अग्रवाल, सोनिया जोशी, दुरपति साहू, हिरकनी पटेल गायत्री निषाद उपस्थित रहे।

# बेसहारों का सहारा बना सीएम कैंप कार्यालय... अंधेरी बस्तियों को किया रोशन, बधिरों को यंत्र

- मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से जनसमस्याओं का हो रहा है समाधान

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कार्यालय कैंप लगातार जन समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभा रहा है। उम्मीद के साथ यहां आवेदन देने पहुंच रहे लोग चेहरे पर एक मुस्कान लेकर जा रहे हैं। कैंप कार्यालय के द्वारा पहल करते हुए आवेदन के आधार पर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा बहुल बस्ती में महुआपानी में पहली बार बिजली पहुंचाने की स्वीकृत दिलाने के साथ ही रायगढ़ जिले की ऐतिहासिक कुर्रा गुफा में विद्युतीकरण का कार्य भी इसी कैंप कार्यालय की पहल का ही परिणाम है। इसी तरह जरूरतमंदों के मदद का कार्य भी यहां पर लगातार किया जा रहा है। जनहित के अन्य कार्यों में श्रवण दोष से पीड़ित कई जरूरतमंद व्यक्तियों को श्रवणयंत्र प्रदान किए गए हैं, जैसे कि मंदाकिनी यादव, सुमित्रा यादव, लालजीत भगत और महिन्दर भगत।

इसके साथ ही, पैरों से चलने में असमर्थ गुरुदेव, रातु राम, मानकुवर नाग, रोहित साहू, अशोक दुबे और टेबुल राम जैसे कई जरूरतमंदों को ट्राई साइकिल और ई-रिक्शा प्रदान किए गए हैं। बगीचा के मड़िया झड़िया में पीडीएस दुकान स्थापित कर वहां के लोगों को सुविधा देने, सुरेखा बाई व रामरीका बाई के राशन कार्ड बनाने सहित कई पीडीएस से संबंधित समस्याओं का निराकरण कैंप कार्यालय के पहल से किया गया है। इसी प्रकार से रामरिका बाई, अंकित राम जैसे कई जरूरतमंदों को जरूरत के समय तत्काल मेडिकल सहायता प्रदान करने की पहल कैंप कार्यालय द्वारा की गई है। बिजली से संबंधित समस्या जैसे ट्रांसफर लगाने और बिजली के संचालन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने की पहल लगातार कैंप कार्यालय द्वारा की जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना बेसहारा और जरूरतमंदों के लिए ला रहा खुशियों की सौगात

- **विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा रामनिधि का योजना ने बदली जिंदगी**
- **अपने परिवार के साथ कर रहे खुशहाल जीवन व्यतीत, बारिस में टपकती छत से मिली मुक्ति**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सार्थक प्रयासों से  बेसहारा और जरूरतमंद परिवारों का पक्का मकान बन रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने  बेसहारा और जरूरतमंद की जिंदगी में खुशियां भर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना वर्तमान समय में हितग्राहियों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आ रही है। हितग्राही हमेशा सपना देखता था कि उनका भी एक पक्का घर होता, जिसमें अपने परिवार के साथ खुशी से रहते। ऐसा उनके जीवन में बस सपना ही रह गया था। किन्तु प्रधानमंत्री आवास योजना से जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम पंचायत मूढ़ी में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा हितग्राही रामनिधि का आवास वर्ष 2023-24 में जनमन के तहत स्वीकृत हुआ। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा रामनिधि ने बताया कि जनमन में उन्हें आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की सहायता राशि मिला और मनरेगा योजना के तहत 12 हजार रूपए का शौचालय बनवाया गया। साथ ही उन्हें मनरेगा से 95 दिवस की राशि भी मिली। हितग्राही द्वारा बताया गया कि पहले बरसात में बहुत परेशान होना पड़ता था। बरसात के समय छत से पानी टपकता था। पन्नी बांध कर घर पर रहना पड़ता था। घर कच्चा होने के कारण सांप-बिच्छू घर में घुस जाते थे। हर साल घर की मरम्मत भी करनी पड़ती थी जिस राशि बहुत खर्च होता था। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण घर बनाने की कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही थी। अब पक्का आवास बनने के बाद बारिश में टपकती छत से आजादी मिल गई है। हितग्राही अपने परिवारों के साथ निवासरत हैं, इन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। उनके कारण इन्हें पक्का आवास मिल गया और कन्वर्जेंस के तहत शौचालय, मनरेगा की मजदूरी, उज्जवला गैस, शासकीय राशन, पेंशन और भी बहुत सारी शासकीय सुविधाओं का लाभ लाभ मिल रहा है और अपने परिवारों के साथ खुशहाली जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## कलेक्टर ने नियमानुसार निराकरण के दिए निर्देश

# जनदर्शन: अतिक्रमण हटाने, जर्जर स्कूल की मरम्मत एवं पेंशन की राशि दिलाने प्राप्त हुए आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं एवं मांगों को बारी-बारी से सुना। जनदर्शन में शासकीय हाईस्कूल पदमपुर से सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 02 गोकुल प्रसाद वर्मा ने पेंशन एवं जमा राशि तथा पिछला ड्यूटी का वेतन दिलाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कराने तथा नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम रौनाकापा के ग्रामीणों ने ग्राम के जर्जर स्कूल की मरम्मत कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। मुंगेली के विनोद यादव ने विभिन्न सार्वजनिक जगहों से अतिक्रमण हटाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में कुल 181 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें नगर पंचायत पथरिया के सूरज निषाद ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, लोरमी विकासखण्ड के ग्राम करनकापा के ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराने, ग्राम भटगांव के अमरिका ने पैतृक जमीन का बंटवारा कराने, ग्राम कुधुरताल के सतीश कुमार नवरंग ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सम्बलपुर की चंद्रिका बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जरहागांव की संतोषी कश्यप ने शौचालय निर्माण कराने, ग्राम लिलवाकापा के श्याम सुंदर ने मुख्य सड़क में पानी निकासी की उचित व्यवस्था कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर गिरधारी लाल यादव एवं गिरीश रामटेके, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के तहत प्रदान किया 12 लाख रूपए का चेक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में राजस्व विभाग के आरबीसी 6-4 के तहत तीन प्रकरणों में पीड़ित परिजनों को 04-04 लाख रूपए की दर से कुल 12 लाख रूपए का चेक प्रदान किया और घटना के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ग्राम लाखासार के नवल सिंह ने बताया कि उनके दो पुत्रों की पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं ग्राम मोहतरा तेली के गौतम कुमार ने बताया कि उनके पुत्र गीताराम जायसवाल की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हो गई थी। कलेक्टर ने इस घटना पर संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि, ओला, असमयवृष्टि (बेमौसम वर्षा), पाला, शीतलहर, कीट-इल्ली, टिड्डी आदि, बाढ़, आंधी, तूफान, भूकंप, सूखा एवं अग्नि दुर्घटनाओं से हुई क्षति के मामलों में प्रभावितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधानों के तहत त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने ऐसी घटना की स्थिति में शासन-प्रशासन तक जानकारी पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा पर जताया विश्वास : किरण देव



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर राजधानी में भाजपा नेताओं ने जबर्दस्त जश्न मनाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य और जयघोष करके विजय जुलूस निकाला। भाजपा नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन को भाजपा के प्रति बढ़ते जन विश्वास का परिचायक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने हरियाणा के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता-जनार्दन ने भाजपा के प्रति अपना अगाध विश्वास व्यक्त किया है। एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जेक्ट पोल ने आईना दिखा दिया है। इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के नित-नए आयाम गढ़ रहा है, विश्व-पटल पर अपनी प्रखर भूमिका का निर्वहन करते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हरियाणा के ये चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। देव ने कहा कि कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर जिस विभाजनकारी टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है, हरियाणा ने भी उसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत को गांव-गरीब-किसान-मजदूर और युवाओं की जीत निरूपित करते हुए देव ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह ही हरियाणा की जनता ने भी आज कांग्रेस रूपी अभिशाप से मुक्त रखकर विकास का मार्ग चुन लिया है।

### हरियाणा की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हरियाणा की जनता के हम आभारी हैं कि उसने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास किया, जिसकी वजह से हरियाणा में कुशासन, अन्याय, अत्याचार, आतंक और भ्रष्टाचार के कांग्रेसी मंसूबे धराशायी हुए हैं। अब हरियामा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी कर वहाँ सुशासन स्थापित करने की रफ्तार और तेज होगी। हरियाणा विकास की तेज गति से आगे बढ़ेगा। साव ने कहा कि जनता द्वारा दिए गए आशीर्वाद को नमन करते हुए भाजपा वचनबद्ध है कि हम जन आकांक्षा और अपेक्षा की कसौटी पर खरे उतरेंगे। साव ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के साजिशाना मंसूबों का अंधेरा छँटा है, सुशासन का सूरज निकला है और विकासपूर्ण उज्जवल भविष्य का कमल खिला है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पूरे हरियाणा और देश की जनाकांक्षाओं की जीत है। हरियाणा की जनता ने इस बार सर्वे में नहीं, बल्कि मतदान में कांग्रेस के प्रति एक बार फिर अपना आक्रोश दिखाया है। हरियाणा की जनता ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि जनता की सेवा की करने की भावना किसी पार्टी में है तो वह भारतीय जनता पार्टी में है। इस बार फिर जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास दर्शाकर ये बता दिया है कि जनता को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और उनके सुशासन पर विश्वास है।


### हरियाणा के हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी अविश्वास है : विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरियाणा के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा समेत देश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी अविश्वास है, जिसका असर चुनाव परिणाम में दिखा है। हरियाणा के हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम करेगी और हरियाणा को विकास के शिखर पहुँचाएगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा जनादेश को पूरी विनम्रता से स्वीकार कर अब हरियाणा में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ विकास के नित-नए अध्याय लिखेगी और अपने वादों को पूरा कर जन अपेक्षाओं की कसौटी पर खरी उतरेगी। शर्मा ने कहा कि इस लगातार तीसरी जीत के साथ हरियाणा में जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार हरियाणा के सर्वतोमुखी विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके हरियाणा को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त प्रदेश बनाने का काम करेगी। भाजपा की जीत के लिए प्रदेश की जन-शक्ति का आभार मानते हुए शर्मा ने कहा कि संविधान और आरक्षण के नाम झूठ फैलाने वाले राहुल गांधी की राजनीतिक यात्राओं को हरियाणा की जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

# लाइब्रेरी, बीपीओ व इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं के बीच पहुंचे डिप्टी सीएम साव

## तक्षशिला लाइब्रेरी में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी का लिया स्वाद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने रायपुर में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों का निरीक्षण किया। वे रायपुर के घड़ी चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ, मोतीबाग के पास तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन और जयस्तंभ चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्युबेशन सेंटर 'आरंभ' में युवाओं के बीच पहुंचे और उनकी पढ़ाई-लिखाई, प्रशिक्षण एवं कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ट्रैफिक नियंत्रण और सर्विलेंस के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमॉन्ड सेंटर तथा भाठागांव बस स्टैंड में विकसित किए जा रहे को-वर्किंग प्लेस का भी निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री साव ने घड़ी चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ के भ्रमण के दौरान यहां काम कर रहे तथा प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की और उनके कार्यों के बारे में जाना। उन्होंने युवाओं से चर्चा कर बीपीओ में उनके कार्यानुभव और करियर के बारे में पूछा। उन्होंने यहां हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित कोचिंग-क्लास का भी अवलोकन किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की मौजूदगी में दस युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। उप मुख्यमंत्री ने तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन और लाइब्रेरी का भ्रमण कर यहां विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने यहां पढ़ने आए बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई, परीक्षाओं की तैयारी और लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने लाइब्रेरी में संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन की व्यवस्था देखी।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह सरगना समेत 2 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पुलिस ने सोना, चांदी और नगदी चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना किरन बबन पाटिल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह रायपुर के विभिन्न कॉलोनियों में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। गिरोह से 15 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति भी बरामद की गई है। रायपुर जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष सिंह ने पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का जिम्मा सौंपा गया। इसी क्रम में 28 सितंबर को हनुमान प्रसाद दुबे नामक व्यक्ति ने थाना सिविल लाईन में शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर और उनके पड़ोसी के घर से नगदी और कीमती आभूषण चोरी हो गए हैं। हनुमान प्रसाद के अनुसार, वह 28 सितंबर को अपने काम के लिए घर से बाहर गए थे। जब वह शाम को लौटे, तो उन्हें पता चला कि उनके घर के दरवाजे का कुंदा तोड़कर अज्ञात चोरों ने लोहे की आलमारी से 1,82,000 रुपये नकद चोरी कर लिए थे। साथ ही, चोरों ने उनके पड़ोसी सुरेश बिजलानी के घर का भी ताला तोड़कर करीब 3,50,000 रुपये के सोने, चांदी और डायमंड के जेवरात चुरा लिए थे। इन घटनाओं के आधार पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 517/24 धारा 305, 331(3), 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना सिविल लाईन और एसीसीयू (एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट) की संयुक्त टीम ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। फुटेज के आधार पर चोरों द्वारा इस्तेमाल की गई स्कूटी की पहचान की गई, जिसे ग्राम छाती, जिला धमतरी में अंतिम बार देखा गया। पुलिस ने तत्काल वहां पर दबिश दी और मुख्य आरोपी किरन बबन पाटिल तथा उसके साथी संदीप लक्ष्मण भोसले को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली।

# राज्यपाल डेका ने डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को डोंगरगढ़ पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के परिजन भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुण्ड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल डेका को कलेक्टर अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फुण्डहर चौक व्हीआईपी मार्ग में कराये जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण की प्रगति देखी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फुण्डहर चौक व्हीआईपी मार्ग में चल रहे मार्ग सौंदर्यीकरण और मार्ग में चौक के किनारे लैंड स्केपिंग के कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा की उपस्थिति में लिया। आयुक्त ने मार्ग सौंदर्यीकरण के कार्यों को सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्रता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहाँ मार्ग विभाजक के मध्य पौधरोपण कर उसे फूलों से सजाकर सुन्दरता निखारने का कार्य सीएसआर मद से उद्योग समूह हीरा ग्रुप के सहयोग से करवाया जा रहा है। आयुक्त ने निजी खाली भूखंडों में कचरा और गन्दगी फैलाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की है और निजी खाली भूखंडों में कचरा और गन्दगी फैलाने वालों पर कार्यवाही कर जुर्माना लगाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403